निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार, 25 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 129 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## चतुर्थ नवदुर्गा : माता कुष्मांडा

**वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखरम।**
**सिंहारूढा चंद्रघंटा यशस्वनीम।।**



नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरोपित गिरफ्तार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के वासेपुर में एक युवक ने दोस्त से हुए विवाद का बदला उसकी जान लेकर लिया। पुलिस ने 22 वर्षीय सोनू यादव की हत्या के आरोप में उसके दोस्त तुलसी विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने पूछताछ में बताया कि एक सप्ताह पहले सोनू ने उसे गाली-गलौज कर अपमानित किया था। इसी रंजिश में उसने सोनू की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को मटकुरिया आंगनबाड़ी केंद्र की सूखी टंकी में फेंक दिया।

### ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के खानुडीह रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक महिला की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतका की पहचान पारसनाथ निवासी रिंकी पाठक के रूप में हुई है। उनके पति सुनील पाठक धनबाद स्थित बीसीसीएल कोयला भवन में कार्यरत हैं।

### बाइक सवार को ट्रक ने कुचला, मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** कोडरमा-कोवार मुख्य मार्ग पर बाघमारा चौक के पास जयनगर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय बकरी पालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भुआलडीह निवासी सरयू यादव के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब सरयू यादव पीपचो की ओर से अपने घर भुआलडीह जा रहे थे। मरकच्चो से कोडरमा की ओर जा रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

### अब डालटनगंज में भी चलेगी ऐप आधारित कैब सर्विस

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** अब रांची, पटना और दिल्ली जैसे बड़े शहरों की तरह डालटनगंज पलामू की सड़कों पर भी बहुत जल्द ओला, उबर और रेपीडो की तरह ऐप आधारित जुगनू कैब सर्विस शुरू होने जा रही है। इस सर्विस की फ्रेंचाइजी लेने वाले रमाकांत पांडेय ने बताया कि अगले एक महीने के भीतर शहर में मोटरसाइकिल, ऑटो, टोटो और कारें जुगनू ऐप से दौड़ने लगेंगी। उन्होंने कहा कि आम जनता को अब रात या दिन कहीं जाने में परेशानी नहीं होगी। मोबाइल पर बुकिंग करते ही यात्रियों को उनकी मंजिल तक आसानी से पहुंचाया जाएगा।

### 71 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**रायपुर(नबिटा ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। नक्सली संगठन के कई बड़े नेता समेत 71 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले 30 नक्सलियों पर 64 लाख का इनाम था। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में बामन मड़काम, मनकी उर्फ समीला मण्डावी, शमिला उर्फ सोमली कवासी, गंगी उर्फ रोहनी बारसे, संतोष मण्डावी, हिड़मे कारम, विष्णु जोगा मड़काम, हाथी राम उर्फ राजेश वेको आदि शामिल है।

# मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी समेत तीन नक्सली ढ़ेर, हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुमला में जेजेएमपी के तीन उग्रवादी एनकाउंटर में मारे गए हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मारे गए नक्सलियों में पांच लाख का इनामी छोटू भी शामिल हैं। घटनास्थल से तीन हथियार भी बरामद किए गए हैं। गुमला एसपी हारिश बिन जमां ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि गुमला के बिशनपुर थाना क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई है जिसमें तीनों उग्रवादी मारे गए हैं। गुमला एसपी हारिश बिन जमां और उनकी टीम उग्रवादियों के लिए काल बनी हुई है। साल 2025 में आधा दर्जन से अधिक नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराने वाली गुमला एसपी की टीम ने झारखंड जगुआर के साथ मिलकर एक बार फिर से एनकाउंटर में तीन उग्रवादियों को मार गिराया है। गुमला जिले के बिशनपुर थाना क्षेत्र के केचकी के रोगरीटोली में हुए एनकाउंटर में जेजेएमपी के तीन उग्रवादी मारे गए हैं। मारे गये नक्सलियों में लोहरदगा निवासी लालू लोहरा सब जोनल कमांडर था। उसके पास एके 47 बरामद हुआ है। इस पर पांच लाख का इनाम भी रखा गया था। वहीं छोटू उरांव लातेहार का रहने वाला है। इसके ऊपर भी पांच लाख का इनाम था और वह भी सब जोनल कमांडर था। इसके अलावा सुजीत उरांव कैडर था जो लोहरदगा का रहने वाला था। दरअसल पुलिस अधिकारियों को यह सूचना मिली थी कि लोहरदगा-गुमला बॉर्डर पर जेजेएमपी उग्रवादियों का एक दस्ता जमा हुआ है। दस्ते में छह से सात उग्रवादी है। इसकी भी सटीक सूचना थी। सूचना कन्फर्म होते ही झारखंड जगुआर, गुमला पुलिस और लोहरदगा पुलिस उग्रवादियों की खोज में लग गई। इसी बीच उग्रवादी गुमला जिले में प्रवेश कर गए। सूचना मिली कि सभी बिशनपुर थाना क्षेत्र के केचकी के रोगरीटोली में डेरा डाले हुए हैं। जानकारी पुख्ता होने के बाद झारखंड जगुआर की टीम के साथ गुमला पुलिस की नक्सल अभियान में दक्ष टीम ने मोर्चा संभाला। इसी बीच गांव में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के मूवमेंट को देख लिया और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। उग्रवादियों के फायरिंग का जवाब सुरक्षा बलों ने भी जबरदस्त तरीके से दिया। सुरक्षा बलों के जवाबी कार्रवाई से उग्रवादियों में खलबली मच गई। कुछ उग्रवादी गोली लगने के बावजूद जंगल में फरार होने में कामयाब हो गए। वहीं सर्च अभियान के दौरान तीन उग्रवादी के शव बरामद किए गए।



# रेल कर्मचारियों को मिलेगा 78 दिनों का दिवाली बोनस : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी है। इससे 10.90 लाख कर्मचारियों को दिवाली से पहले उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए लाभ मिलेगा। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस पर करीब 2192 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह बोनस उनके 78 दिनों के वेतन के बराबर है। हर साल दुर्गा पूजा/दशहरा की छुट्टियों से पहले पात्र रेल कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान किया जाता है। पिछले साल मोदी सरकार ने रेल कर्मचारियों के लिए 2,029 करोड़ रुपये के बोनस को मंज़ूरी दी थी। इससे 11,72,240 कर्मचारियों को लाभ हुआ था। एक पात्र रेल कर्मचारी को 78 दिनों के लिए अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है। यह राशि कई प्रकार के रेल कर्मचारियों को दी जाएगी। इनमें ट्रैक मेंटेनर, लोकोमोटिव पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने कहा कि वर्ष 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 मिलियन टन माल ढुलाई की और लगभग 7.3 बिलियन यात्रियों को ढोया। श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने नेशनल शिप बिल्डिंग मिशन को भी मंजूरी दी है।

# खिलौने की दुकान में लगी भीषण आग पांच लाख से ज्यादा का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत झुमरी तिलैया मुख्य बाजार स्थित एक खिलौने की दुकान में भीषण आग लग गई। इस दौरान दुकान में रखा लाखों के सामान जलकर खाक हो गए। घटना की जानकारी देते हुए दुकानदार दिलीप कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 10 बजे वे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे तभी उन्हें रात के करीब एक बजे फोन पर सूचना दी गई कि उनकी दुकान में आग लग गई है जिसके बाद वे आनन फानन में दुकान पर पहुंचे। दुकान पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनकी दुकान में भयानक आग लगी हुई है। इधर आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। दुकानदार ने बताया कि जब उन्होंने अपने मोबाइल फोन पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पाया कि उसमें रात 12:06 मिनट की रिकॉर्डिंग थी, उसके बाद की फुटेज गायब है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आग की घटना रात के 12 बजकर 6 मिनट के बाद हुई है जबकि स्थानीय लोगों का अनुमान है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लगी हुई होगी। दुकानदार को संदेह है कि किसी ने जलन की भावना से दुकान में आग लगाई है जिसकी वह निष्पक्ष जांच चाहते हैं। दुकानदार दिलीप कुमार ने बताया कि उन्होंने दो दिन पहले ही दुकान में करीब पांच लाख रुपए के खिलौने खरीदे थे।

# हेमंत कैबिनेट की बैठक में 27 प्रस्तावों को मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 27 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में शिक्षा, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, जल आपूर्ति और आवासीय विद्यालय जैसे कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में रांची में नया पॉलिटेक्निक कॉलेज बनाने की मंजूरी दी गई। 97 करोड़ की लागत से यह कॉलेज बनेगा। साथ ही कस्तूरबा गांधी विद्यालय के कर्मियों के भत्ते में वृद्धि को भी मंजूरी दी गई। एजेंसियों के संचालन नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई। आज हुई कैबिनेट बैठक के फैसले के अनुसार, वन स्टॉप योजना के तहत चार नए सेंटर खुलेंगे। राज्य के पांच जिलों में एनडीपीएस थाने खुलेंगे। नेतरहाट की तर्ज पर बोकारो में आवासीय स्कूल खुलेगा। नए विद्यालय के लिए 116 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। साहिबगंज जलापूर्ति योजना के लिए 68 करोड़ स्वीकृत हुए। वित्त आयोग के प्रतिवेदन पर कैबिनेट की स्वीकृति मिली। कैबिनेट फैसल के अनुसार, सहायक पुलिसकर्मियों को 1 साल का सेवा विस्तार किया गया है। सारंडा को वाइल्ड लाइफ सेंचुरी घोषित किया गया। मत्री राधा कृष्ण किशोर समेत 5 मत्रिंयों की टीम बनी। यह टीम सामाजिक, भौगोलिक, आर्थिक पहलुओं का अध्ययन करेगी। अध्ययन कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगी। वहीं जमशेदपुर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मई 2025 में हुए हादसे के मृतकों और घायल को मुआवजा देने के प्रस्ताव पर हेमंत सोरेन कैबिनेट की मुहर लग गयी है। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले 4 लोगों के निकट परिजनों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा दिया जायेगा। घायल को 50 हजार रुपए मिलेंगे।



## सरकारी कर्मचारियों को पांच दिन पहले आएगी सितंबर की सैलरी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के सरकारी कर्मचारियों को राज्य सरकार ने त्योहारों से पहले बड़ा तोहफा दिया है। सरकार दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों को 5 दिन पहले ही वेतन देने वाली है। इस बारे में आईपीआरडी ने एक्स पर पोस्ट करके जानकारी दी। आईपीआरडी ने लिखा कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि झारखण्ड सरकार, राज्यपाल सचिवालय, झारखण्ड उच्च न्यायालय तथा विधान सभा सचिवालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को माह सितम्बर के मासिक वेतन का भुगतान 25 सितंबर 2025 से किया जाए। राज्य सरकार के इस फैसले के साथ सरकारी कर्मचारियों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है।

# बॉलीवुड गायिका शिल्पा राव से मिले सीएम हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की बेटी और बॉलीवुड गायिका शिल्पा राव से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्वगायिका के सम्मान के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की बेटियों ने कई बार राष्ट्रीय मंच पर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि शिल्पा राव की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है बल्कि यह पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इस पुरस्कार से झारखंड की युवा पीढ़ियों को अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने शिल्पा राव से कहा कि उन्हें मिला यह सम्मान राज्य का भी सम्मान है और यह उन्हें और राज्य के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं।



मुलाकात का सबसे खास और यादगार पल तब आया जब शिल्पा राव ने कल्पना सोरेन के साथ मिलकर गाना गुनगुनाया। इस दौरान कल्पना सोरेन ने ताल से ताल मिलाकर गीत में भाग लिया जिससे कार्यालय का माहौल संगीत और उमंग से भर गया। उपस्थित लोगों ने इस आत्मीय और खुशनुमा पल का खूब आनंद लिया और इसका वीडियो और फोटो लेकर इस यादगार मौके को कैद किया। शिल्पा राव ने इस अवसर पर अपने गायिकी जीवन की शुरुआत, चुनौतियां और बॉलीवुड में नेशनल अवॉर्ड तक की यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार उन्हें और भी मेहनत करने और झारखंड का नाम देश-विदेश में ऊंचा करने के लिए प्रेरित करेगा। इस मुलाकात ने न केवल राज्य के लिए गर्व का पल प्रस्तुत किया, बल्कि संगीत और कला के इस अनोखे संगम ने इसे और भी यादगार बना दिया। उपस्थित लोगों ने शिल्पा राव और कल्पना सोरेन के इस संगम को बेहद सराहा और इसे झारखंड की सांस्कृतिक उपलब्धियों का प्रतीक बताया।

# ओवरटेक करते समय ट्रक से टकराई बाइक, दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ट्रक और बाइक जब्त**

**गुमला।** जिले में बुधवार दोपहर को रांची-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। घटना में दो युवकों की मौत हो गई। कामडरा थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर बस्ती के पास यह हादसा हुआ। जरिया निवासी जतरू स्वांसी और जमटोली निवासी बिशु लोहरा एक ही बाइक पर सवार होकर कामडरा बस्ती जा रहे थे। दोनों सामान खरीदने निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक तेज गति से चल रही थी और दोनों युवक बिना हेलमेट के थे। एक बस को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। बिशु लोहरा ट्रक के टायर के नीचे आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जतरू स्वांसी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल जतरू को पहले कामडरा सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां से उसे रिम्स भेजा गया। वहां इलाज के क्रम में उसकी भी मौत हो गई। कामडरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक और बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की कार्रवाई कर रही है।

# एनसीबी ने ड्रग माफिया की 48.6 लाख रुपये कराया फ्रीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) रांची जोनल यूनिट ने ड्रग माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 48.6 लाख रुपये की संपत्ति को फ्रीज करवाया। अब इसे एसएएफइएमए की कम्पिटेंट अथॉरिटी ने भी कन्फ़र्म किया है। मिली जानकारी के अनुसार 8 अगस्त 2024 को एनसीबी रांची को गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद मंडार स्थित हेसमी टोल प्लाजा पर एक वाहन को रोका गया, जिसमें 4,317 किलो से अधिक पोपी स्ट्रॉ (अफीम का भूसा) बरामद हुआ। यह माल झारखंड के खूंटी से लाया गया था और राजस्थान सप्लाई किया जाना था। इस मामले में कुल छह आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें मास्टरमाइंड मोहम्मद इमरान आलम भी शामिल हैं। एनसीबी का कहना है कि अब एजेंसी केवल ड्रग्स जब्त करने और तस्करों को पकड़ने तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि उनकी अवैध कमाई और संपत्ति पर भी कार्रवाई करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अधिकारी बनेंगी श्रेया तिर्की

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से ली गई सिविल सेवा परीक्षा में पास होने के बाद भी नौकरी से वंचित रह गई आदिवासी उम्मीदवार श्रेया कुमारी तिर्की को अब नौकरी मिल जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर झारखंड लोकसेवा आयोग का आदेश दिया है। दरअसल आदिवासी उम्मीदवार श्रेया कुमारी तिर्की पीटी, मेंस की परीक्षा पास चुकी थी। साक्षात्कार में भी वह शामिल हुई, लेकिन मेडिकल जांच की तारीख में कंफ्यूजन होने की वजह से उसमें शामिल नहीं हो सकी। इस वजह से आयोग ने उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी थी।

# लूट की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार

**नवीन सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** कटकमदाग थाना क्षेत्र में पुलिस ने लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियार और नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी पिस्टल, तीन मैगजीन, 10 जिंदा कारतूस, एक अपाचे बाइक, दो मोबाइल फोन और 35 हजार रुपये नगद बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर की रात गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ हथियारबंद अपराधी कटकमदाग क्षेत्र में लूट की वारदात करने वाले हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एएसपी (मु.) के नेतृत्व में थाना प्रभारी व सशस्त्र बल ने महुडर विष्णुपुरी रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। एक अन्य युवक को भी गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मनीष राणा उर्फ मनीष कुमार (कटकमदाग), दीपक कुमार उर्फ दीपक गुप्ता (बेलर गड़ा, कटकमसांडी) और अमन कुमार उर्फ पवन सिंह (सुकरीगढ़ा, रामगढ़) के रूप में हुई है। फरार आरोपी का नाम अभिनाश कुमार (बनादाग, हजारीबाग) बताया गया है। पूछताछ में अपराधियों ने खीरगांव पेट्रोल पंप लूट की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। बरामद सामान में मनीष और अमन कुमार के पास से दो देशी पिस्टल और कारतूस, दीपक गुप्ता के पास से 9 एमएम के तीन कारतूस, अपाचे बाइक, एप्पल व ओप्पो मोबाइल फोन और 35 हजार रुपये नकद मिले। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि अपराधियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। अमन कुमार राजरप्पा थाना कांड संख्या 06/25 में नामजद है, जबकि दीपक गुप्ता बरही थाना कांड संख्या 94/24 में हत्या और अन्य गंभीर धाराओं का अभियुक्त है। छापेमारी दल में पुअनि शाहिद रजा, थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय, पंकज कुमार, निशांत केरकेट्टा, पुअनि विक्की ठाकुर, पुअनि चित्तरंजन कुमार, पुअनि विट्टी रजक समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।




# साइबर अपराधियों का बड़ा नेटवर्क पकड़ाया, 10 लाख कैश बरामद

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** जामताड़ा पुलिस ने एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर करमाटांड़ थाना क्षेत्र में कार्रवाई की। पुलिस निरीक्षक चन्द्रमणि भारती के नेतृत्व में सामुकपोखर और जियाजारी में छापेमारी की गई। पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनमें सामुकपोखर निवासी रितेश कुमार मंडल (24) और मटटीड निवासी पवन मंडल (26) शामिल हैं। दोनों से 9.91 लाख रुपए नगद, 5 मोबाइल, 6 सिम कार्ड, 6 एटीएम कार्ड, 3 चेकबुक, एक आधार कार्ड और 2 लैपटॉप बरामद किए गए। अपराधी बिजली बिल और आरटीओ ई-चालान के नाम पर फर्जी एपीके फाइल व्हाट्सएप पर भेजते थे। इससे लोगों की बैंकिंग जानकारी चुराकर ई-वॉलेट के जरिए ठगी करते थे। दोनों पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्र प्रदेश और असम में सक्रिय थे। रितेश साइबर थाना कांड संख्या 52/22 में और पवन कांड संख्या 33/22 में पहले भी आरोपित हैं। दोनों के खिलाफ साइबर थाना कांड संख्या 63/25 दर्ज कर बीएनएस 2023, आईटी एक्ट और टेलीकम्यूनिकेशंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

CMYK

# हजारीबाग-बरही हाइवे पर रोज 2 करोड़ का सरिया घोटाला
# पुलिस की नाक के नीचे फल-फूल रहा माफिया का साम्राज्य

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग/बरही।** हजारीबाग-बरही हाइवे इन दिनों लोहा माफियाओं का गढ़ बन चुका है। हाईवे से गुजरने वाले ट्रेलरों से रोजाना करोड़ों रुपये का सरिया चोरी कर बेखौफ बेचा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक करीब 250 ट्रेलर रोजाना इन ठिकानों पर रुकते हैं और प्रति ट्रेलर ढाई क्विंटल सरिया चोरी किया जाता है। यानी हर दिन लगभग 500 क्विंटल सरिया गायब हो रहा है, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपये बैठती है। बताया जाता है कि ऐसे 10 ठिकानों पर रोज 2 करोड़ रुपये का हेरा-फेरी का खेल खेला जा रहा है।

**थाने से लेकर लाइन होटलों तक फैला नेटवर्क**

यह नेटवर्क पदमा थाना से महज 500 गज की दूरी तक फैला हुआ है। बीएड कॉलेज, दाऊजी नगर से अलीनगर के बीच बने गोदामों और लाइन होटलों के पीछे खुलेआम सरिया उतारा और बेचा जा रहा है। टाटा टिस्कोन, जिंदल पैंथर, कामधेनु टीएमटी, सेल, श्याम, वीजा, ईसार, एसआरएमबी सहित हर बड़ी कंपनी का सरिया यहां आसानी से उपलब्ध है। खरीदारों को नकली बिल भी बना कर दिया जाता है।

**गिरोह का गठजोड़ और मजदूरों की शिफ्ट**

इस धंधे में पदमा, मयूरहंड (चतरा), बरही और बिहार के कई बड़े माफियाओं के नाम जुड़े बताए जा रहे हैं। हर ठिकाने पर मजदूरों की तीन-तीन शिफ्ट काम करती है, जिन्हें प्रति क्विंटल 40 रुपये दिए जाते हैं। ट्रेलर ड्राइवरों को गिरोह की तरफ से 10,000 तक दिए जाते हैं ताकि वे सरिया उतारने में सहयोग करें।

**जनता का सवाल, पुलिस की चुप्पी**

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह कारोबार थाना के ठीक सामने बेखौफ जारी है, लेकिन पुलिस कार्रवाई से बच रही है। जनता सवाल उठा रही है कि जब थाने के सामने ही रोजाना 2 करोड़ की अवैध कमाई हो रही है, तो आम लोगों की सुरक्षा और ईमानदारी की उम्मीद किससे की जाए?

**थाना प्रभारी का बयान**

इस मामले पर पदमा थाना प्रभारी संचित दूबे ने कहा कि वर्तमान में सरिया चोरी की कोई घटना सामने नहीं आई है। यदि किसी प्रकार की ठोस सूचना और साक्ष्य मिलते हैं तो दोषियों को जेल भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 15 दिन पहले एक पुराने केस में दाऊजी नगर क्षेत्र से जुड़े दो आरोपियों को जेल भेजा गया है।

यह मामला सिर्फ सरिया चोरी का नहीं, बल्कि प्रशासन और माफियाओं की मिलीभगत की बड़ी तस्वीर भी सामने लाता है।

# क्षमता से अधिक वजन ढो रहे छह वाहन जब्त

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेंगाबाद मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन कर क्षमता से अधिक वजन ढो रहे छह वाहनों को मंगलवार की देर रात जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने स्थानीय थाना प्रभारी के सहयोग से जब्त कर लिया।

■ जिला परिवहन पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी की संयुक्त कार्रवाई

जब्त किए गए सभी वाहन वर्तमान में बेंगाबाद थाना परिसर में पुलिस निगरानी में रखे गए हैं जानकारी के अनुसार, बेंगाबाद-मधुपुर मार्ग, बेंगाबाद-गिरिडीह एनएच पथ तथा बेंगाबाद-चतरो मुख्य पथ पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान कई वाहनों में जरूरी कागजात उपलब्ध नहीं पाए गए। वहीं, लोहे की छड़ से लदे कुछ वाहनों में छड़ बाहर निकली हुई थी, जो दुर्घटना की आशंका को और बढ़ा रही थी। अधिकारियों ने इसे मोटर वाहन अधिनियम की गंभीर अवहेलना मानते हुए वाहनों को जब्त कर लिया परिवहन विभाग का कहना है कि क्षमता से अधिक भार लादे जाने से न सिर्फ सड़कों की हालत बिगड़ती है, बल्कि राहगीरों और अन्य वाहनों के लिए भी खतरा बढ़ जाता है। इसके बावजूद ग्रामीण सड़कों पर भारी वाहनों का बेखौफ परिचालन लगातार जारी है, जबकि इस पर प्रतिबंध स्पष्ट रूप से लागू है स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग से नियमित रूप से ऐसे वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके।

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान पलामू जिले के 265 पंचायत में चलाया जाएगा : बिट्टू पाठक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ. बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया , जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मतदाताओं ने भाग लिया एवं लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत पलामू जिला के 265 पंचायत में चलाया जाएगा। देश की नरेंद्र मोदी सरकार ने वोट चोरी कर सत्ता पर कब्जा किया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार इस सच्चाई को सामने ला रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के द्वारा जवाबदेही से बचने और जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। जनता अब सब समझ चुकी है और इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों को उजागर करना, वोट चोरी पर सरकार को जवाबदेह बनाना, जनता को जागरूक करना और संविधान व लोकतंत्र की रक्षा करना है।बिट्टू पाठक ने कहा कि जनता का वोट जनता का अधिकार है। इसे हड़पकर कोई भी सत्ता लंबे समय तक कायम नहीं रह सकती। पलामू की धरती से वोट चोर गद्दी छोड़ का संदेश गूँज रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर इस अभियान को मजबूती प्रदान की और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया।हस्ताक्षर अभियान में लगभग 475 लोगों ने हस्ताक्षर कियामौके पर शमीम अहमद राईन ईश्वरी प्रसाद सिंह सुरेश पाठक गिरजा राम राजेंद्र अग्रवाल इंदु भगत ऊषा देवी सच्चिदानंद मिश्रा सानू खान नाफिज खान देवगन शुक्ला प्रमोद यादव, उमेश यादव अशोक तिवारी, शैलेश चंद्रवंशी मोहम्मद आलम अनिल सिंह अशोक पासवान मुस्ताक खुर्शीद आलम खुर्शीद खान सौरव पांडे अमिताभ शर्मा जितेंद्र कमलापुरी अजय साहू अखिलेश चौधरी रामानंद पांडे परवेज आलम अजय सिंह सुरेंद्र सिंहरणजीत सिंह तुलसी पासवान शहजाद अली काफी संख्या महिलाएं युवा लोग उपस्थित हुए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, की अध्यक्षता में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के निमित्त बैठक

# केन्द्रों के पुनर्गठन हेतु मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रामनिवास यादव की अध्यक्षता में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के निमित्त मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में 1200 से अधिक' मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन से संबंधित विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उक्त संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई तथा निर्वाचन आयोग के निदेर्शों से अवगत कराया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 2393 है, जिसमें 28 धनवार विधानसभा अंतर्गत 424 मतदान केंद्र, 29 बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 454 मतदान केंद्र, 30 जमुआ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 400 मतदान केंद्र, 31 गांडेय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 375 मतदान केंद्र, 32 गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 367 मतदान केंद्र, 33 डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 373 मतदान केंद्र है। किंतु 191 नए संभावित मतदान केंद्रों का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजा जा रहा है। उक्त प्रस्ताव के उपरांत कुल 2584 मतदान केंद्र हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि नए मतदान केंद्रों का निर्माण का प्रस्ताव 1200 से अधिक मतदाताओं का होना, मतदान केंद्र की दूरी दो किलोमीटर से अधिक होने के कारण भेजा जा रहा है। इसके अलावा 62 मतदान केंद्र में 1200 से वोटर कम करने के लिए निकटतम मतदान केंद्र में अनुभाग को शिफ्ट किया जा रहा है। 10 मतदान केंद्र में कम मतदाता होने के कारण निकटतम मतदान केंद्र में मर्ज किया जा रहा है। भवन परिवर्तन किए गए मतदान केंद्रों की संख्या 29 है।

## बरकट्ठा सीएचसी में 26 सितंबर को लगेगा रक्तदान शिविर

**बरकट्ठा (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान (17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025) के तहत बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 26 सितंबर 2025, शुक्रवार को अपराह्न 12 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रत्ना रानी ने बताया कि रक्तदान को महादान कहा गया है और जरूरतमंद मरीजों की जिंदगी बचाने में इसका अहम योगदान होता है। उन्होंने प्रखंडवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर स्वेच्छा से रक्तदान करें। शिविर की जानकारी जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सांसद प्रतिनिधि, 20 सूत्री अध्यक्ष समेत अन्य प्रतिनिधियों को भी दी गई है।

# चौपारण में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

■ 7400 किलो जावा महुआ नष्ट, 400 लीटर चुलाई शराब जब्त, दो गिरफ्तार



**चौपारण (हजारीबाग)।** दुगार्पूजा से पहले प्रशासन ने अवैध शराब कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की। सहायक आयुक्त उत्पाद के नेतृत्व में वृंदा, काँटी और डोमापहाड़ी गाँवों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान अवैध भट्ठियों को ध्वस्त कर लगभग 7400 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया और 400 लीटर तैयार चुलाई शराब जब्त की गई। शराब बनाने के उपकरण भी बरामद हुए। मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जबकि नाथू रविदास, नरेश यादव, बिरजू साव, राजकुमार साव, किशोर रविदास और राजेश प्रसाद सहित कई अन्य पर मामला दर्ज कर उन्हें फरार घोषित किया गया। इस अभियान में उत्पाद विभाग के अधिकारियों के साथ सशस्त्र गृहरक्षा बल के जवान भी शामिल रहे।

## गिरिडीह पुलिस के द्वारा आपका कार्यक्रम का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला अंतर्गत आम जनता का खोया हुआ मोबाइल फोन की खोजबीन कर बरामद करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक,गिरिडीह के निर्देशन पर गिरिडीह पुलिस के द्वारा कैर पोर्टल एव तकनीकी शाखा के सहयोग से कुले 113 मोबाइल फोन बरामद किया गया।

आज गिरिडीह समाहरणालय स्थित सभागार में उपयुक्त,गिरिडीह एवं पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के अध्यक्षता में आपका मोबाइल फिर से आपका* कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसे कार्यक्रम के तहत बरामद मोबाइल फोन को मोबाइल के वास्तविक धारक को हस्तगत कराया गया।

# 12 दिनों तक चला डीवीसी विस्थापितों का धरना, वार्ता के बाद स्थगित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ विस्थापितों को जल्द मिले उनका अधिकार अन्यथा पुनः होगा आंदोलन : कृष्णा यादव

**बरही।** चंदवारा प्रखंड के उरवां फार्म में डीवीसी विस्थापित संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 12वें दिन वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया। समिति और प्रशासन के बीच हुई वार्ता में विस्थापितों की 8 सूत्री मांगों पर सहमति बनी।

वार्ता के दौरान अंचलाधिकारी ने बताया कि विस्थापितों की जमीन से संबंधित कागजी कार्य का अधिकांश भाग पूरा कर लिया गया है और शेष कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि बारिश समाप्त होने के बाद एनएच से जलाशय तक जाने वाले रास्ते का निर्माण कराया जाएगा। वहीं स्कूलों में डिजिटल बोर्ड और लाइब्रेरी जैसी त्वरित सुविधाओं को 10 दिनों के अंदर पूरा करने का भरोसा दिया गया। इन आश्वासनों के बाद समिति ने धरना प्रदर्शन को अस्थायी रूप से स्थगित करने की घोषणा की। समिति ने स्पष्ट किया कि भविष्य में डीवीसी विस्थापित संघर्ष समिति जो भी निर्णय लेगी, उस पर विचार कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।। इस दौरान पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव ने कहा कि फिलहाल धरना को स्थगित किया गया है, हमें आशा है कि हम विस्थापितों के जायज मांग को पूरा किया जाएगा, अगर कोई गड़बड़ी हुई तो हमलोग पुनः इससे बड़े धरने के लिए बाध्य होगें ।धरना स्थल पर उपस्थित अंचल अधिकारी अशोक भारती, पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव ,स्टर्लिंग कंपनी के एच आर राजेश सिंह, पूर्व मुखिया वीरेंद्र पासवान, मोती दास, सैयद अनवर, बालकिशुन यादव, शीतल यादव, मथुरा यादव, गुलाब यादव, बजरंगी यादव, पप्पू दास, महेश कुमार, छोटन कुमार, राजू दास, दिलीप यादव, कैलाश वर्मा, कैलाश पासी, विकास पासी, शिव शंकर शर्मा, रुपेश कुशवाहा, रणदीप कुमार सहित लोग मौजूद थे।

# दुगार्पूजा को लेकर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांति समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

नवीन सिन्हा

हर्षोल्लास के साथ पर्व को मनाएं तथा विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन का सहयोग करें: उपायुक्त




**हजारीबाग।** दुर्गापूजा 2025 को शांतिपूर्ण, सौहाद्रपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिले में विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांति समिति की समीक्षात्मक बैठक आज 24 सितंबर को नगर भवन में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न प्रखंडों से आए पूजा समिति एवं शांति समिति के सदस्यों से संबंधित क्षेत्रों में आयोजित हो रहे दुर्गा पूजा के संबंध में जानकारी ली गई।

बैठक में उपस्थित अधिकांश लोगों ने बताया गया कि उनके प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से सभी समुदाय आपस में मिलकर हर्सोल्लास के साथ एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं एवं किसी भी प्रकार की हमारे बीच आपसी द्वेष या तनाव का माहौल नहीं है। मौके पर उपस्थित लोगों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं मसलन क्षतिग्रस्त सड़क, बैरिकेटिंग की मांग, पूजा पंडालों में महिला फोर्स की आवश्यकता, आवारा पशुओं से निजात दिलाने, चिकित्सक की व्यवस्था, एंटीवेनम की व्यवस्था कराने, बिजली के तारों का व्यवस्थिकरण, सड़क किनारे सूखे पेड़ की डालियों की कटाई, साफ सफाई, जल जमाव आदि मुद्दों से जिला प्रशासन को अवगत कराया। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को संज्ञान में आए मामलों को गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए तय समय सभी समस्याओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि शान्ति पूर्ण पर्व के संपादन के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों को लेकर कार्य किए जा रहे है। मेडिकल इमरजेंसी एवं ट्रैफिक के लिए योजना बनाई गई है। नगर निगम के द्वारा साफ सफाई की जा रही है। रूट के दौरान जन सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। विधि व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट एवं फोर्स की तैनाती होगी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ट्रैफिक प्लान को स्ट्रीमलाइन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार जिले में तीन कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। बरही, बड़कागांव एवं सदर प्रखंड में कंट्रोल रूम संचालित होंगे। सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी लगाए जायेंगे जिसकी मॉनिटरिंग पुलिस के जवान द्वारा की जाएगी। उन्होंने हाइवे से जुड़े थाना क्षेत्रों के अधिकारी डायवर्शन संबधी कार्यो इसकी सूचना आमजनों को देने का निर्देश दिया। मेडिकल की दस टीम शहरी क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे, साथ में एम्बुलेंस की भी उपस्थिति रहेगी। जिला प्रशासन के साथ मिलकर दुगार्पूजा पर्व को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न करने व अफवाहो पर ध्यान न देकर प्रशासन से खबरों का सत्यापन कराने की बात कही। विजयदशमी के दिन रावण दहन को लेकर उपायुक्त द्वारा प्रशासनिक पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों एवं पूजा समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल का निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थलों पर ही कराया जाए एवं प्रत्येक पंडालों में महिला एवं पुरुषों के आवागमन हेतु अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित किया जायेगी। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को बड़े पूजा पंडालों पर पूजा समितियों के सदस्यों के साथ इवेक्यूशन ड्रिल (भगदड़ की स्थिति पर निकास के लिए प्लान) करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया की आम लोगों की सुविधा व सुगम यातायात के लिए शहरी क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार बैरिकेटिंग की जायेगी। उन्होंने कहा साउंड सिस्टम पर विशेष निगरानी की जाएगी। साउंड सिस्टम में हाई वॉल्यूम पर पाबंदी रहेगी। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना हुई तो आयोजन समिति जिम्मेदार होंगे। मीडिया से उन्होंने कहा कि पुष्ट खबरों को जनता के समक्ष लाए, गलत खबरों को जगह न दे तथा प्रशासन का सहयोग करे। उपायुक्त ने सभी पूजा समितियों से तय रूट मार्गो से ही विसर्जन कार्यक्रम को संपादित करने को कहा। बैठक में विभिन्न पूजा स्थलों पर साफ सफाई कराने, कूड़ेदान की व्यवस्था कराने, अग्निशमन व लाइटनिंग की व्यवस्था एवं खराब पड़े सभी लाइट्स की मरम्मती तथा ध्वनि प्रदुषण को संधारित करने संबंधी कई दिशा निर्देश दिए। त्योहारों के दौरान बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग को त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटनाओं से निबटने हेतु समुचित चिकित्सकीय व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। पूजा पंडालों में तथा विसर्जन स्थलों पर भी प्राथमिक उपचार जैसे आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने आगजनी जैसे अप्रिय घटनाओं से बचने हेतु पूजा समिति के सदस्यों समुचित पानी एवं बालू आदि की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी को भी इस प्रकार के अप्रिय घटनाओं से बचने हेतु पूरी मुस्तैदी के साथ तैयार रहने हेतु निदेशित किया गया। उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को पूजा पंडाल के सदस्यों से संबंधित पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करने हेतु निर्देशित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने कहा कि दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ शांति समिति के सदस्य एवं पूजा समिति का उत्तरदायित्व महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया साइट पर अफवाह, भड़काऊ व अमर्यादित पोस्ट को नहीं करने की बात कही तथा विधिवत रूप से इसकी निगरानी करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। त्योहार के दौरान भीड़भाड़ से निबटने हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को सुव्यवस्था कायम करने का निर्देश दिया। उन्होंने पूजा समिति को सभी वालंटियर्स की सूची थाना प्रभारी के पास जमा करने का निर्देश पूजा समिति के सदस्यों को दिया एवं वॉलंटियर्स को अच्छे से ब्रीफ करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया। पुलिस अधीक्षक ने मेला के दौरान असामाजिक तत्वों, नशाखोरों एवं बाहरी व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। फायर सेफ्टी के सभी नियमों को फॉलो करने एवं इसकी रिपोर्ट उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को समर्पित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही फायर सेफ्टी के हिसाब से ही बेरेकेटिंग करने का निर्देश दिया। रावण दहन पूर्व से निर्धारित स्थानों पर ही करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों को उपायुक्त ने दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं हर्षो-उल्लास, आपसी सहयोग एवं सुरक्षित तरीके से पर्व को मनाने की अपील की। बैठक में उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद, नगर आयुक्त, एडिशनल एसपी श्री अमित आनंद, सदर एवं बरही अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सदस्य, पूजा समिति के सदस्य सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# प्रांतीय गणित विज्ञान मेला बिरसानगर, जमशेदपुर में संपन्न

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय गणित विज्ञान मेला बिरसानगर, जमशेदपुर में संपन्न हुआ।

इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा,गिरिडीह के भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एक,द्वितीय तीन एवं तृतीय पांच पुरस्कार प्राप्त करते हुए सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का द्वितीय पुरस्कार विद्यालय के नाम कर लिया प्रधानाचार्य आनंद कमल ने विजेता भैया बहनों को वंदना सभा में मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।कहा कि यह भैया बहनों की कड़ी मेहनत और गणित के आचार्यो के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं क्षेत्रीय विज्ञान प्रतियोगिता में बाल वर्ग पत्रवाचन में प्रथम एवं शिशु वर्ग विज्ञान प्रयोग में तृतीय स्थान प्राप्त कर बच्चों ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है।विद्यालय परिवार अपने होनहार बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है।आशा करता है कि आगामी क्षेत्रीय गणित मेला प्रतियोगिता में भी भैया बहन विद्यालय को गौरवान्वित करेंगे।

# अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही।** बरही प्रखंड के बरसोत में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मंगलवार रात को फूड़ पोजीशनिंग मामले को लेकर बुधवार को अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा शशि जयसवाल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मो मंजर हुसैन के नेतृत्व में संयुक्त रूप से निरिक्षण किया।इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने विद्यालय के किचन, स्टोर रूम एवं डाइनिंग क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

साथ ही सरसों तेल, अरवा चावल, उसना चावल, आटा, छात्रों द्वारा उपयोग किया गया तला हुआ चूँडा का नमूना संग्रहण किया गया जिसे जाँच के लिए राज्य खाद्य जाँच प्रयोगशाला, नामकुम भेजा जायेगा। जाँच में यदि गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप नहीं पाया गया तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तह्त विधि सम्मत कारवाई की जायेगी। वहीं दोनों अधिकारियों ने स्कूल के वार्डन को किचन की साफ सफाई रखने, किचन एवं डाइनिंग क्षेत्र के खिड़कियों में नेट लगाने का निर्देश दिया गया एवं मिलावट रहित खाद्य साम्रागियों को ही उपयोग में लाने का निर्देश दिया।साथ ही किचन में काम करने वाली रसोईयों को मास्क, केप एवं एप्रोन पहन कर ही स्कूल के किचन में खाद्य पदार्थ का निर्माण करने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में लिपिक मनोज कुमार, विकाश शर्मा, सुरज कुमार, चालक धनेश्वर कुशवाहा शामिल थे। बताते चलें कि मंगलवार रात को फूड़ पोजीशनिंग के कारण विद्यालय के कई बच्चीयां शिकार हो गई थी जिसके इलाज के लिए तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया था।इस दौरान मौके पर एसडीएम जोहन टुडू,बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर रात में अस्पताल पहूंच स्थिति का जायजा लिया तथा समुचित इलाज करने का निर्देश दिया।

# मरीजों के इलाज में न बरतें कोताही : नेहा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी (जेएसएसी) की कार्यकारी निदेशक डॉ। नेहा अरोड़ा की अध्यक्षता में नामकुम स्वास्थ्य मुख्यालय के सभागार में "आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना" की समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में राज्य के सभी जिला कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित रहे। आज की इस बैठक का उद्देश्य झारखंड में "आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना" की प्रगति की समीक्षा और संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा करना था।

**इन योजनाओं की हुई समीक्षा**

कार्यकारी निदेशक डॉ। नेहा अरोड़ा ने समीक्षा बैठक के दौरान एबी-सीएम जेएवाई योजना के तहत असपतालों के इम्पैनलमेंट, योजना के लाभुकों के 01 जून से 23 सितंबर तक के जिलावार केवाइसी स्टेटस, झारखंड के सरकारी अस्पतालों का आयुष्मान भारत योजना के तहत हुए इलाज का क्लेम स्टेटस, लंबित दावे और जिनका क्लेम अब तक शुरू नहीं हुआ, जिला अस्पतालों की विशेषज्ञता के आधार पर स्थिति, पॉलिसी 8 के तहत अस्पतालों की हॉस्पिटलाइजेशन और क्लेम की स्थिति, राज्य के सरकारी और निजी अस्पतालों का क्लेम वितरण और जिन जिलों में डीपीसी की नियुक्ति लंबित है उनमें यथाशीघ्र नियुक्त करने का निर्देश देते हुए गहन समीक्षा की।

**आयुष्मान के तहत इलाज में न बरतें कोताही**

बैठक के दौरान डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि अपने-अपने जिलों में मरीजों को बेहतर इलाज और देखभाल सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा केस बुक किए जाएं, ताकि मरीजों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल सके और अस्पतालों को भी समय पर भुगतान प्राप्त हो।

**सभी जिलों में नियमित करें मासिक बैठक**

समीक्षा बैठक के दौरान कार्यकारी निदेशक डॉ। नेहा अरोड़ा ने कहा कि सभी जिलों को मासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित करें, ताकि स्थानीय समस्याओं की पहचान और समाधान संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर किसी जिले में योजना से संबंधित कोई समस्या आती है तो उसे तत्काल राज्य स्तर पर सूचित किया जाए, ताकि समय रहते उसका हल निकाला जा सके। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि कई जिले अब तक कुछ अस्पतालों का पंजीकरण क्यों नहीं करा पाए हैं और उनसे इसकी विस्तृत जानकारी भी उन्होंने मांगी। बैठक में कई जिलों ने अपने-अपने क्षेत्र की विशेष समस्याएं भी सामने रखीं, जिनका तत्काल समाधान किया गया।

**अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति करें**

जेएसएसी की कार्यकारी निदेशक डॉ। नेहा अरोड़ा ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी सदर अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति रांची सदर अस्पताल की तर्ज पर की जाए, ताकि मरीजों को संपूर्ण लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि यह बैठक आयुष्मान भारत- सीएम जय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा। इसमें न केवल प्रशासनिक स्तर पर योजनाओं की समीक्षा हुई, बल्कि जमीनी स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए भी दिशा तय की गई।

**बैठक में ये भी रहे मौजूद**

बैठक में जसास के महाप्रबंधक प्रवीण चंद्र मिश्रा, डिलोइट और नेशनल इंश्योरेंस के अधिकारियों के साथ जसास के सभी अधिकारी उपस्थित थे। फायर सेफ्टी और प्रदूषण नियंत्रण के नोडल पदाधिकारी को विशेष रूप से बैठक में आमंत्रित किया गया था।

# दुर्गा पूजा को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव, भारी वाहनों के लिए गाइडलाइन जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए हैं। इसको लेकर रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने निर्देश जारी कर दिया है। दुर्गा पूजा के मौके पर रांची में 27 सितंबर से लेकर दो अक्तूबर तक भारी और मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

**क्या है ट्रैफिक प्लान**

रांची में 27 सितंबर से लेकर दो अक्तूबर तक भारी और मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। इस दौरान सुबह 8:00 बजे से अगले दिन सुबह 4:00 बजे तक हर रोड पर यही व्यवस्था रहेगी। रांची के मेन रोड में भी पूजा के दौरान निजी और यात्री वाहनों का प्रवेश हर दिन शाम 4:00 से अगले दिन सुबह 4:00 बजे तक वर्जित रहेगा। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बुधवार को इससे संबंधित आदेश जारी किया है। साथ ही ट्रैफिक एसपी ने पूजा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्किंग के अलावा कुछ मार्गों में वाहनों के परिचालन पर भी रोक लगायी है।

**ऐसे होगा वाहनों का परिचालन**

कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

सुजाता चौक की तरफ से आने वाले निजी वाहन सैनिक मार्केट, जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स तक ही आ सकेंगे।



पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट की ओर आने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन शाम 4:00 से सुबह 4:00 बजे तक मिनाक्षी सिनेमा हॉल से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक से हरमू चौक की ओर होगा।

हरमू से किशोरगंज होकर रातू रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर आने वाले सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाड़ी मंदिर मोड़ से मिनाक्षी सिनेमा हॉल, रातू रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जाएंगे।

हरमू बाइपास रोड से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बीजेपी कार्यालय के पास पीपर टोली होकर कटहल मोड़, हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जाएंगे।

कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाड़ियां जाकिर हुसैन पार्क, रेडियम रोड होकर कचहरी चौक तक।

बरियातू रोड से अलबर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली गाड़ियां लाइन टैंक रोड रामगढ़ ट्रैकर स्टैंड तक ही जाएगी।

डंगरा टोली से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाड़ियां मिशन चौक तक ही आ सकेगी।

लालपुर से कोकर जाने वाला मार्ग वन-वे रहेगा। सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जाएंगे। कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाड़ियां कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाएगी।

हरमू रोड से छोटी गाड़ियां अरगोड़ा चौक, कडरू, सुजाता चौक, मुंडा चौक होते हुए कांटाटोली जाएगी।

कांके रोड से आने वाली गाड़ियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बूटी मोड़ होते हुए जमशेदपुर की तरफ जा सकती है।

रातू रोड न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटे वाहनों का प्रवेश शाम 4:00 से अगले दिन सुबह 4:00 बजे तक बंद रहेगा।

**12 ड्रॉप गेट बनाए गए**

दुर्गा पूजा के दौरान शहर भर में 12 ड्रॉप गेट बनाए गए हैं। रांची लॉ यूनिवर्सिटी के पास, बोरिया रिंग रोड के पास, बीआईटी रिंग रोड के पास, खेलगांव से कोकर जाने वाले मार्ग पर, दुर्गा सोरेन चौक से कांटाटोली जाने वाले मार्ग पर, दुर्गा सोरेन चौक से मुकचुंद टोली जाने वाले मार्ग पर, रामपुर के पास, खरसीदाग के पास, ब्रिजफोर्ड स्कूल के पास, शतरंजी स्कूल के पास, बिरसा चौक के पास और शहीद मैदान के पास ड्रॉप गेट बनाए गए हैं।

# झारखंड में 36वीं ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन

## 172 अंकों के साथ झारखंड रहा ओवरऑल चैंपियन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। राजधानी रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में तीन दिवसीय 36वीं ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का बुधवार को भव्य समापन हुआ। पूर्वी भारत के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों एथलीट्स ने जूनियर कैटेगरी में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम दिन तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद झारखंड ने कुल 172 अंक हासिल कर ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया है जबकि बिहार की टीम 168 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही।

**दमदार प्रदर्शन की बदौलत की वजह से झारखंड का दबदबा**

चैंपियनशिप के दौरान झारखंड के खिलाड़ियों ने कई स्पर्धाओं में अव्वल रहकर राज्य का परचम लहराया। बॉयज-18 वर्ग में झारखंड के मोहम्मद साजिद ने 110 मीटर हर्डल्स 14.34 सेकेंड में पूरा कर 1006 अंक अर्जित किए और बेस्ट एथलीट बने। वही, गर्ल्स-16 वर्ग में झारखंड की ममता मैरी मुर्मू ने 60 मीटर दौड़ 7.875 सेकेंड में पूरी कर 1190 अंक अर्जित किए और सबको चौंका दिया। इसके अलावा गर्ल्स-20 वर्ग में प्रीति लकड़ा ने ट्रिपल जंप में 12.08 मीटर की छलांग लगाकर 922 अंक हासिल किए।

**झारखंड के एथलीटों ने 22 स्वर्ण, 18 रजत एवं 18 कांस्य पदक समेत कुल 58 पदक जीते**

तीन दिवसीय 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 10 राज्यों जिसमें पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, बिहार, असम, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर नागालैंड, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की टीमों ने भाग लिया। जिसमें कुल 621 एथलीट शामिल हुए। 172 अंकों के साथ झारखंड विजेता बना। झारखंड के एथलीटों ने 22 स्वर्ण, 18 रजत एवं 18 कांस्य पदक समेत कुल 58 पदक जीते।

**दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों का भी जलवा**

बिहार के खिलाड़ियों ने भी जोरदार प्रदर्शन किया। बॉयज-16 वर्ग में किशु ने 69. 16 मीटर की जैवलिन थ्रो कर 948 अंक प्राप्त किए और सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली। गर्ल्स-18 वर्ग में बिहार की अल्का सिंह ने शॉट पुट में 16.07 मीटर की दूरी हासिल कर 963 अंक जुटाए। जबकि ओडिशा के अस्तिक प्रधान ने बॉयज-20 के 400 मीटर रेस में 47.67 सेकेंड का समय निकाल 1002 अंक हासिल किए।

# कुआं में गिरकर महिला की मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। कल्याण बिगहा थाना क्षेत्र के डिहरा गांव में मंगलवार की रात्रि में कुआं में गिरने एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी। मृतका स्व. समुद्र पासवान के पत्नी कौशल्या देवी ( 65) थी। परिजनों ने बताया कि सुबह पता चला कि कुआं मे बुजुर्ग महिला की शव है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है: **नीलामी की कैटेगरी:** पे एंड यूज टॉयलेट (सामान्य)। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.: सी5-एएसएन-पीएनयू-2209, नीलामी शुरू होने की तिथि:** 07.10.2025, 12.00 **बजे। स्टेशन/स्थान का नाम:** दुमका रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म नं. 1। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-191/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# कृषि रोड मैप से किसान हो रहे हैं लाभान्वित : श्रवण कुमार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नूरसराय**। नालंदा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय में बुधवार को अनुसूचित जाति लाभार्थियों के लिए "तीसी की वैज्ञानिक खेती" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के निदेशक अनुसंधान डॉ. अनील कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के उत्पाद मंत्री को भेंट कर उनका सम्मान किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि कभी खेती घाटे का सौदा मानी जाती थी, जिससे किसान रोजगार की ओर पलायन करने लगे थे। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2005 में पहला कृषि रोड मैप लागू कर किसानों में नई उम्मीद जगाई। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार योजनाएं बन रही हैं, जिससे किसान लाभान्वित हो रहे हैं। आज राज्य के 90 प्रतिशत परिवारों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिल रही है। करीब एक करोड़ 87 लाख परिवारों को बिजली का बिल नहीं देना पड़ रहा। वहीं, सरकारी स्कूलों में 90 लाख लड़कियां पढ़ाई कर रही हैं और प्राइवेट स्कूलों में भी लाखों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बीएयू सबौर के निदेशक अनुसंधान डॉ. अनील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में तेलहन की खपत अधिक है लेकिन उत्पादन बेहद कम। राज्य सरकार चौथे कृषि रोड मैप में तीसी की खेती को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। वर्तमान में नालंदा व पटना सहित 11 जिलों में लगभग एक हजार हेक्टेयर में तीसी की खेती हो रही है, जिसे बढ़ाकर 12 हजार हेक्टेयर करने का लक्ष्य है। प्रोजेक्ट इंचार्ज रामबालक प्रसाद निराला ने बताया कि तीसी तेलहनी फसलों में महत्वपूर्ण है। इसमें 50 से 70 प्रतिशत ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसके डंठल से लीलन का कपड़ा भी बनता है। बीएयू सबौर देश में कुल तीसी बीज उत्पादन का 20 प्रतिशत करता है और इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी हुआ है। कार्यक्रम में जदयू वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार, बीडीओ डॉ. जियाउल हक, सीओ दीपक कुमार, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं विशेषज्ञ मौजूद रहे।

# गिरिडीह पुलिस की नई पहल : 'आपका मोबाइल फिर से आपका'

**गिरिडीह/नबिटा ब्यूरो**। जिला पुलिस ने लोगों को राहत पहुंचाने के लिए नई पहल की है। यह नई पहल 'आपका मोबाइल फिर से आपका' है। इसमें जिन लोगों का मोबाइल गुम हो गया है उसे न सिर्फ बरामद किया जा रहा है बल्कि मोबाइल वापस दिलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में जिस किसी का मोबाइल गुम हुआ था और जिसकी बरामदगी पुलिस ने कर ली है, उसे वापस किया गया है। कार्यक्रम में डीसी रामनिवास यादव और एसपी डॉ। बिमल कुमार के हाथों मोबाइल वापस किया गया। बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर मोबाइल वापस किया गया। इस दौरान 113 लोगों को मोबाइल वापस दिया गया।

**पुलिस ने कहा लोगों का जागरूक रहना जरूरी**

गिरिडीह के एसपी ने बताया कि मोबाइल गुम होने की शिकायत लगातार मिल रही थी। इन शिकायत को इकट्ठा किया गया फिर एक टीम बनाई गई। टीम ने लगातार 15 दिनों तक मेहनत की तो 113 मोबाइल बरामद कर लिए गए। इन मोबाइल के मालिक को बुलाया गया। पूरी वेरिफिकेशन की गई। फिर सभी को मोबाइल वापस किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जागरूक रहें और सतर्क भी।

**मोबाइल खोजाने पर थाने के लगाते थे चक्कर**

यहां बता दें कि जिले के विभिन्न थानों में आए दिन मोबाइल गुम होने की शिकायत आती रहती है। जिनका मोबाइल गुम होता है वह परेशान भी रहते हैं। मोबाइल की खोज में बार-बार थाने का चक्कर भी लोगों को काटना पड़ता है।

**मोबाइल मिलने के बाद चेहरे पर मुस्कान लौटी**

लोगों की इसी परेशानी को देखते हुए एसपी ने सभी थानेदार और टेक्निकल टीम को अलग से आदेश दिया था और गुम मोबाइल को ढूंढने को कहा। एसपी के निर्देश के बाद प्रथम प्रयास में ही सफलता मिल गई। इधर मोबाइल मिलने के बाद लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है:-

**नीलामी की कैटेगरी: एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस**

**ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एमएसएस-07-10, नीलामी शुरू होने की तिथि : दिनांक 07.10.2025 को 12.00 बजे। क्रम सं., प्रकार, स्टेशनों/स्थानों के नाम** निम्नानुसार हैं: **(1) रिलैक्सेशन चेयर का संस्थापन एवं परिचालन** : (i) अण्डाल रेलवे स्टेशन, (ii) सिउड़ी रेलवे स्टेशन, (iii) पानागढ़ रेलवे स्टेशन और (iv) चित्तरंजन रेलवे स्टेशन। **(2) मेडिकल स्टोर का संस्थापन एवं परिचालन:** (i) सिउड़ी रेलवे स्टेशन, (ii) पानागढ़ रेलवे स्टेशन, (iii) दुमका रेलवे स्टेशन, (iv) जामताड़ा रेलवे स्टेशन और (v) देवघर रेलवे स्टेशन। **(3) पूजा सामग्री कियोस्क का संस्थापन एवं परिचालन:** (i) बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन और (ii) जसीडीह रेलवे स्टेशन। **(4) सलोन सर्विसेस का संस्थापन एवं परिचालन:** (i) उखरा रेलवे स्टेशन, (ii) दुबराजपुर रेलवे स्टेशन, (iii) अण्डाल रेलवे स्टेशन, (iv) रानीगंज रेलवे स्टेशन, (v) मधुपुर रेलवे स्टेशन, (vi) पानागढ़ रेलवे स्टेशन, (vii) दुमका रेलवे स्टेशन, (viii) पाण्डबेश्वर रेलवे स्टेशन, (ix) देवघर रेलवे स्टेशन, (x) सिउड़ी रेलवे स्टेशन और (xi) गिरिडीह रेलवे स्टेशन। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि दी गई सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण एवं उक्त ई-नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

ASN-193/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम), मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस), मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (जीएमयू) और ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है: **नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-डब्ल्यूवीएम-25-12, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण एवं ई-नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमएसएस-एएसएन-एसयूआरआई-डब्ल्यूवीएम-89-25-1,** सिउड़ी (एसयूआरआई) रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 2-3 पर, ओएचई पी/नं. 54/8 और एसयूआरआई/1018 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 06.10.2025 को 12.30 बजे। **एए/2, एमएसएस-एएसएन-एसटीएन-डब्ल्यूवीएम-90-25-1,** सीतारामपुर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए पुराने एफओबी के पास प्लेटफॉर्म नं. 2-3 पर, स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 06.10.2025 को 12.40 बजे। **एए/3, एमएसएस-एएसएन-पीएएन-डब्ल्यूवीएम-91-25-1,** पानागढ़ रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 1-2 पर, ओएसओपी स्टॉल के पास स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 06.10.2025 को 12.50 बजे। **एए/4, एमएसएस-एएसएन-बीएसकेएच-डब्ल्यूवीएम-47-25-2,** बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 01 पर, पीएफ शेड के नीचे ट्रैक्शन पोल नं.-49/3 और 49/4 के बीच स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना, 06.10.2025 को 13.00 बजे। **नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एमपीएस-25-11, एए/1, एमपीएस-एएसएन-डीजीआर-एमपीएस-20-25-1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 01 (हावड़ा सिरे) पर, सीट नं. 63 और 67 के बीच स्थित, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी श्रेणियों के लिए), 07.10.2025 को 11.30 बजे। **एए/2, एमपीएस-एएसएन-यूडीएल-एमपीएस-5-25-1,** अण्डाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 3-4 पर वाटर कूलर और एफओबी के बीच 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, 07.10.2025 को 11.40 बजे। **नीलामी कैटलॉग सं.: सीएटीजी-जीएमयू-25-9, एए/1, सीएटीजी-एएसएन-एमएनएई-जीएमयू-71-23-1,** 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए मानकर (कैटेगरी डी) रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 3-4 पर मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (साइज 6'X10'=60 वर्गफीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, 07.10.2025 को 12.30 बजे। **नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एवीएम-25-3, एए/1, एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एवीएम-102-25-1,** दुर्गापुर स्टेशन में, प्लेटफॉर्म नं. 4-5 पर स्थित, हावड़ा सिरे के एस्केलेटर के पास, पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवा हेतु स्टैंड अलोन आधार पर ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) (5 फीट X 3 फीट = 15 वर्गफीट) के संस्थापन एवं परिचालन के लिए आवंटन, 08.10.2025 को 12.30 बजे। **एए/2, एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एवीएम-101-25-1,** दुर्गापुर स्टेशन में, प्लेटफॉर्म नं. 01 पर स्थित, पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवा हेतु स्टैंड अलोन आधार पर ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) (5 फीट X 3 फीट = 15 वर्गफीट) के संस्थापन एवं परिचालन के लिए आवंटन, 08.10.2025 को 12.40 बजे।

ASN-192/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में नौ नए व्यावसायिक कोर्सों की स्वीकृति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय ने बुधवार को अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़ा। विश्वविद्यालय ने एक साथ नौ नए व्यावसायिक कोर्सों की पढ़ाई की स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब महाविद्यालय में एमएलआईएस, एमएसीआइटी, एमएससी बायोटेक, पीजी डिग्री इन मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी एनवायरमेंटल साइंस, एम इन वूमेन स्टडी और पीजी डिप्लोमा इन योगा शुरू होंगे। प्रत्येक विषय में 60-60 सीटें उपलब्ध होंगी, जिनमें छात्र-छात्राएं आगामी सत्र 2025-26 से नामांकन ले सकेंगे। नए कोर्सों की स्वीकृति के साथ ही महाविद्यालय में पहले से चल रहे बीएलआइएस, बीएससी बायोटेक, बीएससी आईटी और बीएपीएसएम की सीट संख्या 60 से बढ़ाकर 120 कर दी गई है। इस तरह महाविद्यालय में अब कुल 20 व्यावसायिक कोर्स संचालित होंगे। जिले में यह पहला संस्थान है जहां इतने बड़े पैमाने पर व्यावसायिक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। प्राचार्य कक्ष में आयोजित बैठक में प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए ऐतिहासिक है और संस्थान के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी शिक्षकों और विभागाध्यक्षों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन कोर्सों के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा का अवसर मिलेगा और उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक में व्यावसायिक कोर्सों के समन्वयक नागेंद्र कुमार सिंह ने प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा को अंगवस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है और प्राचार्य के अथक प्रयास का ही परिणाम है कि एक साथ इतने नए कोर्सों की मंजूरी मिली। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष और शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों ने कहा कि इन नए कोर्सों की शुरुआत से विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक और व्यावसायिक संभावनाओं का नया द्वार खुलेगा तथा महाविद्यालय की पहचान औरंगाबाद ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में नई ऊंचाई प्राप्त करेगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

खुली ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई-एफआरपी-एसआईजी-यूनिट-25-26, दिनांक: 19.09.2025, जो मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर-1, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व में प्रकाशित की गई थी, खुलने की तिथि 14.10.2025, उक्त निविदा कुछ तकनीकी कारण से **निरस्त** की जाती है।

HWH-307/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# खेलने के दौरान किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के लक्ष्मी बिगहा गांव में एक हादसे में खेलने के दौरान 10 वर्षीय आर्यन कुमार की मौत हो गई।आर्यन अपने नाना लक्ष्मी बिगहा निवासी रामदेव यादव के घर आया हुआ था। बुधवार की सुबह आर्यन बिचाली (पुआल) काटने वाली हस्तचालित मशीन के समीप खेल रहा था। इसी बीच अचानक मशीन आर्यन के सिर पर गिर गया और आर्यन नीचे दब गया। इस दौरान बच्चे के सिर से खून बहने लगा। आनन-फानन में परिजनों ने गंभीर रूप से जख्मी बच्चे को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु ले गए। अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी पर रहे चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने बताया कि घायल बच्चे की पहचान मेसकौर थाना क्षेत्र के सराय गांव निवासी पप्पू यादव के 10 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही बच्चे की मौत सिर में अत्यधिक चोट लगने के कारण खून बहने से हो गई थी। आर्यन की मौत की पुष्टि चिकित्सक द्वारा किए जाने पर परिजन फफक-फफक कर रोना शुरू कर दिए। वहीं आर्यन की मां रोते हुए बेहोश हो जा रही थी।स्थानीय प्रशासन द्वारा पीड़ित माता-पिता को सांत्वना दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार पुआल काटने वाली मशीन को जमीन के अंदर गाड़ कर नहीं रखा गया था। लोगों ने कहा कि मशीन गड़ा हुआ होता, तो शायद आज दर्दनाक हादसा नहीं होता। अस्पताल परिसर में ग्रामीण भी गमगीन दिखाई दिए। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। आर्यन की मौत एक दर्दनाक याद बन गई,जो उसके परिवार और गांव के लिए कभी ना भूलने वाला दुःख है।

# बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए लगेगा कैंप

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता**। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए रफीगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर में विशेष कैंप लगाया जाएगा। इसकी जानकारी सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज ने दी। उन्होंने बताया कि कैंप में उपभोक्ताओं की विभिन्न शिकायतें सुनी जाएंगी और उनका समाधान भी किया जाएगा। इसमें स्मार्ट मीटर से जुड़ी दिक्कतें, विद्युत आपूर्ति, बिल सुधार, बिल वितरण, भुगतान, नए कनेक्शन, कृषि बिजली, गलत रीडिंग और खराब मीटर जैसी समस्याएं शामिल होंगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-25-25, दिनांक 22.09.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल - सीतारामपुर-झाझा शाखा में डीएलबीआई को हटाते हुए एसएसबीपीएसी (डी) का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 25,40,065.22, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 50,800/-, **कार्य की समापन अवधि** : 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** 17.10.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-194/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 24-09-2025 22:04 Page 1



# दहेज की खातिर गर्भवती की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** गिरियक थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव में ढाई माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका की पहचान दीपक कुमार की पत्नी पूनम कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी इसी साल 11 मई को धूमधाम से हुई थी। मृतका के पिता पावापुरी ओपी के अमदाहा निवासी अरुण कुमार का आरोप लगाया कि शादी के महज चार माह के भीतर ही उनकी बेटी को दहेज की खातिर कई बार प्रताड़ित और मारपीट की गई। गर्भवती होने के बावजूद ससुराल पक्ष ने न तो सही इलाज कराया और न ही सही से भोजन दिया, जिससे उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई। मंगलवार को उन्हें सूचना दी गई कि पूनम की तबीयत खराब है। जब वे पीछा करते हुए बिहारशरीफ के चोराबगीचा पहुंचे और ससुराल वालों की गाड़ी रोकने की कोशिश की तो वे नहीं रुके। बाद में पावापुरी मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर पता चला कि बेटी की मौत हो चुकी है। सिर और हाथ में चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे आशंका है कि मारपीट के बाद ही मौत हुई और बाद में दिखावे के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं पति दीपक कुमार का कहना है कि उनकी पत्नी पिछले कुछ दिनों से बीमार थी।

मंगलवार को अचानक बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद उसे इलाज के लिए निजी क्लिनिक ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गिरियक थाना अध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल परिजनों द्वारा लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# नवरात्र में तंत्र-मंत्र की सिद्धि के लिए दूर-दूर से आते हैं लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** कौआकोल प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंडप में माता कामाख्या की पूजा की जाती है। यहां की पूजा तंत्र-मंत्र की सिद्धि के लिए काफी प्रसिद्ध है। यहां नवरात्र में तांत्रिक पद्धति से माता की पूजा होती है। नवरात्र के दौरान तंत्र-मंत्र की सिद्धि प्राप्त करने के लिए काफी दूर-दूर से लोग माता की आराधना के लिए पहुंचते हैं। लोग सिद्धि प्राप्ति के लिए नौ दिनों तक लगातार आराधना में लीन रहते हैं। कलश स्थापना के दिन से ही माता को खीर का भोग लगाया जाता है।

ऐसी मान्यता है कि कौआकोल स्थित माता की दरबार में मन्नतें लेकर पहुंचे याचक कभी भी खाली हाथ नहीं लौटते हैं। माता ने सभी की मुरादें पूरी की है। जानकार लोग बताते हैं कि यहां अठारहवीं सदी से ही माता की पूजा हो रही है।

क्षेत्रीय जमींदार ने कामख्या से माता की पिंडी की मिट्टी व शिला लाकर शुरू की थी पूजा

उस वक्त यहां के क्षेत्रीय जमींदार लोकनाथ सिंह तथा उनके ही परिवार के सरस्वती कुंवर एवं झालो कुंवर द्वारा कामाख्या से वहां की माता की पिंडी की मिट्टी एवं शिला लाकर माता की स्थापना



की गई थी।

उस वक्त माता को कामाख्या के विधान के अनुसार ही खीर का भोग लगाया गया था। भक्ति जागरण के दिन महाअष्टमी को सभी तरह के कच्चे अनाज का भोग लगाया गया था। वही परंपरा आज तक चली आ रही है।

उस वक्त के तत्कालीन जमींदार लोकनाथ सिंह तथा जामताड़ा की रानी द्वारा 72 बीघा जमीन माता की पूजा तथा देखरेख के लिए दान स्वरूप भेंट की गयी थी।

यहां के संरक्षक ने बताया कि यहां की पूजा खास तरीके से होती है। पूजा के शुरू दिन से लेकर अंतिम दिन यानी मूर्ति विसर्जन के दिन दशमी तक प्रत्येक दिन एक पाठे (बकरे) की बलि चढ़ाई जाती है। यहां की माता पूरी तरह से जागृत अवस्था में हैं। माता सबकी मनोकामना पूर्ति करती हैं।

कौआकोल की माता कामाख्या अपनी महिमा एवं प्रसिद्धि के लिए काफी प्रसिद्ध हैं। नवरात्र के आठवें दिन माता की गोद भराई करने तथा नवमी के दिन पाठे यानी बकरे की बलि चढ़ाने की रस्म निभाते हैं। यहां के अध्यक्ष एसडीओ, सचिव अजीत वर्मा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, संरक्षक धर्मेंद्र भूषण पाठक हैं।

# युवा उत्सव को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जोकीहाट प्रखंड अंतर्गत चिरह गांव में एसएसएफ के द्वारा साहित्य उत्सव आयोजित कर प्रभात फेरी निकाली गयी। यह प्रभात फेरी मरियम मस्जिद चिरह से निकलकर मजार पश्चिम टोला तक जाकर संपन्न हो गई। इस मौके से पूरे गांव में बच्चों द्वारा शिक्षा का उद्देश्य को लेकर तालीमी बिदारी कर लोगों को जागरूक किया। कहा कि शिक्षा ही असल हथियार है, जिसके बदौलत इंसान अपनी असली हालत में तब्दील होती है। कार्यक्रम को कई स्थानीय शिक्षाविद् और उलेमा इकराम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अररिया, पूर्णिया और किशनगंज ज़िले से आए कई मुख्य अतिथि वो उलेमा इकराम शामिल हुए। अलग-अलग ज़िलों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। यह प्रतियोगिता केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। कुल मिलाकर यह तालीमी बिदारी यात्रा काफी सफल रहा। मौके पर रजी अहमद , मौलाना वदूद सकाफी, मुफ्ती अहमद रजा, मास्टर मुजफ्फर, मुखिया प्रतिनिधि सह युवा सामाजिक कार्यकर्ता शाहिद आलम, डीलर मुहम्मद राजिक, मौलाना जफर, मास्टर अब्दुल वाहिद , मास्टर कैसर हयात सहित कई ग्रामीण गण मौजूद थे।

# खेत में शौच जा रही किशोरी से दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से बुधवार की दोपहर शौच करने ढैंचा खेत में गई एक किशोरी के साथ एक शादीशुदा युवक द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है। पूर्व से घात लगाए बैठे युवक ने दुष्कर्म के दौरान किशोरी के साथ दरिंदगी की। इसके बाद बेसुध हुई किशोरी होश में आने के बाद अपने घर पहुंची और पिता से आपबीती सुनाई। पिता ने किशोरी की मां को बुलाकर पुत्री को घर के भीतर ले जाकर जानकारी लेने को कहा।

तब घर से रोती-बिलखती पुत्री के साथ पहुंची मां ने आरोपित युवक के घर जाकर आरोपित के स्वजनों को मामले से अवगत कराया। वहां गाली-गलौच और धमकी दिए जाने के बाद किशोरी को साथ लेकर माता-पिता और स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विभूतिपुर पहुंचे।

जहां आन ड्यूटी चिकित्सक तुषांत ने नर्स की मदद से किशोरी का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि किशोरी घर पहुंचने के बाद पिता के कहने पर मां को आपबीती सुनाते-सुनाते दुबारा बेसुध हुई थी।

अस्पताल में आन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि किशोरी दर्द से कराह रही है। रिस्क को देखते हुए उसे रेफर किया गया है।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार झा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़िता ने थाने में एक नामजद प्राथमिकी करवाई है। जिसमें नारद पासवान के पुत्र पांडव कुमार को आरोपित किया गया है। पीड़िता को चिकित्सकीय जांच के लिए भेजा जा रहा है।

इधर दूसरी ओर मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के बी. एलौथ से कालेज की एक छात्रा को भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है।

इस बाबत अपहृत छात्रा के पिता के लिखित बयान पर मुसरीघरारी थाना कांड सं. 159/20 दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि उनकी पुत्री बी.ए.पार्ट 1 की छात्रा है।

वह मंगलवार की सुबह अपनी सहेली के साथ कालेज जाने के लिए समस्तीपुर की ओर निकली थी, जो शाम तक लौटकर नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि बी.एलौथ निवासी मो .नौशाद के पुत्र मो. दिलशान ने गलत नीयत से उसे भगा कर ले गया है।

## सूरजभान सिंह को मिली राहत

**बेगूसराय।** बेगूसराय एमएलए-एमपी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने करीब 33 वर्ष पुराने एक मामले की सुनवाई करते हुए पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह एवं वीरेंद्र कुमार ईश्वर उर्फ शोषण सिंह को अलग-अलग दोषी पाया है। साथ ही दोषी पाए गए आरोपियों को सजा भी सुना दिया। इस मामले में एक ही दिन में दोष सिद्ध एवं सजा के बिंदु पर सुनवाई की गई। न्यायाधीश ने पूर्व सांसद सूरजभान सिंह को भारतीय दंड विधान की धारा 353 में एक वर्ष की सजा सुनाते हुए एक हजार रुपये अर्थ दंड अदा करने का आदेश दिया। सूरजभान सिंह की ओर से सजा मिलने के उपरांत जमानत आवेदन दाखिल किया गया और उन्हें 25 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया गया। वहीं भारतीय दंड विधान की धारा 307, आर्म्स एक्ट में अलग-अलग सजा के साथ अधिकतम सजा चार साल एवं 14 हजार रुपये अर्थदंड की सजा मुकर्रर की। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह की ओर से एक आवेदन उनके अधिवक्ता ने दाखिल करते हुए उचित इलाज की मांग की।

# युवा मतदाता तय करेंगे जीत-हार का फैसला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला तय करने में युवा वोटरों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने वाले प्रत्याशी भी इसे समझ रहे हैं। इसलिए युवा वोटरों को लुभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

पिछले विधानसभा के आंकड़ों पर गौर करें तो कुल मतदाताओं में से करीब 55 प्रतिशत से अधिक युवा वोटरों की संख्या थी। यह किसी भी प्रत्याशी के भाग्य का फैसला करने के लिए अहम है। मतदान में भी इनकी भागीदारी अन्य वोटरों की तुलना में अधिक रहती है।

वर्ष 2020 के विस चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 31 लाख 91 हजार से अधिक थी। इसमें 20-39 वर्ष के युवा वोटरों की संख्या करीब 17 लाख 97 हजार से अधिक थी। इस बार भी 30 सितंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के बाद आंकड़े स्पष्ट हो जाएंगे, लेकिन सूत्रों की मानें तो इस बार भी युवा वोटरों की संख्या इसी के आसपास रहने की संभावना है। यानी चुनाव में इनकी भागीदारी अहम होगी। प्रत्याशी अभी से ही इन युवा वोटरों को अपने पाले में करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्हें पता है कि जिस ओर भी इनका पलड़ा भारी रहेगा, यह जीत और हार तय करने के लिए काफी होगा।

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया नामांकन की तिथि से दस दिन पहले तक चलेगी। इस दौरान 18 वर्ष की उम्र पूरा करने वाले युवाओं को नाम जोड़वाने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि कोई भी युवा जो वोट डालने के लिए पात्र हो, उसका नाम नहीं छूटे।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की गतिविधि तेज हो गई है। पिछले दिनों डीएम सुब्रत कुमार सेन ने गायघाट में भ्रमण कर समीक्षा की थी। जबकि मंगलवार को एसडीओ पूर्वी तुषार कुमार और एसडीपीओ अलय वत्स ने चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया।

प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में एसडीओ पूर्वी की अध्यक्षता में विधानसभा स्तरीय सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभागीय दायित्व के साथ-साथ निर्वाचन कार्य को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें और लगातार निरीक्षण करें। इस दौरान जो कमियां दिखे उसे तुरंत दूर करें।

एसडीपीओ पूर्वी ने सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि अपने क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारी के साथ मिलकर कार्य करें। बताया कि नवरात्रि पर्व को लेकर जगह-जगह मेला का आयोजन किया गया है। यहां पर मतदाताओं को डराने और धमकाने का प्रयास किए जाने की संभावना है। इसे देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

इसपर निगरानी करें और ऐसे लोगों को चिह्नित कर निरोधात्मक कार्रवाई करें। ताकि मतदाता सुरक्षित माहौल में लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हो सके। इसकी सूचना तुरंत अपने वरीय अधिकारी को दें। इस मौके पर गायघाट कटरा और बंदरा के सभी सेक्टर पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अभियान चलाकर बनेगा राशन कार्ड

**रोहतास।** सरकार के निदेर्शानुसार अनुमंडल अंतर्गत सभी प्रखंडों के पंचायतों में नया राशन कार्ड बनाने और पुराने राशन कार्ड में छुटे हुए पारिवारिक सदस्यों का नाम जोड़ने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 22 सितंबर से शुरू हुआ है और 10 अक्टूबर तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा। मंगलवार को अभियान के दूसरे दिन जमुहार पंचायत भवन परिसर में आपूर्ति विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों उपभोक्ताओं ने अपने आवेदन के साथ हिस्सा लिया।

# अखिल भारत चरखा संघ का शताब्दी समारोह संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल, अहिंसा वाहिनी नशाबंदी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 24 सितंबर 25 को 11 बजे से अखिल भारत चरखा संघ का शताब्दी समारोह आदिवासी कॉलोनी पटना में चंद्र भूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।



इस समारोह में सर्वोदय नेता प्रमोद कुमार शर्मा,सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार, ऑन लाइन, सीमा कुमारी, क्रांति बहन, मंगल कुमार, अंकित कुमार,सुभाष यादव,मनोज कुमार आदि उपस्थित होकर अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 24 सितंबर 1924 को आज के ही दिन राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने सदाकत आश्रम, पटना में चरखा संघ की स्थापना किए थे।,जिसके प्रथम अध्यक्ष स्वयं महात्मा गांधी थे। उसी समय बिहार शाखा के अध्यक्ष डॉ देशरत्न राजेंद्र प्रसाद एवं मंत्री लक्ष्मी नारायण भाई को चुना गया।

इस अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने बताया कि बिहार में सर्वोदय का कार्य 1924 से शुरू हुआ जो पूरे देश में चरखा और खादी ग्रामोद्योग का एक सफल प्रयोग शुरू हुआ।

चरखा संघ के माध्यम से बिहार में भूदान आंदोलन का उद्देश्य जन जन तक पहुंचाया गया।सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ऑनलाइन बताया कि बिहार में गांधी जी का प्रवास करीब 400 दिन रहा और वे 24 बार बिहार आए। बिहार आने के बाद आजादी का आंदोलन काफी तेज हुआ, और 30 वर्षों के बाद हो गांधी जी ने देश को आजादी दिलाने में सफलता पाई। आज अखिल भारत चरखा संघ का शताब्दी समारोह भागलपुर में डॉ मनोज कुमार, डॉ उमेश कुमार आदि के संयोजन में मनाया जा रहा है।

## सस्पेंड के बाद भी थाने में बजा रहे ड्यूटी

**भागलपुर।** बांका जिले के बौंसी थाने में थानाध्यक्ष रहे सुधीर कुमार निलंबन के बाद भी अभी बतौर थानाध्यक्ष काम कर रहे हैं। आभूषण कारोबारी नवीन भुवानियां की 30 अगस्त 2025 की शाम हुई लूटपाट के साथ हत्या जैसे संगीन मामले में घोर लापरवाही बरतने मामले में सुधीर कुमार को 21 सितंबर 2025 को निलंबित कर दिया गया था। निलंबन की कार्रवाई बाद थाने में सहायक थानाध्यक्ष या अन्य सक्षम अवर निरीक्षक को प्रभार देकर पुलिस केंद्र में योगदान देने के बजाय इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ही ड्यूटी बांट रहे हैं। केस दर्ज करने के लिए सहायक अवर निरीक्षक शंभू कुमार को यह भी निर्देश दे दिया कि बीएनएस की धार 304-2 में केस दर्ज करते हुए अवर निरीक्षक हरेराम सिंह या किसी अन्य जो थाने पर हैं उसे अनुसंधानकर्ता बनाएं।थाने में तैनात प्रशिक्षु अवर निरीक्षकों को भी ड्यूटी बांट रहे हैं। किन्हें वाहन तलाशी करना है, वाहन चेकिंग के दौरान फोटो भी भेजने, ओडी बांटने और गश्ती में किन्हें जाना है यहां तक भी निर्देश दिया है।

# बाघ ने गाय पर हमला कर मार डाला

## रेंजर ने की क्षेत्र में लोगों से नहीं जाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पश्चिम चंपारण।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मंगुराहां वन परिक्षेत्र के समीप सोफा मंदिर के पास बाघ ने एक गाय को मार डाला है। जिस स्थान पर बाघ ने हमला किया, वह जंगल से महज 200 मीटर तथा सोफा मंदिर से 300 मीटर की दूरी पर है।

दोमाठ गांव निवासी चरवाहा सुधीर महतो मवेशियों को लेकर चराने गया था। अचानक झाड़ियों से निकलकर एक बड़ा बाघ ने उनकी एक गाय पर हमला कर दिया। बाघ के हमले से गाय की मौके पर ही मौत हो गई। चरवाहों ने तत्काल गांव पहुंचकर शोर मचाया, तब तक बाघ झाड़ियों में वापस लौट गया।

घटना की सूचना मिलते ही रेंजर मोहम्मद मुमताज अहमद ने टीम को मौके पर भेजा और पगमार्क की जांच कराई। उन्होंने बताया कि बाघ घटनास्थल पर दोबारा लौट सकता है, इसलिए एहतियात के तौर पर उस क्षेत्र में किसी के जाने की अनुमति नहीं दी गई है।

ग्रामीणों से अपील की गई है कि जंगल की ओर न जाएं और मवेशियों को भी वहां न ले जाएं। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई है कि यदि कोई जंगली जानवर नजर आए तो तुरंत विभाग को सूचना दें।

इधर दूसरी ओर मैनाटांड़ मैनाटांड़ इनरवा मुख्य पथ में एक नंबर फाल के पास धान के खेत में फसल को देखने बुधवार की सुबह गए इनरवा थाना क्षेत्र के खमिहा निवासी किसान दीना पटेल (60 वर्ष) की मौत सांपदंश से हो गई।

सरेह में मौजूद अन्य किसानों व मजदूरों की सूचना पर परिजन पहुंचे और तुरंत दीना पटेल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिहए एम्बुलेंस से जीएमसीएच भेजा गया।

# दुर्गा पूजा को ले बाघोपुर मनोकामना दुर्गा मंदिर में तैयारियां जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के बाघोपुर मनोकामना दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। जिसको लेकर सभी तैयारी की जा रही है। दुर्गा पूजा के दौरान लोगों की सुरक्षा को लेकर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे, आने-जाने वाले लोगो के लिए यातायात की सुगम बयब्स्था, स्वास्थ्य सेवाएं सहित अन्य सेवा मेला समितियों के सहयोग से किया जा रहा है।



स्थानीय लोग बताते हैं कि बाघोपुर मनोकामना दुर्गा मंदिर की महिमा अपरंपार है। जो भी सच्चे मन से माता के दरबार में आते हैं उनकी मुरादें निश्चित ही पूरी होती है। पूजा के दौरान काफी संख्या में भक्त माता के मंदिर में कलश स्थापित कर पूजा-अर्चना करते हैं। मेला समिति के द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान भव्य मेला का आयोजन कराया जाता है। माता का पट खुलते ही दर्शन को लेकर क्षेत्र के हजारों लोगों की भीड़ रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि माता के दरबार में आने वाले जिस भी भक्त का मनोकामना पूर्ण होता है। वह पूजा के दिन माता का दर्शन करने जरूर आते है। और पूरे परिवार के साथ माता के दरबार में आकर पूजा अर्चना में भाग लेकर संध्या आरती में भी भाग लेकर माता को तरह तरह प्रसाद वस्त्र आदि चढ़ाकर माता का आशिर्वाद प्राप्त करते है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षों पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति को माता स्वप्न में दिखी थी। उसी के बाद से ही इस मंदिर में माता की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत रूप से प्रत्येक वर्ष पूजा अर्चना होती आ रही है। दूर दराज से पहुंचने वाले माता के दर्शन करने वाले भक्तों के लिए पूजा अर्चना के साथ मंदिर परिसर में भव्य मेला लगाया जाता है। जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के झूले और मिठाई खिलौने की दुकानें लगाई जाती है। मेला समिति सदस्यों के साथ साथ स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शांतिपूर्वक मेला संपन्न कराया जाता है। शांति व्यवस्था में पूजा संपन्न को लेकर पुलिस पदाधिकारियं की भी तैनाती रहती है।

# क्षत्रिय सम्मेलन में आरके सिंह ने चलाया सियासी 'तीर'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद आरके सिंह ने कहा कि वोट वहीं दें जिस दल में समाज को सबसे अधिक सम्मान और महत्व मिले। उन्होंने अपने ही दल के बिहार नेतृत्व से लेकर केंद्रीय नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार भाजपा के मंच पर किसी भी क्षत्रिय समाज का प्रतिनिधित्व नहीं है, जबकि केंद्र की सत्ता में इसका कोई महत्व नहीं है।

वे मंगलवार की शाम आरा शहर के बाबू बाजार स्थित क्षत्रिय कल्याण संगठन के कार्यालय का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के कारण लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। जहां पांच किलो अनाज मिलना चाहिए वहां चार किलो मिलता है, रोजगार के लिए कारखाना नहीं, पढ़ाई के लिए अच्छे स्कूल नहीं।

संचालन डॉ. कुमार जितेन्द्र ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष राम कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. विकास सिंह, डॉ. विजय सिंह, डॉ.पी सिंह, मुखिया मंटू सिंह, राकेश सिंह, विश्वनाथ सिंह, राणा सिंह व जितेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

दूसरी ओर, बिहार सरकार के मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा ने अगिआंव विधानसभा के गड़हनी स्थित रामदहीन मिश्रा उच्च विद्यालय खेल मैदान में मंगलवार को एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। यहां उन्होंने कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार है इस कारण विकास हो रहे हैं। विकास की गति को और तेजी से बढ़ाने के लिए एनडीए के उम्मीदवार को विधानसभा चुनाव में जीत दिलाएं।

उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश और बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह



विधानपार्षद श्रीभगवान सिंह ने राजद पर तीखा हमला बोला और उनके कुशासन को याद कराया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के चलते बिहार में बुनियादी ढांचे से लेकर सामाजिक योजनाओं तक में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। वहीं, पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह ने कहा कि नीतीश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं चला रही है। उन्होंने 2025 में 225 और फिर से नीतीश अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज तथा जदयू जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने संचालन किया।

सम्मेलन में विधानपार्षद राधाचरण साह, पूर्व विधायक सुनील पांडे, लोजपा (आर) के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, लोजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट, हम के प्रवक्ता पिंटू रजक, प्रभुनाथ प्रसाद, विद्यानंद विकल समेत कई नेताओं ने कार्यकताओं को संबोधित किया।

दूसरी ओर साक्षर भारत मिशन कार्यक्रम के प्रेरकों ने सम्मेलन में मंत्री रत्नेश सदा सहित अन्य नेताओं को समायोजन को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रेरक विजय ओझा ने बताया कि मद्य निषेध मंत्री ने प्रेरकों के समायोजन को लेकर आश्वासन दिया तथा मुख्यमंत्री से चर्चा करने की बात कही।

# बर्थडे पार्टी से लौट रहे किशोर को अपराधियों ने मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीपुरी रेलवे ढाला के निकट दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट कर अपने घर जा रहे एक किशोर को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार कर घायल कर दिया। गोली मारने के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए। घटना की जानकारी घायल के परिवार वालों एवं वैशाली थाने की पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही घायल के परिवार वाले एवं वैशाली थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने घायल का इलाज किया। किशोर को दाहिने पैर के जंघा में एक गोली मारी गई है। घायल किशोर वैशाली के चार मुखी मंदिर निवासी रामेश्वर राय के 17 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार बताया गया।

इस संबंध में घायल के बयान पर दो अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घटना के संबंध में बताया गया कि मनीष कुमार मुजफ्फरपुर जिले के सरैया में अपने दोस्त



के बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए रिश्तेदार के साथ बाइक से गया था। शामिल होने के बाद वह अपने रिश्तेदार के साथ लौट गया। उसके रिश्तेदार ने बगल के आरा मशीन के निकट बाइक से उसे छोड़ दिया। वहां से वह पैदल अपने घर मोबाइल देखते हुए जा रहा था। इसी दौरान ग्लैमर बाइक से दो बदमाश आया और उस नाम पूछने लगा। इसी दौरान दोनों के बीच कहां सुनी हुई। धीरे-धीरे विवाद बड़ा और बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दिया। गोली मारकर मौके से बाइक सवार बदमाश फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

घटना के संबंध में घायल मनीष कुमार ने बताया कि वह अपने जीजा के साथ सरैया में एक दोस्त के जन्मदिन में शामिल होने के लिए गया था। उसके जीजा ने बाइक से आरा मशीन के पास छोड़ दिया।

## अररिया एसपी को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

**अररिया।** जिले में पदस्थापित एसपी अंजनी कुमार को राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्त हुआ है। बता दें कि उन्हें सोनपुर में तत्कालीन अपर एसपी के पद पर उत्कृष्ट व सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा गया है। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा निर्गत प्रशंसा पत्र एवं पुलिस पदक सम्मान को डीजीपी विनय कुमार ने 24 सितम्बर को अररिया जिले के वर्तमान एसपी अंजनी कुमार को प्रदान किया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार को यह सम्मान मिलने पर डीजीपी विनय कुमार ने भी खुशी जताई है। डीजीपी ने कहा कि अंजनी कुमार पुलिस सेवा में रहते हुए जो बेहतरीन काम किया, उसके लिए उन्हें राष्ट्रपति ने सम्मानित किया है। कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहते हुए आगे भी उन्हें इसी तरह सम्मान मिले , इसके लिए डीजीपी ने वर्तमान अररिया पुलिस अधीक्षक को शुभकामनाएं दी है।

CMYK

# महीने के अंत में दौड़ने लगेगी पटना में मेट्रो रेल : जिवेश कुमार

## अगले वर्ष तक कचरा मुक्त होंगे बिहार के शहर, कचरा प्रबंधन को लेकर सरकार गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार ने कहा कि इस महीने के अंत तक पटना में मेट्रो रेल का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण में प्राथमिक कॉरिडोर में कुल पांच स्टेशनों यथा आईएसबीटी, जीरो माइल, भूतनाथ, खेमनीचक एव मलाही पकड़ी के बीच परिचालन शुरू किया जा रहा है जिसकी कुल लम्बाई 6.20 किलोमीटर है। नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार बुधवार को स्वच्छता ही सेवा-2025 कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने नगर विकास एवं आवास विभाग की उपलब्धियों का ब्यौरा पेश करते हुए कहा कि कभी बजबजाती गंदगी और कचरों के अंबार को लेकर चर्चा में रहने वाले बिहार के विभिन्न शहर अब देशभर में अपनी स्वच्छता का परचम लहरा रहे हैं। जिवेश कुमार ने कहा कि देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवारा मनाया जा रहा है, लेकिन बिहार में त्योहारों के इस मौसम में यह 17 सितंबर से 29 अक्टूबर तक यह स्वच्छोत्स्व के रूप में करीब डेढ़ महीने तक मनाया जा रहा है। इस मौके पर नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा, संयुक सचिव अभिलाषा शर्मा और पटना के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर मौजूद थे। नगर विकास मंत्री ने पटना मेट्रो रेल की चर्चा करते हुए कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजन के फेज-2 के तहत बिहटा, एम्स तथा कई अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से जोड़ा जाएगा। जिवेश कुमार ने दावा किया कि अगले एक वर्ष में बिहार पूरी तरह कचरा मुक्त राज्य होगा और राज्य के किसी भी कोने में कचरे का अंबार नहीं दिखेगा। वर्ष 2024 में केन्द्रीय स्तर पर कचरा मुक्त 100 शहरों की सूची में बिहार की राजधानी पटना और गया को थ्री स्टार रेटिंग तथा भागलपुर और सुपौल को वन स्टार रेटिंग प्रदान किया गया है। साथ ही, वर्ष 2024 में स्वच्छता सर्वेक्षण में गंगा टाउन श्रेणी में शामिल कुल 88 शहरों में पटना को देशभर में चौथा, भागलपुर को 15वां, छपरा को 19वां और मुंगेर को 20वां स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में शहरीकरण के विस्तार एवं बढ़ती आबादी के कारण विगत वर्षों में शहरी नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल का अभाव था। वर्ष 2011 के सर्वे के अनुसार राज्य के शहरी क्षेत्र में मात्र 3.26 लाख घरों को ही जलापूर्ति की जाती थी। लेकिन आज शुद्ध नल-जल योजना, मुख्यमंत्री शहरी शहरी पेयजल निश्चय योजना तथा अमृत योजना के तहत कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप अब कुल 29.68 लाख घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में नागरिकों की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री सुरक्षित सुशासित शहर के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही नगर निकायों में बहुद्देश्यीय आयोजनों के लिए सम्राट अशोक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर नगर विकास एवं आवास मंत्री ने शहरी क्षेत्र के विकास के लिए शुरू की गई दर्जनों योजनाओं का विस्तार से चर्चा की। जिसमें आधुनिक शवदाह गृह से लेकर नदी के तट पर बसे शहरों के विकास और जल-जीवन-हरियाली अभियान भी शामिल हैं।

# युवाओं के लिए 6 अक्टूबर से नि:शुल्क रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण

## तीन महीने का नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में उद्योग विभाग और भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के संस्थान टीआरटीसी, पटना की ओर से नि:शुल्क रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। यह कार्यक्रम टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर, पटना में आयोजित होगा और 6 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से नि:शुल्क और आवासीय होगा। प्रशिक्षण की अवधि तीन महीने की होगी जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिदिन 8 घंटे की क्लास दी जाएगी। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक और प्रायोगिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों से 1000 रुपये कॉशन मनी के रूप में शुल्क लिया जाएगा जिसे प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वापस कर दिया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान रहने और खाने की पूरी व्यवस्था संस्थान की ओर से की जाएगी जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र भी बिना किसी बाधा के प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। प्रवेश के लिए शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है। कोर्स संख्या 1 से 3 के लिए उम्मीदवारों का बारहवीं, आईटीआई या डिप्लोमा पास होना अनिवार्य है। वहीं, कोर्स संख्या 4 (एसी और फ्रिज रिपेयरिंग) के लिए बारहवीं या आईटीआई (इलेक्ट्रीशियन ट्रेड) पास होना जरूरी है। उम्मीदवारों की आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित की गई है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार के युवाओं को तकनीकी शिक्षा देकर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उम्मीदवार निजी उद्योगों, सरकारी योजनाओं, स्टार्टअप्स और स्वरोजगार के क्षेत्र में कदम बढ़ा सकेंगे। बिहार सरकार ने युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और कौशल विकास के जरिए अपने करियर को नई ऊंचाई दें।

# मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना से किसानों तक पहुंच रहे आधुनिक कृषि यंत्र

## 50% की राशि ऋण (ब्याज सहित) तथा 50% की राशि अनुदान के रूप में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना ने किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों तक पहुंच आसान बना दी है। पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समिति) अब न सिर्फ किसानों को समय पर ट्रैक्टर, थ्रेशर, रीपर जैसे यंत्र उपलब्ध करा रही हैं, बल्कि उनकी आय बढ़ाने में भी मददगार साबित हो रही है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है। इस योजना के माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्र हर खेत तक पहुंच रहे हैं जिससे खेती लाभकारी बन रही है तथा गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। सरकार का लक्ष्य है कि सहकारिता आंदोलन के जरिये हर किसान को तकनीकी सुविधा समय पर उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना बिहार सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य राज्य के पैक्सों में कृषि उपकरण बैंक स्थापित करना है जिसके माध्यम से लघु एवं सीमांत कृषकों तक आधुनिक कृषि उपकरणों की पहुंच सुनिश्चित हो। सहकारिता विभाग ने मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी पैक्सों को निर्देश दिया गया है कि वे यंत्रवार लॉगबुक, किराया बुकिंग व प्राप्ति पंजी, परिसंपत्ति पंजी और मरम्मति पंजी को नियमित रूप से संधारित करें। इन अभिलेखों से न केवल किसानों को भरोसा मिलता है, बल्कि पैक्स की आय का भी सही लेखा-जोखा तैयार होता है। राज्य सरकार द्वारा इस योजनान्तर्गत प्रत्येक पैक्सों को कृषि यंत्रों के क्रय हेतु कुल 15 लाख रूपया प्रदान किया जाता है जिसमें 50% की राशि ऋण (ब्याज सहित) तथा 50% की राशि अनुदान के रूप में दी जाती है।

# विकसित भारत का अमृत काल : लखीसराय में चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**लखीसराय/पटना।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रादेशिक कार्यालय पटना द्वारा लखीसराय के कनीराम खेतान उच्च विद्यालय मैदान में विकसित भारत का अमृत काल : सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा फीता काटकर किया गया। साथ में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकास कार्यों तथा गरीब कल्याण के माध्यम से विकसित भारत की नींव रखी गई है।

केंद्र सरकार द्वारा आम जनता के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अनेक प्रभावशाली उपलब्धियां प्राप्त की गई हैं। 81 करोड़ लोगों को अनाज उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से 4 करोड़ लोगों को आवास प्राप्त हुआ है।

चित्र प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें विशेष रूप से बिहार के विकास के आयामों को चित्रों द्वारा प्रस्तुत किया है। उन्होंने प्रदर्शनी को आम जनता के लिए उपयोगी बताया तथा लखीसराय की आम जनता से इसका अवलोकन करने की अपील की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंर्तगत वृक्षारोपण किया। उनके द्वारा विकसित भारत : विकसित बिहार हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते हुए शुभकामनाएँ दी गईं।

जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने चित्र प्रदर्शनी का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि इसमें बिहार के विकास की गाथा चित्रों द्वारा प्रस्तुत की गई है। उनके द्वारा प्रदर्शनी के लिए तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को लखीसराय पर एक कॉफी टेबल बुक भी भेंट की गई। सीबीसी पटना के कार्यालय प्रमुख कुमार सौरभ ने सभी अतिथियों का स्वागत तथा विषय प्रवेश करते हुए कहा कि इस चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा किए कार्यों को दिखाया जा रहा है। जागरुकता कार्यक्रम स्थल पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, एसएसबी, सीआरपीएफ, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, जीविका, डाक विभाग, लीड बैंक सहित अनेक विभागों के स्टॉल भी लगाए गए हैं तथा आम जनता को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारी नवल किशोर झा, ग्यास अख्तर तथा सुदर्शन किशोर झा भी उपस्थित थे। यह जागरुकता कार्यक्रम सह चित्र प्रदर्शनी 28 सितंबर तक चलेगी। प्रदर्शनी में प्रवेश सभी के लिए निः शुल्क है।

# शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को बैंक ऑफ बड़ौदा ने 10 करोड़ के चेक दिए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पुलिस मुख्यालय, पटना में आयोजित एक विशेष समारोह में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से कुल 10 करोड़ रुपये के चेक वितरित किए। यह वितरण पुलिस मुख्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान किया गया जिसमें पुलिस विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन एवं डॉ. कमल किशोर भी मौजूद थे। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से जोनल हेड सुब्रत कुमार स्वैन, रीजनल हेड नलिन कुमार और डीजीएम डिफेंस दीपक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में शामिल हुए। इस वितरण के साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा वेतन पैकेज से जुड़े बीमा पैकेज के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों की कुल संख्या 62 हो गई है। अब तक बैंक द्वारा कुल 18 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। हाल ही में दुर्घटनाओं में दिवंगत हुए चार पुलिसकर्मियों के परिजनों को 1.70 करोड़ रुपये प्रत्येक के चेक प्रदान किए गए। इनमें दो महिला कांस्टेबलों के परिजन भी शामिल हैं जिनकी असामयिक मृत्यु क्रमशः 30 और 24 वर्ष की आयु में हुई। उल्लेखनीय है कि बिहार पुलिस ने 23 अगस्त 2024 को बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था जिसके तहत पुलिसकर्मियों का वेतन बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से वितरित किया जा रहा है।

## भाजपा जिला कोर कमिटी की बैठक में चुनावी तैयारी की समीक्षा

# भाजपा लोगों से राय मशविरा कर चुनाव में आगे बढ़ेगी : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सरकारी आवास 5, देशरत्न मार्ग पर आज भाजपा जिला कोर कमिटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के जिला कोर कमिटी के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारी की व्यापक समीक्षा की गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने बताया कि भाजपा संगठन वाली पार्टी है। भाजपा के 52 सांगठनिक जिले हैं। आज 26 जिलों के कोर कमिटी के सदस्यों की बैठक हो रही है और दूसरे दिन शेष जिलों की बैठक होगी। बैठक में राजनीतिक समीक्षा की गई और क्षेत्रवार स्थिति को समझा गया। इसके अलावा चुनाव की रणनीति तैयार करने को लेकर बैठक की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और सभी चीजों में पारदर्शिता रखने के लिए कोर कमिटी से विचार-विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी लोगों से राय विमर्श कर चुनाव में आगे बढ़ेगी। बैठक में संबंधित जिलों में विपक्ष की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि बैठक में सभी जिलों के सदस्यों से अलग-अलग विस्तृत चर्चा की गई और चुनावी रणनीति को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में भाजपा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, सांसद डॉ. संजय जायसवाल, सांसद एवं बिहार के सह प्रभारी दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया भी उपस्थित रहे और उपस्थित कोर कमिटी के लोगों को चुनावी टिप्स दिए।

# इएसआइसी की नई अमनेस्टी योजना पर क्षेत्रीय निदेशक की रजिस्ट्रार के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने व्यवहार न्यायालय (सिविल कोर्ट), पटना के रजिस्ट्रार धनंजय पाण्डेय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पल्लवी आनंद से मुलाकात की और नई अमनेस्टी योजना 2025 की जानकारी साझा की। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के अंतर्गत दायर मुकदमों की वापसी के लिए सरकार द्वारा यह योजना लायी गयी है। उन्होंने बताया कि एमनेस्टी स्कीम 2025 एक एकमुश्त विवाद समाधान पहल है जिसका उद्देश्य अदालती मामलों के लंबित मामलों को कम करना और इएसआइ अधिनियम के अनुपालन को बढ़ावा देना है।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में इओयू की इंजीनियर के ठिकानों पर छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने विद्युत विभाग के समस्तीपुर के अधीक्षण अभियंता के ठिकानों पर छापेमारी की गई। बुधवार की सुबह ईओयू की अलग-अलग टीमों ने उनके सीवान जिला के रघुनाथपुर थाना स्थित उनके पैतृक ग्राम सांठी, सीवान नगर थाना के आंदर ढाला स्थित लक्ष्मीपुर स्थित आवास कुंटी कुटीर एवं हुसैनगंज थाना के रसीदचक गांव स्थित निवास के अलावा पटना के दानापुर के कोथवां स्थित काश्यप ग्रीन सिटी और समस्तीपुर स्थित नार्थ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूसन कंपनी लिमिटेड के सरकारी कार्यालय एवं आवास में एकसाथ छापेमारी की गई। इन सभी ठिकानों पर तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में दस्तावेज, निवेश से संबंधित कागजात समेत अन्य कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। फिलहाल इनकी जांच चल रही है। इओयू से प्राप्त सूचना के अनुसार, अब तक की जांच में उनके ज्ञात स्रोतों 2 करोड़ 74 लाख रुपये की तुलना में कहीं अधिक 4 करोड़ 87 लाख 30 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति सामने आई है, जो इनके आय के वैद्य स्रोतों से 77.84 प्रतिशत अधिक है।

# एनडीए और इंडिया गठबंधन से अलग रहकर चुनाव लड़ेगी एनसीपी : बृजमोहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार की ओर से बुधवार को राजधानी के रवीन्द्र भवन में बिहार सृजन संकल्प सभा का आयोजन किय गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राकांपा अजीत पवार के राष्ट्रीय महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया और एनडीए से अलग रहकर सम्मान जनक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि राकांपा के भाजपा के साथ गठबंधन सिर्फ केन्द्र सरकार व महाराष्ट्र के लिए है। बाकी प्रदेशों में हम चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि बिहार प्रदेश में उनका संगठन मजबूत है और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं से विमर्श कर चुनावी रणनीति तय करेगी। राकांपा के बिहार के पर्यवेक्षक व राष्ट्रीय सचिव सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि चुनाव में पार्टी के पुराने व समर्पित कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जायेगी। इस मौके पर युवा राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा ने कहा कि युवा मजबूत होंगे तो पार्टी स्वतः मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण में युवाओं को तरजीह दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में उनकी पार्टी के विधायक, विधान पार्षद व सांसद रहे हैं। इस बार भी पार्टी के युवा सदन तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के युवा प्रतिभान होते हैं पर उन्होंने सुविधा के अभाव में नौकरी के लिए पलायन करना पड़ता है। मौके पर दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि बिहार लोगों को उन्होंने दिल्ली में करीब से देखा है और वे बिहार में उद्योग धंधे न होने की वजह से दिल्ली में दिहाड़ी करते हैं। मौके पर उड़ीसा प्रदेश के अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने कहा कि युवा ही देश की तकदीर बदलेंगे इसलिए पार्टी ने बिहार में युवाओं को तरजीह दी है। मौके पर पार्टी के प्रदेश संयोजक सूर्यकांत कुमार सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी अगर सरकार में आती है तो शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क करेगी। कार्यक्रम में पार्टी के चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष व मीडिया प्रमुख रंजन प्रियदर्शी ने कहा कि उनकी पार्टी का कार्यक्रम पूरे बिहार में चल रहा है और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। जल्द ही पार्टी अपनी अगली रणनीति की घोषणा करेगी। कार्यक्रम का संचालन अतुल्य गुंजन ने किया। कार्यक्रम में तपेन्द्र नारायण उर्फ तप्पू सिन्हा, हीना परवीन, मनोज यादव, योगेन्द्र शुक्ला सहित कई नेताओं ने विचार व्यक्त किये।

# डिजिटल कृषि निदेशालय का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश का पहला डिजिटल कृषि निदेशालय गठित करने का निर्णय लिया है जो राज्य की कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगा। इसके गठन के बाद आधुनिक तकनीक का पहले से कहीं बेहतर इस्तेमाल कृषि के क्षेत्र में हो सकेगा। इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। माना जा रहा है कि डिजिटल और आधुनिक तकनीक से किसानों को जोड़ कर सरकार की कोशिश कृषि उत्पादन को बढ़ाने की है। उत्पादन में बढ़ोतरी होने से किसानों की आय में भारी वृद्धि होगी। कृषि से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल कृषि निदेशालय का गठन होने के बाद किसानों को रियल-टाइम में कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

# अखिल भारत चरखा संघ का शताब्दी समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल, अहिंसा वाहिनी, बिहार नशाबंदी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारत चरखा संघ का शताब्दी समारोह आदिवासी कॉलोनी पटना में चंद्र भूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस समारोह में सर्वोदय नेता प्रमोद कुमार शर्मा, सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार, सीमा कुमारी, क्रांति बहन, मंगल कुमार, अंकित कुमार, सुभाष यादव, मनोज कुमार आदि उपस्थित होकर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 24 सितंबर 1924 को आज के ही दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सदाकत आश्रम पटना में चरखा संघ की स्थापना किए थे जिसके प्रथम अध्यक्ष स्वयं महात्मा गांधी थे और उसी समय बिहार शाखा के अध्यक्ष डॉ देशरत्न राजेंद्र प्रसाद एवं मंत्री लक्ष्मी नारायण भाई को चुना गया। इस अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने बताया कि बिहार में सर्वोदय का कार्य 1924 से ही शुरू हुआ। पूरे देश में चरखा और खादी ग्रामोद्योग का एक सफल प्रयोग शुरू हुआ। चरखा संघ के माध्यम से बिहार में भूदान आंदोलन का उद्देश्य जन-जन तक पहुंचाया गया। सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ऑनलाइन बताया कि बिहार में गांधी जी का प्रवास करीब 400 दिन रहा और वे 24 बार बिहार आए।

# विदेशी बाजारों तक बिहार के कृषि उत्पादों की पहुंच हुई आसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में पिछले दिनों एपीडा का कार्यालय खुलने से कृषि उत्पादों का निर्यात सुविधाजनक हो गया है। अब बिहार के कृषि उत्पाद आसानी से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंचेंगे और बिहारी ब्रांड दुनिया के विभिन्न देशों में लोकप्रिय हो सकते हैं। इस कार्यालय के खुलने से वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके मिथिला मखाना, शाही लीची, जर्दालु आम, मर्चा धान, कतरनी चावल और तिलकुट जैसे बिहार के पारंपरिक कृषि उत्पादों का निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। सरकार के इस प्रयास से बिहार के कृषि उत्पादों के निर्यात में तेजी आएगी, जिसका पूरा लाभ बिहार के किसानों और अर्थव्यवस्था को मिलेगा। बिहार सरकार विगत 20 वर्षों से किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम कर रही है, जिसके कारण किसानों की आय कई गुना बढ़ी है। इसी कड़ी में अब विदेशों में कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलने से बिहार के किसानों की आय और अधिक बढ़ेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि पटना में एपीडा कार्यालय की स्थापना राज्य के कृषि निर्यात के लिए गेम-चेंजर साबित होगी। अब निर्यातकों को वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

# अमृत भारत ट्रेन विषय पर सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल, वारसलीगंज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अमृत भारत ट्रेन की लोकप्रियता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालयों एवं विद्यार्थियों की रुचि को देखते हुए आज दानापुर मंडल के वारसलीगंज के सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देता रहता है। इसी कड़ी में स्कूल के विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन को लेकर उनकी उत्सुकता को देखते हुए प्रतियोगिताओं की सीरीज के क्रम में वारसलीगंज के सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अमृत भारत ट्रेन पर आधारित इस निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः नवमी की छात्रा सानू प्रिया, दसवीं के छात्र प्रियांशु कुमार तथा आयुष कुमार को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल संतोष कुमार की निगरानी में स्कूल के टीचर गुलशन कुमार, सी.के.पांडे एवं कंचन कुमार तथा दानापुर मंडल के कल्याण निरीक्षक पंकज कुमार की उपस्थित में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। छात्रों में अमृत भारत ट्रेन की लोकप्रियता को देखते हुए दानापुर मंडल में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न स्कूलों में लगातार आयोजित किया जा रहा है।

CMYK

## संपाकीय

# हितों पर चोट

जीएसटी से उपभोक्ताओं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम स्तर के उद्योगों को राहत मिलने की उम्मीद

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार सोमवार से लागू हो गए। इसके बाद कई आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर दरों में कटौती से आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि इससे स्थानीय विनिर्माण आधार को भी मजबूती मिलेगी तथा बचत, निवेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसमें दोराय नहीं कि वर्ष 2017 में शुरू हुए जीएसटी के सफर में सुधारों का यह महत्त्वपूर्ण पड़ाव है। इससे न केवल उपभोक्ताओं, बल्कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम स्तर के उद्योगों को भी राहत मिलने की बात की जा रही है। मगर, सवाल यह है कि क्या करों में कटौती का सीधा और तत्काल लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच पाएगा? हालांकि, सरकार का दावा है कि यह सुनिश्चित करने के लिए माकूल व्यवस्था की जा रही है, लेकिन यह भी सच है कि करों में कटौती के प्रभाव को लेकर आम उपभोक्ताओं के पिछले अनुभव संतोषजनक नहीं रहे हैं। ऐसे में देखना होगा कि मौजूदा कर सुधार उम्मीदों की कसौटी पर कितने खरे उतर पाते हैं। जीएसटी सुधारों की एक खास बात यह है कि अब इसमें मुख्य रूप से पांच फीसद और अठारह फीसद की सिर्फ दो श्रेणियां रखी गई हैं। इसके तहत कई आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर की दर घटाकर पांच फीसद या शून्य कर दी गई है। जीवन रक्षक दवाएं, जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा अब कर-मुक्त हो गए हैं। खेती-किसानी के लिए जरूरी कृषि उपकरणों पर कर दरों को भी तर्कसंगत बनाया गया है। सरकार का मानना है कि जीएसटी की दरों में कमी से किराने और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के खर्च में करीब तेरह फीसद की बचत होगी, जबकि शिक्षा से जुड़ी सामग्री, कपड़े, जूते और दवाइयों की खरीद पर 7-12 फीसद की बचत का अनुमान है। कम कर, कम कीमतें और सरल नियमों का मतलब है बेहतर बिक्री, कम अनुपालन बोझ और अवसरों में वृद्धि होगी। इससे छोटे उद्योगों, व्यापारियों और दुकानदारों को भी कारोबार में आसानी होने की उम्मीद है। चूंकि, ये कर सुधार त्योहारों की शुरूआत पर नवरात्रि के पहले दिन लागू हुए हैं, इसलिए सरकार की ओर से इन्हें 'जीएसटी बचत उत्सव' के नाम से प्रचारित किया जा रहा है। मगर उपभोक्ता के लिए असली उत्सव तब होगा, जब वास्तव में उन्हें कर छूट का सीधा लाभ मिलेगा। एक बड़ी समस्या यह भी है कि जिन कंपनियों के पास पहले से तैयार सामान का भंडार है, क्या वे उस पर दाम कम करेंगी। हालांकि, सरकार की ओर से इसके लिए दिशा-निर्देश बनाए गए हैं, लेकिन आम उपभोक्ताओं का एक वर्ग अब भी भ्रम

# युद्ध-आतंक के दौर में शांति के लिये भारत की पुकार

**विश्व शांति की दिशा में भारत का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है और वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार 'वसुधैव कुटुंबकम्' और 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश देकर मानवता को एक साझा परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी है। संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर मोदी ने संवाद, कूटनीति, अहिंसा और सहअस्तित्व को संघर्ष और युद्ध से बेहतर विकल्प बताया है। भारत के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शांति और सतत विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी गई। आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग, योग को विश्व स्तर पर शांति और मानसिक संतुलन का साधन बनाना, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए 'अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन' दुनियाभर विश्व अहिंसा दिवस मनाने जैसे प्रयास भी विश्व शांति को दीर्घकालिक आधार प्रदान करते हैं।**

(ललित गर्ग)

आज विज्ञान और तकनीक ने मानव को अभूतपूर्व शक्ति और संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भय, हिंसा, तनाव और असुरक्षा भी बढ़ी है। परमाणु हथियारों की दौड़ ने धरती को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया है। आर्थिक असमानताएँ और संसाधनों की होड़ युद्धों और संघर्षों को जन्म दे रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस, जिसे प्रतिवर्ष 21 सितंबर को मनाया गया, आज के समय की सबसे बड़ी मानवीय आवश्यकता की याद दिलाता है। जब पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, जलवायु संकट और असमानताओं के दौर से गुजर रही हो, तब शांति का महत्व केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार बन जाता है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने मानव सभ्यता को केवल विनाश ही दिया है। दो विश्वयुद्धों में करोड़ों लोगों की जान गई, असंख्य परिवार उजड़ गए और सभ्यता के सपनों पर गहरी चोट लगी। आज भी यूक्रेन से लेकर सीरिया, अफगानिस्तान और अफ्रीका तक की धरती पर संघर्ष और आतंकवाद की आग धधक रही है। निर्दोष नागरिक, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ा झेल रहे हैं। शरणार्थियों की भीड़, विस्थापितों के आँसू और टूटे हुए घर-परिवार इस बात का सबूत हैं कि युद्ध और आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि और बड़ी समस्या पैदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना ही इसी उद्देश्य से हुई थी कि विश्व में शांति और सहयोग कायम हो। इसी क्रम में 1981 में महासभा ने 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस घोषित किया, ताकि पूरी दुनिया को यह याद दिलाया जा सके कि युद्धविराम, संवाद और अहिंसा ही मानव सभ्यता की रक्षा कर सकते हैं। इस दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शांति की घंटी बजाई जाती है, जो यह प्रतीक है कि जब तक धरती पर शांति नहीं होगी, तब तक जीवन सुरक्षित नहीं हो सकता।

आज विज्ञान और तकनीक ने मानव को अभूतपूर्व शक्ति और संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भय, हिंसा, तनाव और असुरक्षा भी बढ़ी है। परमाणु हथियारों की दौड़ ने धरती को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया है। आर्थिक असमानताएँ और संसाधनों की होड़ युद्धों और संघर्षों को जन्म दे रही हैं। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट नए विवादों एवं संकटों को जन्म दे रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि एक चेतावनी और आह्वान है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम हिंसा और युद्ध की संस्कृति से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सहयोग की संस्कृति को स्थापित कर सकते हैं, क्या हम धर्म, जाति और राजनीति की संकीर्णताओं से निकलकर एक वैश्विक परिवार के रूप में जी सकते हैं, क्या हम शिक्षा, करुणा और अहिंसा को अपने जीवन और समाज का आधार बना सकते हैं।



विश्व शांति की दिशा में भारत का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है और वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार 'वसुधैव कुटुंबकम्' और 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश देकर मानवता को एक साझा परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी है। संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर मोदी ने संवाद, कूटनीति, अहिंसा और सहअस्तित्व को संघर्ष और युद्ध से बेहतर विकल्प बताया है। भारत के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शांति और सतत विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी गई। आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग, योग को विश्व स्तर पर शांति और मानसिक संतुलन का साधन बनाना, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए 'अंतरराष्टीय सौर गठबंधन' दुनियाभर विश्व अहिंसा दिवस मनाने जैसे प्रयास भी विश्व शांति को दीर्घकालिक आधार प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि 'शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सहयोग की उपस्थिति है।' उनके नेतृत्व में भारत विश्व को न केवल आर्थिक और राजनीतिक सहयोग दे रहा है, बल्कि नैतिकता, अहिंसा, योग और सांस्कृतिक रूप से भी शांति की राह दिखा रहा है। महात्मा गांधी ने कहा था-'शांति का कोई रास्ता नहीं, शांति ही रास्ता है।' गांधी का यह विचार आज और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। नेल्सन मंडेला ने भी कहा था-'शांति का निर्माण हथियारों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और मेल-जोल से होता है।' संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस बार-बार यह चेतावनी देते रहे हैं कि दुनिया को हथियारों की नहीं, बल्कि कूटनीति और संवाद की आवश्यकता है। शांति केवल एक आदर्श नहीं, यह सभी के जीवन और विकास का अधिकार है। महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग दिखाया, वह आज भी वैश्विक शांति की सबसे बड़ी आशा है। स्वामी विवेकानंद ने भी विश्व धर्म महासभा में यह संदेश दिया था कि समस्त धर्म मानवता को जोड़ने के लिए हैं, बाँटने के लिए नहीं। आज संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भारत की भूमिका सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण है, भारतीय सैनिक और अधिकारी अनेक देशों में जाकर शांति स्थापना के मिशनों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। भारत ने न केवल सिद्धांतों से बल्कि व्यवहार में भी यह दिखाया है कि शांति उसका मूल आदर्श है। इन विचारों और योगदानों की गूंज आज के समय में हमें सचेत करती है। अगर मानवता को बचाना है तो युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को छोड़कर केवल शांति को अपनाना होगा। जब व्यक्ति, समाज और राष्ट्र स्तर पर शांति की चेतना जागेगी तभी सभ्यता का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम सहअस्तित्व, करुणा और संवाद की राह पर चलें और पूरी दुनिया को भय और हिंसा से मुक्त करके एक शांति और समरसता से भरा वैश्विक परिवार बनाएं।

संघर्ष की अग्रिम पंक्तियों पर तैनात शांति सैनिकों से लेकर समुदाय के सदस्यों और दुनिया भर के कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों तक, हर किसी की शांतिपूर्ण विश्व संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें हिंसा, नफ़रत, भेदभाव और असमानता के खिलाफ़ आवाज़ उठानी होगी; सह-अस्तित्व का अभ्यास करना होगा; और अपनी दुनिया की विविधता को अपनाना होगा। शांति-स्थापना की कार्रवाई करने के कई तरीके हैं। समझदारी, अहिंसा और निरस्त्रीकरण की तत्काल आवश्यकता के बारे में बातचीत शुरू करें। अपने समुदाय में स्वयंसेवा करें, अपनी आवाज़ से अलग आवाज़ों को सुनें, अपने कार्यस्थल पर भेदभावपूर्ण भाषा एवं व्यवहार को चुनौती दें, ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों तरह से अशांति फैलाने वालों की रिपोर्ट करें, और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले तथ्यों की पुष्टि ज़रूर करें। आप अपनी पसंद के बारे में भी बता सकते हैं, सामाजिक रूप से जागरूक ब्रांडों से सामान खरीदने का विकल्प चुन सकते हैं, या स्थिरता और मानव अधिकारों को बढ़ावा देने वाले संगठनों को दान दे सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकारों को आगे बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से लड़ने, तथा संघर्ष को रोकने और उसका जवाब देने के लिए वैश्विक प्रयासों का नेतृत्व करता है। वह शांति निर्माण आयोग के माध्यम से, जो 2025 में अपनी बीसवीं वर्षगांठ मना रहा है, गरीबी, असमानता, भेदभाव और अन्याय- हिंसा के सभी संभावित कारणों को दूर करने के लिए कार्य करता है।

## राजद प्रवक्ताओं का टीवी डिबेट्स में व्यवहार- लोकतंत्र की गरिमा पर सवाल

(आशीष कुमार 'अंशु')

राजद प्रवक्ताओं की सबसे बड़ी कमी उनकी तथ्यहीनता और तैयारी की कमी है। जब उनसे तथ्य और आंकड़े मांगे जाते हैं, तो वे या तो विषय बदल देती हैं या फिर चीख-चिल्लाकर माहौल को तनावपूर्ण बनाने की कोशिश करती हैं।

हाल के दिनों में, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की प्रवक्ताओं-कंचना यादव, सारिका पासवान और प्रियंका भारती-के टीवी डिबेट्स में अभद्र व्यवहार और अपशब्दों से



**इन वायरल वीडियो में कंचना यादव, सारिका पासवान और प्रियंका भारती का अन्य पैनलिस्टों के साथ व्यवहार निंदनीय रहा है। ये प्रवक्ता अक्सर चर्चा के दौरान विषय से भटककर व्यक्तिगत टिप्पणियां करती हैं और विरोधी पक्ष के तर्कों को सुनने की बजाय चीख-चिल्लाकर अपनी बात मनवाने की कोशिश करती हैं।**

भरे वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इन प्रवक्ताओं का आचरण न केवल राजनीतिक चर्चा के स्तर को नीचे लाता है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को भी ठेस पहुंचाता है। न्यूज चैनलों पर होने वाली पैनल चर्चाओं में ये प्रवक्ता तथ्यों और तर्कों के बजाय व्यक्तिगत हमलों, अपशब्दों और प्रोपेगेंडा का सहारा लेती नजर आ रही हैं। इस तरह की हरकतों की कड़ी आलोचना हो रही है, और जनता के बीच इनके प्रति गुस्सा और निराशा साफ देखी जा सकती है।

इन वायरल वीडियो में कंचना यादव, सारिका पासवान और प्रियंका भारती का अन्य पैनलिस्टों के साथ व्यवहार निंदनीय रहा है। ये प्रवक्ता अक्सर चर्चा के दौरान विषय से भटककर व्यक्तिगत टिप्पणियां करती हैं और विरोधी पक्ष के तर्कों को सुनने की बजाय चीख-चिल्लाकर अपनी बात मनवाने की कोशिश करती हैं। उदाहरण के लिए, हाल ही में एक प्रमुख न्यूज चैनल पर आयोजित डिबेट में कंचना यादव ने एक पैनलिस्ट को अपशब्द कहते हुए उनकी योग्यता पर सवाल उठाया। यह व्यवहार न केवल असभ्य था, बल्कि यह भी दर्शाता है कि वे तथ्यपरक चर्चा में हिस्सा लेने के बजाय माहौल को विषाक्त करने में अधिक रुचि रखती हैं। इसी तरह, सारिका पासवान ने एक अन्य चर्चा में बिना किसी तथ्य के विपक्षी दलों पर कीचड़ उछालने की कोशिश की, जिसका कोई ठोस आधार नहीं था। प्रियंका भारती ने भी एक डिबेट में तर्कों को नजरअंदाज करते हुए भावनात्मक प्रोपेगेंडा और महिला व पिछड़ा कार्ड खेलने की कोशिश की, जो उनकी कमजोर तैयारी को उजागर करता है। यह विशेष रूप से शर्मनाक है कि ये प्रवक्ता अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए बार-बार महिला और पिछड़ा होने का कार्ड खेलती हैं। यह रणनीति न केवल पुरानी और घिसी-पिटी हो चुकी है, बल्कि यह समाज के उन लोगों का भी अपमान करती है जो वास्तव में अपने समुदाय के लिए संघर्ष करते हैं।

## जब डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां भारत के ख़िलाफ़ हैं

# ...तो फिर मोदी की नीतियां अमेरिकी हितों पर चोट क्यों न दें?

**यूँ तो पड़ोसी देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, मुस्लिम बहुल अरब देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, आशियान देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, जी-सेवन, ब्रिक्स, जी-20, एससीओ, नाटो, मध्य एशिया, यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया से जुड़ी लुक ईस्ट की नीतियों या फिर संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़े भारतीय नीतियों के दृष्टिगत हमारी गुटनिरपेक्ष सोच सदैव सराहनीय रही है, लेकिन जब हम अपने वैश्विक संरक्षक रूस के साथ, दुःख के दोस्त/मददगार इजरायल के साथ खुलेआम खड़े होने से हिचकते हैं तो कहीं न कहीं अशांति को प्रश्रय देते हैं और भारत के साथ मित्रता का छल रचने वाला अमेरिका यही तो चाहता है।**

(कमलेश पांडेय)

अमेरिका, यूरोप को साथ लेकर जब भी रूस को दबाना चाहे तो हमें खुलेआम रूस के साथ खड़ा होना चाहिए, ताकि अमेरिका संभल जाए। इसी प्रकार जब इजरायल को अरब देश दबाना चाहें तो हमें इजरायल को संरक्षण देना चाहिए, ताकि अरब देश सुधर जाएं।

जब भारत के गांवों में किसी से विवाद बढ़ने पर और घात-प्रतिघात की परिस्थितियों के पैदा होने पर पारस्परिक हुक्का-पानी या उठक-बैठक, खान-पान बन्द करने के रिवाज सदियों से चलते आए हैं, तो फिर वैश्विक दुनियादारी में हमलोग इसे लागू क्यों नहीं कर सकते, ताकि हमारे मुकाबिल खड़े होने वाले देशों को ठोस नसीहत मिल सके। वहीं, अक्सर यह भी कहा जाता है कि जो ज्यादा तेज बनता है वह तीन जगहों पर बदबू फैलाता है। जबकि चतुर व्यक्ति की कोशिश रहती है कि वह तीनों जगहों पर अपनी गमक व महक छोड़े। अव्वल दर्जे पर रूस, अमेरिका और चीन, के साथ भारतीय सम्बन्धों पर, फ्रांस, इजरायल, जापान जैसे दूसरे दर्जे के महत्वपूर्ण देशों के साथ भारतीय सम्बन्धों पर, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया जैसे तीसरे महत्वपूर्ण देशों के साथ भारत के सम्बन्धों पर भी यही बात लागू होती है।

यूँ तो पड़ोसी देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, मुस्लिम बहुल अरब देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, आशियान देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, जी-सेवन, ब्रिक्स, जी-20, एससीओ, नाटो, मध्य एशिया, यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया से जुड़ी लुक ईस्ट की नीतियों या फिर संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़े भारतीय नीतियों के दृष्टिगत हमारी गुटनिरपेक्ष सोच सदैव सराहनीय रही है, लेकिन जब हम अपने वैश्विक संरक्षक रूस के साथ, दुःख के दोस्त/मददगार इजरायल के साथ खुलेआम खड़े होने से हिचकते हैं तो कहीं न कहीं अशांति को प्रश्रय देते हैं और भारत के साथ मित्रता का छल रचने वाला अमेरिका यही तो चाहता है।

अमेरिका, यूरोप को साथ लेकर जब भी रूस को दबाना चाहे तो हमें खुलेआम रूस के साथ खड़ा होना चाहिए, ताकि अमेरिका संभल जाए। इसी प्रकार जब इजरायल को अरब देश दबाना चाहें तो हमें इजरायल को संरक्षण देना चाहिए, ताकि अरब देश सुधर जाएं। इसी प्रकार जब चीन भारत के पड़ोसियों में दिलचस्पी ले, आशियान देशों, अरब देशों, यूरोपीय देशों, अफ्रीकी देशों में अपनी पैठ बढ़ाए तो जापान,



रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील को साधकर संतुलित प्रतिरक्षात्मक नीति अपनाए। क्योंकि अमेरिका और चीन हमारे साथ शत्रुतापूर्ण चालें हमेशा चलते रहेंगे। पाकिस्तान परस्त तुर्की, अमेरिका परस्त सऊदी अरब आदि कभी हमारे स्वाभाविक मित्र नहीं हो सकते। इसलिए वैश्विक कूटनीति में रूस, इजराइल, जापान, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी आदि देशों के कूटनीतिक व प्रतिरक्षात्मक महत्व हैं, जिसके दृष्टिगत ही हमें कोई भावी कदम बढ़ाने चाहिए।

इसके लिए हमें पाकिस्तान और बंगलादेश जैसे इस्लामिक दुश्मनों के दिनदहाड़े सफाए की योजना हमें बनानी पड़ेगी। अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव, कम्बोडिया, थाईलैंड आदि पड़ोसी देशों को दुनियावी लाभ देकर पटाये रखना चाहिए और इन्हें भारतीय परिसंघ में शामिल करने योग्य कूटनीति अपनानी चाहिए। जिस तरह से रूस (यूएसएसआर) विरोधी नाटो की तर्ज पर इजरायल विरोधी इस्लामिक नाटो बना है, उसके दृष्टिगत हिन्दू और बौद्ध बहुल देशों को एकजुट करके भारतीय परिसंघ बनाना होगा, ताकि जब अमेरिका या चीनी इशारे पर भारत के खिलाफ इस्लामिक देश एकजुटता दिखाएं तो दक्षिण-पूर्व एशियाई बौद्ध देश भारत की मदद करें। इसी नजरिए से चीन से भी चतुराई पूर्वक सम्बन्ध बनाए रखना भारत के हित में होगा। वहीं, इजरायल को सहयोग देकर इनके मन में भय बनाए रखना होगा कि भारत अकेले नहीं है। हमारी विशाल आबादी और रूसी-इजरायल तकनीकी सहयोग दुनिया के किसी भी हिंसक गठबंधन पर भारी पड़ेंगे।

कहना न होगा कि एक ओर जहां चीन-भारत से निपटने के लिए अमेरिका ईसाई, यहूदी और इस्लाम को एकजुटता प्रदान करने वाले अब्राहम परिवार को बढ़ावा दे रहा है, वहीं, पाकिस्तान के सहयोग से इस्लामिक देशों को एकजुट करके भारत को भयभीत रखना चाहता है। चूंकि पाकिस्तान पर चीन का हाथ है, अमेरिका विरोधी ईरान से चीनी सांठगांठ है, इसलिए भारत को अतिशय सावधान रहने की जरूरत है। जिस तरह से अमेरिका ने रूसी तेल खरीददारी के दृष्टिगत भारत पर अप्रत्याशित तरीके से टैरिफ बढ़ाकर मित्रघाती होने का परिचय दिया, उसी तरह से अब ईरान के भारतीय हित वाले चाबहार बंदरगाह को प्रतिबंधों से दी गई छूट वापस ले ली है। भले ही ऐसा करके ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बनाना चाहता है, लेकिन इससे भारत को भी बड़ा झटका लगेगा। देखा जाए तो 50 प्रतिशत टैरिफ थोपने के बाद अमेरिका का यह एक और भारत विरोधी कदम है, जिससे चीन को परोक्ष मदद मिलेगी और भारतीय हितों को चोट पहुंचेगी।

देखा जाए तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार सत्ता संभालने के साथ ही चाबहार को मिली छूट खत्म करने के एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर दिए थे। पर अब आगामी 29 सितंबर से इसे लागू करने का आदेश जारी हुआ है। इसके बाद अगर कोई कंपनी या संस्था चाबहार के संचालन में शामिल होती है, तो उस पर भी अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। यह भारतीयों के दूरगामी हितों के खिलाफ दूसरी महत्वपूर्ण कार्रवाई है। उसमें भी खास बात यह कि भारत इस बंदरगाह (पोर्ट) पर अरबों रुपये का निवेश कर चुका है और यहां एक टर्मिनल भी बना रहा है। लेकिन अब अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से उसके लिए यहां काम करना मुश्किल हो सकता है। इससे भारत का निवेश भी डूब सकता है।

# कोडरमा जिले में यूरिया की भारी किल्लत, किसान परेशान



**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में यूरिया की भारी कमी के कारण किसान गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। जिले के हर हिस्से में यूरिया की किल्लत ने किसानों की फसलों की तैयारी और खेतों में खाद डालने की प्रक्रिया को प्रभावित किया है। वहीं मरकच्चो और जयनगर प्रखंड के अन्य हिस्सों में यूरिया की कमी अधिक गंभीर रूप ले चुकी है। किसानों का कहना है कि उन्हें अब यूरिया लगभग दुगुने दाम पर खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय बाजारों में ब्लैक में यूरिया के पैकेट लगभग 500 रुपये तक बिक रहे हैं। इस स्थिति ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है और वे सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। खेतों में उर्वरक की कमी के कारण धान और अन्य फसलें समय पर पोषण नहीं पा रही हैं, जिससे आगामी फसल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।स्थानीय किसान लगातार यह शिकायत कर रहे हैं कि यूरिया की कमी के कारण उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि हर दिन कहीं न कहीं यूरिया की कमी को लेकर विरोध हो रहे हैं। वे अपने हक के लिए आवाज उठाने को मजबूर हैं। कई किसान यह भी बता रहे हैं कि सरकारी संस्थान और विभिन्न सहकारी समितियां अलग-अलग आंकड़े पेश कर रही हैं, जिससे किसानों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। डोमचांच प्रखंड में स्थिति थोड़ी अलग है। यहां के दुकानदारों का कहना है कि यूरिया प्रति किलो 10 रुपये की दर से बेचा जा रहा है। डोमचांच के किसान अपने धान के खेतों में यूरिया का छिड़काव करते हैं और दुकानदारों का मानना है कि पर्व के दौरान खाद की बिक्री में थोड़ी कमी आई है। हालांकि, यह राहत केवल डोमचांच तक सीमित है। किसानों का कहना है कि यूरिया के अभाव में उनके खेतों की उर्वरक जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति इसी प्रकार बनी रही, तो आने वाले समय में खाद की उच्च कीमतों और उपलब्धता की कमी से किसानों को गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि खाद वितरण में किसी भी तरह की अनियमितता नहीं है और सभी प्रखंडों में समय-समय पर यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। हालांकि किसानों का कहना है कि वास्तविक स्थिति बाजार में देखी जा सकती है, जहां उन्हें आवश्यक खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों की मांग है कि यूरिया की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। वे यह भी चाहते हैं कि ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाने के लिए कड़े नियम बनाए जाएं और खाद की उचित कीमत पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अन्यथा, आगामी फसल पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ सकता है और किसानों की आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ सकता है। इस किल्लत की समस्या के चलते जिले में यूरिया की उपलब्धता, सरकारी आंकड़ों और वास्तविक बाजार स्थितियों में अंतर ने किसान समुदाय में असंतोष बढ़ा दिया है। अब सवाल यह उठता है कि प्रशासन इस समस्या का समाधान कब और किस प्रकार करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पटमदा में लीज अवधि समाप्त होने के बाद खनन का आरोप

**जमशेदपुर/पटमदा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटमदा प्रखंड के ओड़िया पंचायत के चिरूडीह गांव में लीज अवधि समाप्त होने के बावजूद खनन कारोबारियों द्वारा पत्थर खदान से रात के अंधेरे में अवैध खनन किए जाने का आरोप है। मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने लिखित शिकायत सौंपते हुए दोषी कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि 18 सितंबर को ही चिरूडीह मौजा की एक जमीन पर बनी खदान की लीज अवधि समाप्त हो चुकी थी। ज्ञापन सौंपने वालों में फनी महतो, विकास महतो और सागर महतो शामिल थे। इसकी प्रतिलिपि जिला खनन पदाधिकारी को भी भेजी गई है।

### एक्स-रे मशीन जल्द कराई जाएगी शुरू

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एमजीएम अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टरों की उपस्थिति में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन दोपहर तीन बजे तक सभी डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं। अब जल्द ही इसकी भी जांच होगी। इसके अलावा एक्स-रे मशीन को जल्द ही चालू किया जाएगा। मंगलवार को एनईपी निदेशक संतोष कुमार गर्ग एमजीएम अस्पताल पहुंचे और एक्स-रे मशीन को एमजीएम डिमना में इंस्टॉल करने वाली एजेंसी से बातचीत की। इसमें कहा गया कि अभी एक सप्ताह का और समय लगेगा। यहां फिलहाल पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से एक्स-रे किया जा रहा है। लेकिन तीन मशीन में से दो मशीन खराब है। जिसके कारण मरीजों को परेशानी हो रही है। डॉ. जुझार मांझी ने बताया कि मंगलवार सुबह में जांच की गई थी तो सभी विभागों के अध्यक्ष अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन जल्द ही अब तीन बजे भी जांच की जाएगी, ताकि पता चले कि ये लोग पूरा समय ड्यूटी पर रह रहे हैं या नहीं।

### गनियारी कला में रामलीला सीरियल का उद्घाटन

**गढ़वा/धुरकी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत गनियारी कला में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर रामलीला का उद्घाटन किया गया। स्थानीय कालाकार का मंचन करेंगे। उद्घाटन मुखिया शंभू प्रसाद गुप्ता, उप मुखिया तौसिफ अंसारी, गुलाब अंसारी, दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव, सचिव रवि पटेल, जितेंद्र सिंह, बालमुकुंद सिंह, रवि, बैजनाथ कोरवा, अरुण सिंह, राजेंद्र सिंह, सुनिल यादव, सीता राम यादव, राजेंद्र तुरीया, सुरेंद्र सिंह, मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर फीता काट कर किया। मौके पर सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित भी किया गया। रामलीला को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में काफी उत्साह रहा। मौके पर गुलाब अंसारी ने कहा कि मां दुर्गा सभी भक्तगण पर अपनी कृपा बनाए रखें। रामलीला धार्मिक ग्रंथ पर आधारित है। यह मानव जीवन के आदर्श मूल्यों का प्रतीक है।

### गुमला में यूरिया की किल्लत बरकार

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में प्रशासनिक सख्ती के बाद यूरिया के कालाबाजारी पर कुछ हद तक लगाम लगी है,लेकिन किसानों को अभी भी विभाग की ओर से पर्याप्त यूरिया नहीं मिल पा रहा है। इसी कारण गरीब किसान ऊंचे दामों पर यूरिया खरीदने को मजबूर हैं। जिले भर में प्रत्येक माह 12 सौ मैट्रिक टन से अधिक यूरिया की आवश्यकता होती है,लेकिन इस समय केवल 194.44 एमटी यूरिया उपलब्ध हो पाया है। इसके अलावा 1826.28 एमटी यूरिया पहले ही किसानों में बांटा जा चुका है। कृषि विभाग के पास पर्याप्त यूरिया न होने के कारण सभी किसानों को यह नहीं मिल पा रहा है।किसान मजबूरी में बाहर से अधिक कीमत में यूरिया खरीदकर अपनी फसल बचाने को मजबूर हैं। वहीं, कई दुकानदार इसका गलत फायदा उठाकर कालाबाजारी भी कर रहे थे। सरकारी दर 267 रुपये प्रति क्विंटल के बजाय कई दुकानदार इसे तीन रुपये के करीब बेच रहे थे। इस मामले की शिकायत प्रशासन तक भी पहुंची।जिला मुख्यालय की एक दुकान में पुष्टि के बाद एसडीओ राजीव नीरज के निर्देश पर किसानों को अतिरिक्त भुगतान की राशि लौटाने का आदेश दिया गया। प्रशासन की कार्रवाई के बाद किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया अन्य दुकानों से भी उपलब्ध हो सकेगा। किसानों का कहना है कि यूरिया की कमी और ऊंचे दामों के कारण उनकी फसल और आमदनी पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। इसलिए प्रशासन से नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है।

### विजयादशमी उत्सव को लेकर पथ संचलन

**हजारीबाग/विष्णुगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 100वें स्थापना दिवस पर विष्णुगढ़ में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। संघ के पारंपरिक गणवेश एवं डंडे के साथ बड़ी संख्या में आरएसएस के कार्यकर्ता शामिल हुए। विष्णुगढ़ के प्लस टू उवि से पथ संचलन की शुरूआत कर कार्यकर्ता हॉस्पीटल चौक, सातमील मोड़, अखाड़ा चौक, कसेरा मुहल्ला होते हुए पुनः उवि पहुंचे और पथ संचलन का समापन किया। इस दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कार्यकताओं का अभिनंदन किया गया। पथ संचलन के माध्यम से विजयादशमी उत्सव की तैयारी का संदेश दिया गया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के संस्कृत के पूर्व प्राध्यापक सह जिला संघ चालक तारक कांत शुक्ला ने कहा कि इस वर्ष आरएसएस का शताब्दी वर्ष है। शताब्दी वर्ष में देश भर में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस तरह के कार्यक्रम से समाज में संगठन, अनुशासन एवं राष्ट्रीय भावना का विकास होता है। मौके पर जिला कारवाह मुकेश कुमार, खंड कारवाह रंधीर कसेरा, जिला बौद्धिक प्रमुख संतोष साव, वरूण कुमार, विहिप प्रखंड मंत्री सिकंदर साव, बजरंग दल प्रखंड संयोजक वैभव प्रकाश राणा, सह खंड कारवाह विकास कुमार, प्रखंड सह शारीरिक प्रमुख लखन कुमार समेत आरएसएस के कई स्वयंसेवक शामिल थे।

### वारंटी को भेजा गया कोडरमा जेल

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोडरमा थाना पुलिस ने फरार चल रहे करियावर निवासी बालेश्वर राम (पिताः काजो राम) को गिरफ्तार कर मंगलवार को कोडरमा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विकास पासवान ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्गापूजा पर्व शुरू होने के साथ ही पुलिस वारंटियों को गिरफ्तार करने में सक्रिय रूप से जुटी हुई है। इस कार्रवाई से इलाके में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### वनक्षेत्र में पेड़ों की कटाई रोकने के लिए ठोस कार्रवाई करे विभाग

**गढ़वा/खरौंधी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खरौंधी प्रखंड में दिन प्रतिदिन जंगल के पेड़ कट रहे हैं। उससे पर्यावरण का भारी नुकसान हो रहा है। पेड़ों की कटाई रोकने के लिए विभाग और प्रशासन को ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार के द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है ताकि गांव देहात में पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे। उसके लिये विधिवत सरकार ने हर वन क्षेत्र में देख रेख के लिये वन पाल की नियुक्ति की है। पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाले व्यक्ति की पहचान कर विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए। उदासीनता और लापरवाही के कारण वनक्षेत्र को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। वनों की कटाई का दुष्प्रभाव पर्यावरण पर देर सबेर पड़ेगा। उसे लेकर सचेत रहने की जरूरत है। स्थानीय लोगों को भी वनक्षेत्र की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील होना चाहिए। लोगों पर पर्यावरण संरक्षरण के लिए संकल्प लेने की जरूरत है कि न तो वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचाएंगे न ही किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने देंगे।

## गुमला में नवरात्र का उल्लास शुरू, बाजारों में उमड़ी रौनक

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शारदीय नवरात्र का पर्व पूरे जिले में उल्लास और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। मां दुर्गा की आराधना में डूबे भक्त श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। नवरात्र के दूसरे दिन उपासकों ने मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना कर घर-परिवार के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। नवरात्र के दूसरे दिन भी मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। जिला मुख्यालय गुमला में इस बार 12 स्थानों पर दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इन स्थलों पर भव्य और आकर्षक पंडाल निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो चुका है। पूजा समितियां सजावट और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रही हैं। पंडालों को आकर्षक बनाने के लिए कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं। वहीं पूजा समितियों द्वारा भक्तों की सुविधा और सुचारू संचालन के लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नवरात्र और दुर्गा पूजा को लेकर शहर का माहौल पूरी तरह बदला हुआ है। सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। खरीदारी के लिए बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। पूजन सामग्री,वस्त्र, सजावटी सामान और मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुट रही है। छोटे-बड़े दुकानदारों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है। धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल में लोग पूरे उत्साह से नवरात्र मना रहे हैं। भक्तजन मानते हैं कि मां दुर्गा की आराधना से न केवल पारिवारिक सुख-शांति मिलती है, बल्कि समाज में भी सकारात्मकता का संचार होता है।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में चंदवारा व महिला में भोंडो की टीम विजयी

**कोडरमा/चंदवारा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद मनीष जायसवाल द्वारा प्रखंड के थाम खेल मैदान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन मंगलवार को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल व विशिष्ट अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला का आगाज बालिका वर्ग भोंडो बनाम ढाब के मैच से हुआ, जिसमें 1 -0 गोल से भोंडो बालिका टीम विजेता बनी। वहीं पुरुष वर्ग का फाइनल मैच चंदवारा बनाम भोंडो टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच बेहद ही रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ और खेलने के दौरान दोनों टीमों का प्रदर्शन बराबरी पर रहा। जिसके बाद पेनाल्टी शूटआउट हुआ, जिसमें 3-0 गोल से चंदवारा की टीम विजेता बनी । टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के विजेता टीम को नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति की ओर से सांसद मनीष जायसवाल ने 25 हजार रुपए का चेक व नमो ट्रॉफी व उप विजेता टीम को 15 हजार रुपए का चेक व नमो ट्रॉफी व महिला वर्ग के विजेता और उपविजेता टीम को भी स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल व विशिष्ट अतिथि विधायक मनोज कुमार यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर, मैदान में 150 फीट के तिरंगे का झांकी प्रदर्शन का आगाज कर और उपस्थित खिलाड़ी, खेल प्रेमी और दर्शकों को नशामुक्ति का सामूहिक संकल्प दिलाकर पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले का विधिवत आगाज कराया। इससे पहले सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य आगंतुक अतिथियों का कैम्ब्रिज विद्यालय, चंदवारा के स्कूली बच्चों द्वारा झारखंडी पारंपरिक परिधान में लैश होकर आकर्षक मार्च पास्ट करके और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ किया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल और खेल के मैदान से जोड़ना, उन्हें मैदान से जोड़कर उनकी प्रतिभा को निखारना और नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट एक ऐसा लोकप्रिय और ख्यातिपूर्ण टूर्नामेंट है जिसमें वर्तमान वर्ष 22 हजार 500 खिलाड़ियों का महाकुंभ चल रहा है। उन्होंने युवाओं से इस खेल मैदान से जुड़ने की अपील की। वहीं विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के माध्यम से क्षेत्र में खेल के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाई है। निश्चित रूप से इससे खिलाड़ियों का प्रतिभा निखर रहा है और उनके शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास भी हो रहा है। मौके पर भाजपा नेता अर्जुन साव, अनिल मिश्रा, राजेंद्र चंद्रवंशी, नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के संयोजक बंटी तिवारी, जयप्रकाश, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा, महामंत्री नंदकिशोर सोनी, उपाध्यक्ष आनंद मोदी, मंत्री मुन्ना मोदी, भाजयुमो महामंत्री खूबलाल साव, सुखदेव साव, बासुदेव साव, सुरेश यादव, धनंजय सिंह, राजू सिंह, उमाशंकर प्रसाद, अरुण प्रसाद, सरयू यादव, सुनील यादव, विक्की सिंह, दिलीप यादव, दशरथ यादव, सुदीप यादव, नरेश यादव, सोनू समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। बता दें कि 27 अगस्त से शुरू हुए इस टूर्नामेंट को दो वर्गों में आयोजित किया, जिसमें पुरुष वर्ग में चंदवारा प्रखंड क्षेत्र की कुल 26 टीम और बालिका वर्ग में चार टीम शामिल शामिल हुई।

## रूप अलंकार ज्वेलर्स में लूट से पहले ही 8 लुटेरे गिरफ्तार

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला मुख्यालय में एक ज्वेलरी शॉप में लूट की घटना को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने आठ लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम की कार्रवाई में यह सफलता मिली। सदर थाना में मंगलवार को प्रेसवार्ता में एसडीपीओ नीरज कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का संबंध बिहार के कुख्यात अपराधी धीरज मिश्रा गिरोह से भी है। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि उनकी योजना रूप अलंकार ज्वेलर्स को लूटने की थी। गिरफ्तार अपराधियों में से डाल्टनगंज के भट्ठी मोहल्ला निवासी आनंद कुमार रवि, अनुराग कुमार, पोखराहा गांव निवासी दीपक कुमार मांझी, पाटन थाना क्षेत्र के करकला गांव निवासी सरोज कुमार, बॉबी कुमार राम, गढ़वा थाना क्षेत्र के नगवां मोहल्ला निवासी अजीत कुमार उर्फ छोटू, ऋतिक नवरंग शामिल हैं। उनके पास से छह देसी कट्टा, 10 जिंदा गोली, दो चाकू, 8 मोबाइल, एक बड़ा सा थैला, दो बाइक, एक स्कूटी और 15 हजार रुपये नगद बरामद किया गया गया बकौल एसडीपीओ एसपी को मिली गुप्त सूचना मिली कि गढ़वा में एक ज्वेलरी शॉप को लूटने के फिराक में बिहार का दुर्दांत अपराधी के गिरोह के सदस्य हैं। उसी सूचना के आधार पर एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम शहर के टंडवा चौक से लेकर शाहपुर मार्ग तक पेट्रोलिंग लगाई थी। सख्त चेकिंग के दौरान तीन बाइक पर आठ अपराधियों को पुलिस ने फिल्मी अंदाज में शहर के पूरनचंद चौक टंडवा से पकड़ा है। पकड़े गए अपराधियों के पास से 6 देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, चाकू, तीन मोटरसाइकिल और नगद बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी अपराधी पलामू, गढ़वा के हैं। वहीं तीन फरार अपराधी बिहार के हैं। उन्होंने बताया कि फरार अपराधी बिहार के बक्सर के दुर्दांत अपराधी धीरज मिश्रा के गिरोह के सदस्य हैं। उक्त अपराधी झारखंड के विभिन्न जिलों में तीन से चार गैंग बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम देता है। उक्त गैंग गढ़वा में भी लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाला था। अपराधी धीरज खुद तीन साथियों के साथ तिलदाग चौक के पास अन्य अपराधियों का लूट कर वापस आने का इंतजार कर रहा था। पुलिस को तिलदाग पहुंचने की भनक लगते ही वहां से फरार हो गया। समय रहते पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर बड़ी घटना को आजम देने से पहले उनके मनसूबे पर पानी फेर दिया।

### पेसा अधिनियम पर कार्यशाला 28 सितंबर को आयोजित होगाः सोमदेव

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति, लोहरदगा द्वारा महतो, पहान, पुजार और बुद्धिजीवीगणों का 28 सितंबर को सुबह 11 से चार बजे तक स्थान आदिवासी सांस्कृतिक कला भवन कुटमू कचहरी मोड़ में एक दिवसीय पेसा अधिनियम 1996 का कार्यशाला आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला में उच्च न्यायालय झारखंड द्वारा झारखंड सरकार को पेसा अधिनियम 1996 का नियमावली बनाकर-पारित कर लागू करने का निर्देश जारी किया गया है। रूढ़िजन्य जनजातीय-आदिवासी को जल्द ही पेसा अधिनियम 1996 का लाभ मिलने जा रहा है। ऐसे में कुछ बुनियादी सवाल है कि पेसा अधिनियम 1996 का नियमावली का लाभ किनको मिलेगा।

## जुबली पार्क में झाल मुढ़ी बेचने वालों को मिला भाजपा का साथ

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जुबली पार्क में झालमुढ़ी बेचने वालों के साथ जुस्को कर्मियों द्वारा कथित मारपीट में भाजपा उनके पक्ष में खड़ी हो गई है। मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और पूरे मामले की गंभीरता से समीक्षा की। भाजपा नेताओं ने घटनास्थल से ही जुस्को के वरिष्ठ पदाधिकारियों को फोन कर चेतावनी दी कि यदि आइंदा गरीबों को जुबिली पार्क में रोजी-रोटी कमाने से रोका गया तो आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने दोषी सुरक्षा कर्मियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि तीन दशकों से झाल मुढ़ी बेच रहे लोगों को इस प्रकार रोकना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। गरीबों की आजीविका पर कुठाराघात और उन पर लाठियां बरसाने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने टाटा स्टील की सहयोगी कंपनी की मंशा पर सवाल करते हुए कहा कि आखिर गरीबों को बेरोजगार कर उनके पेट पर क्यों लात मारी जा रही है। व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने गरीबों की थाली छीनने और महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले जुस्को कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

## मां दशभुजी मंदिर नागवंशी राजपरिवार की शाही परंपरा और श्रद्धालुओं की आस्था का है केंद्र

**गुमला/पालकोट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नागवंशी राजपरिवार द्वारा इष्ट देवी के रूप में सदियों से पूजी जाने वाली मां दशभुजी मंदिर न केवल पालकोट की शाही धरोहर है,बल्कि झारखंड, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। रोजाना श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या मंदिर में माथा टेकने और मन्नत मनाने आती है। मंदिर का महत्व नवरात्र के समय और भी बढ़ जाता है। इस दौरान मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाता है और विशेष हवन व अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। नागवंशी राजपरिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। ग्रामीणों की दिनचर्या भी मंदिर में मत्था टेकने से शुरू होती है। जिससे आस्था और परंपरा का अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है। नागवंशी राजाओं के इतिहास के अनुसार रीवा स्टेट की राजकुमारी का विवाह नागवंशी राजपरिवार में हुआ था। विवाह के पश्चात उन्होंने मां दशभुजी की प्रतिमा को पालकोट लाया, जिसके बाद नागवंशी राजपरिवार ने कुलदेवी चिंतामणि महारानी के साथ इष्ट देवी के रूप में मां दशभुजी की पूजा शाही परंपरा के अनुसार शुरू की। महाराज यदुनाथ शाह से लेकर महाराज कन्दर्पनाथ शाहदेव तक मंदिर में बली की प्रथा थी, लेकिन महाराज संदर्भनाथ शाहदेव के शासनकाल में देवरहा बाबा के आगमन और निर्देश के बाद यह प्रथा समाप्त कर दी गई और अब मंदिर में प्रतिदिन सती प्रथा के अनुसार पूजा अर्चना की जाती है। आज भी मन्नत पूरी होने पर सैकड़ों श्रद्धालु रोजाना मंदिर में माथा टेकने आते हैं। मां दशभुजी मंदिर अब एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र बन गया है, जहां भक्तों की आस्था और राजपरिवार की शाही परंपरा का संगम देखने को मिलता है।

### भाकपा माले नेता सच्चिदानंद सिंह की 10वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**कोडरमा/जयनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले नेता दिवंगत सच्चिदानंद सिंह की 10वीं पुण्यतिथि मंगलवार को प्रखंड के गम्हरबाद में श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से मनाई गई। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक यादव ने की। प्रखंड सचिव मुन्ना यादव ने कहा कि सच्चिदानंद सिंह पार्टी के सच्चे सिपाही और मार्गदर्शक थे। वे गरीबों की आवाज उठाने वाले, शोषण, अन्याय, भ्रष्टाचार और पुलिस जुल्म के खिलाफ लड़ने वाले जुझारू नेता थे। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भोला यादव और अशोक यादव ने कहा कि हक-अधिकार की लड़ाई में दिवंगत साथी का योगदान अविस्मरणीय है और पार्टी आज भी उनकी कमी महसूस करती है।

## आयोग को भेजा जा रहा है गढ़वा विस क्षेत्र में 33 नए मतदान केंद्रों का प्रस्तावः एसडीएम

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 80-गढ़वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह सदर एसडीएम संजय कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन से संबंधित विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उक्त संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई तथा निर्वाचन आयोग के निदेर्शों से अवगत कराया गया। एसडीएम ने प्रतिनिधियों को बताया कि मौजूदा समय में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 455 मतदान केंद्र हैं किंतु 33 नए मतदान केंद्रों का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए मतदान केंद्रों का निर्माण का प्रस्ताव 1200 से अधिक मतदाताओं का होना, मतदान केंद्र की दूरी दो किलोमीटर से अधिक होने के कारण भेजा जा रहा है। बताया गया कि अब गढ़वा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 488 मतदान केंद्र हो जाएंगे। प्रत्येक नए मतदान केंद्र के गठन के पीछे के युक्तियुक्त तर्क से सभी प्रतिनिधियों को समझाया गया और उनके फीडबैक लिए गए।

बैठक में मौजूद सभी दलों के प्रतिनिधियों ने मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन प्रक्रिया पर संतुष्टि व्यक्त की। सभी को उपरोक्त विवरण उपलब्ध कराते हुए उनसे कहा गया कि अगर इन 33 के अलावा भी कहीं पर कोई नए मतदान केंद्र के गठन का तर्क सहित प्रस्ताव दो दिनों के अंदर सुझाया जाएगा तो उस पर भी सम्यक विचार किया जा सकता है। साथ ही, अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से प्रतिनिधियों को प्रस्तावित सघन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की तैयारियों के संबंध में भी विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचन प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इस प्रक्रिया में राजनीतिक दलों से मंथन एवं विमर्श एक नियमित एवं आवश्यक परंपरा है। इसलिए उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वह समय-समय पर अपने सुझाव एवं विचार साझा करते रहें, जिससे निर्वाचक निबंधन कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## त्योहारों के दौरान कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे जिला प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़े : डीसी

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुर्गापूजा एवं दशहरा त्यौहार के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में डीसी दिनेश यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमन कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सदस्यगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के गणमान्य नागरिकों से उनके क्षेत्र में हो रहे दुर्गा पूजा के संबंध में जानकारी ली गई। अधिसंख्य नागरिकों ने बताया कि उनके प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से सभी समुदाय आपस में मिलकर हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं। किसी भी प्रकार की हमारे बीच आपसी द्वेष या तनाव का माहौल नहीं है। डीसी ने खुशी व्यक्त करते हुए इसी प्रकार से आगे भी विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे जिला प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़े। बकौल डीसी अगर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मिलती है तो उसे जिला प्रशासन को साझा करें या स्थानीय प्रशासन अथवा थाना प्रभारी को सूचित करें, ताकि समय रहते उन्हें रोका जा सके। किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में न लें। दुर्गा पूजा के तहत दशहरे को लेकर आयोजित उक्त जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में डीसी ने विभिन्न स्तर की तैयारी को लेकर उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारी एवं हिंदू मुस्लिम समन्वय समिति एवं शांति समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल का निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थलों पर ही कराया जाए। प्रत्येक पंडाल में महिला एवं पुरुषों के आवागमन हेतु अलग-अलग व्यवस्था (एंट्री/एग्जिट) सुनिश्चित किया जाय। उसके अतिरिक्त सोशल मीडिया साइट पर भड़काऊ व अमर्यादित पोस्ट को साझा नहीं करने की बात कही गई तथा विधिवत रूप से इसकी निगरानी करने को कहा गया। जिले के विभिन्न कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं नगर पंचायत को त्यौहारों के दौरान भीड़भाड़ से निबटने के लिए सुव्यवस्था कायम करने का निर्देश दिया गया।

## सतगावां में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा/सतगावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सतगावां प्रखंड के पंचायत भवन में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और मुखिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड की पांच पंचायतों ईटांय, समलडीह, अम्बाबाद, टेहरो और कोठियार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें प्रमुख योजनाएँ शामिल थीं। सावित्रीबाई फुलवार किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, सर्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाएँ, आधार पंजीकरण एवं संशोधन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, साइकिल वितरण, सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा, पशुधन पंजीकरण, राशन कार्ड संशोधन, राजस्व अभिलेख परिमार्जन, फसल बीमा अन्य वित्तीय एवं कल्याणकारी योजनाएँ बीडीओ ओम प्रकाश बड़ाईक ने कहा कि यह कार्यक्रम डायरेक्ट लाभकारी है और सभी लाभार्थियों को इसका अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थितियों में ललिता देवी, मुखिया सदानंद यादव, गंगिया देवी, अमर कुमार, मंजू देवी, वीरेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि शंकर यादव, पंचायत समिति रणधीर यादव, बीपीओ मुकुंद श्री, बीपीएम विवेक कुमार बक्सी, पंचायत सचिव रंजीत यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

### लोगों के लिए आस्था का केंद्र है सतबहिनी झरना तीर्थ पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा

**गढ़वा/कांडी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गढ़वा जिला अंतर्गत कांडी प्रखंड स्थित सतबहिनी झरना तीर्थस्थल धार्मिक महत्व का होने के साथ प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह स्थल शताब्दियों से जन जन का आस्था का केंद्र है। वर्तमान समय में स्थानीय गांवों के साथ ही देश के अलग-अलग प्रदेशों के लोगों के सुबह की शुरूआत सतबहिनी माई के स्मरण और रात के नमन के साथ होती है। ऐसी मान्यता है कि जो भी यहां आता है उसकी मन्नतें पूरी होती है। मन्नतें पूरी होने पर लोग माई को चुनरी व नारियल चढ़ा हवन यज्ञ कराते हैं। यहां से जुड़ी के कारण ही छोटे बड़े अनुष्ठान यहां होते रहते हैं। लगातार हवन होते रहने से यहां का

## श्रीबंशीधर नगर में पूर्व निर्धारित स्थल पर बस स्टैंड बनवाने की मांग

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीसी दिनेश कुमार यादव ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी और उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत 60 फरियादियों ने डीसी के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखी। श्रीबंशीधर नगर के लागों ने पूर्व निर्धारित स्थल पर बस स्टैंड बनवाने के संबंध में आवेदन सौंपा है। लोगों बताया कि प्रस्तावित बस स्टैंड अति महत्वपूर्ण है। उक्त प्रस्तावित बस स्टैंड से तीन राज्यों कि सीमा सटती है। परंतु किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा उसके निर्माण के लिए किसी प्रकार कि पहल नहीं कि जा रही है। बस स्टैंड नहीं होने कि वजह से विभिन्न राज्यों से आने वाले यात्रियों को कई कठिनाइयों कि सामना करना पड़ता है। साथ ही स्थायी बस स्टैंड नहीं होने के चलते वाहन मुख्य सड़क पर खड़ी रहती है। उसके कारण अनायास ही जाम कि समस्या बनी रहती है। लोगों ने डीसी से उक्त प्रस्तावित स्थल पर बस स्टैंड का निर्माण शीघ्र कराने की दिशा में आवश्यक पहल करने की मांग की है।

# गिरिडीह जिला में शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन को ले प्रशासन तैयार

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** दुगार्पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था के संधारण और प्रशासनिक तैयारियों को लेकर नगर भवन में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाए। पंडालों में हेल्प डेस्क, समुचित लाइट की व्यवस्था, एंट्री और एग्जिट के लिए समुचित रास्ते, पंडाल के समीप वाहन पार्किंग ना हो, करें आगामी पर्व दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण और प्रशासनिक तैयारियों को लेकर आज नगर भवन में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रामनिवास यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में उपायुक्त के द्वारा क्रमवार सभी अनुमंडल/प्रखंडों व थानों से जिले में दुर्गा पूजा विधि व्यवस्था से संबंधित तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिसमें सभी अनुमंडल पदाधिकारी/सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया कि शांति समिति की बैठक पूर्ण किया जा चुका है। पूजा पंडाल समितियां के साथ भी बैठक किया जा चुका है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। सहित अपने-अपने तैयारी के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके अलावा बैठक के दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों ने जिला प्रशासन से दुर्गा पूजा के दौरान बिजली, पानी, यातायात व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का अनुरोध किया बैठक के दौरान उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर माननीय उच्च न्यायालय और राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में विधि व्यवस्था संधारण हेतु आज की बैठक आयोजित की गई है। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाए। पंडालों में समुचित लाइट की व्यवस्था, एंट्री और एग्जिट के लिए समुचित रास्ते, पंडाल के समीप वाहन पार्किंग ना हो, इसका भी विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। साथ ही ज्वलनशील पदार्थ पर भी विशेष रूप से निगरानी रखी जाए। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे भी अवश्य रूप से लगाया जाए। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन वालो रूटों का भ्रमण कर लेंगे। दुर्गा पूजा के दौरान सभी पंडालों में हेल्प डेस्क, दूरभाष केंद्र जिसमें एम्बुलेंस, अग्निशमन, संबंधित क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी आदि का नंबर लिखा जाय। साथ ही नियमित बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराएंगें। सभी पंडालों में फायर सेफ्टी और पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही साउंड सिस्टम में सीमित साउंड का संधारण करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करें। इसके साथ ही पूजा पंडालों में होने वाले भीड़ का आकलन कर लें तथा बिजली के लटकते तारों को ठीक करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को दुर्गा पूजा की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख नंबर सभी पदाधिकारी आपस में साझा करेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर समन्वय स्थापित किया जा सके। साथ ही विभिन्न थाना प्रभारियों एवं बीडीओ/सीओ को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही गई। सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने सूचना तंत्र मजबूत व सक्रिय रखे जाने की बात कही गई। सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी थाना अध्यक्षों को पूजा स्थल एवं विसर्जन स्थलों के रूट चार्ट को वेरीफाई कर लेने की बात कही गई एवं कोई भी जुलूस का संचालन बिना पुलिस बलों के संचालित नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया। आगे उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि दुर्गा पूजा पंडालों में साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देंगे। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट या व्हाट्सएप ग्रुप में भड़काऊ मैसेज करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई करने हेतु भी निर्देशित किया गया इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार के द्वारा बताया गया कि त्योहारों के दौरान पूरे शहर एवं जिले के हर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि जिन थानों में अभी तक शांति समिति की बैठक नहीं हुई है, वो अपने यथाशीघ्र शांति समिति की बैठक करें। दुर्गा पूजा के मद्देनजर हमें सुरक्षा के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देना होगी ताकि कोई अप्रिय घटना न घटित हो। इसके साथ ही जिला प्रशासन की नजर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कंट्रोल रूम संचालित की जाएगी। साथ ही उन्होंने आगजनी जैसे अप्रिय घटनाओं से बचने हेतु पूजा समिति के सदस्यों को समुचित पानी एवं बालू आदि की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित करने को कहा। साथ ही अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी को भी इस प्रकार के अप्रिय घटनाओं से बचने हेतु पूरी मुस्तैदी के साथ तैयार रहने हेतु निर्देशित किया गया। उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को पूजा पंडाल के सदस्यों को अपने-अपने पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा निश्चित तौर पर अधिष्ठापित करने हेतु निर्देशित करने को कहा गया। आगे उन्होंने कहा कि सभी दंडाधिकारी अपने वरीय अधिकारियों के संपर्क में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे  बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, उप नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, गिरिडीह जिला, प्रभारी पदाधिकारी, गोपनीय शाखा सहित शांति समिति के सदस्य और समाज के गणमान्य नागरिक के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित/कर्मी थे।

## अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड के बरसोत में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मंगलवार रात को फूड़ पोजीशनिंग मामले को लेकर बुधवार को अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा शशि जयसवाल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मो मंजर हुसैन के नेतृत्व में संयुक्त रूप से निरिक्षण किया।

इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने विद्यालय के किचन, स्टोर रूम एवं डाइनिंग क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।साथ ही सरसों तेल, अरवा चावल, उसना चावल, आटा, छात्रों द्वारा उपयोग किया गया तला हुआ चूँडा का नमूना संग्रहण किया गया जिसे जाँच के लिए राज्य खाद्य जाँच प्रयोगशाला, नामकुम भेजा जायेगा। जाँच में यदि गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप नहीं पाया गया तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तह्त विधि सम्मत कारवाई की जायेगी। वहीं दोनों अधिकारियों ने स्कूल के वार्डन को किचन की साफ सफाई रखने, किचन एवं डाइनिंग क्षेत्र के खिड़कियों में नेट लगाने का निर्देश दिया गया एवं मिलावट रहित खाद्य साम्रागियों को ही उपयोग में लाने का निर्देश दिया।साथ ही किचन में काम करने वाली रसोईयों को मास्क, केप एवं एप्रोन पहन कर ही स्कूल के किचन में खाद्य पदार्थ का निर्माण करने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में लिपिक मनोज कुमार, विकाश शर्मा, सुरज कुमार, चालक धनेश्वर कुशवाहा शामिल थे। बताते चलें कि मंगलवार रात को फूड़ पोजीशनिंग के कारण विद्यालय के कई बच्चीयां शिकार हो गई थी जिसके इलाज के लिए तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया था। इस दौरान मौके पर एसडीएम जोहन टुडू, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर रात में अस्पताल पहूंच स्थिति का जायजा लिया तथा समुचित इलाज करने का निर्देश दिया।

## चुरचू के एसबीआई शाखा प्रबंधक ने दिलाया रुकी हुई पारिवारिक पेंशन का लाभ

**चुरचू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चुरचू पंचायत के ग्राम डूमर निवासी एंड्रियास बारला, जो कोडरमा के स्कूल में शिक्षक थे, वर्ष 2005 में सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें पेंशन का लाभ नियमित रूप से मिलता रहा। लेकिन वर्ष 2018 में उनके निधन के बाद उनकी पत्नी लिलीना मरांडी को पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलना बंद हो गया। शारीरिक रूप से कमजोर और अस्वस्थ रहने के कारण वे इस विषय में खुद पहल नहीं कर सकीं। लगभग सात वर्षों तक यह लाभ उनके पास नहीं पहुँच सका।मामले की जानकारी जब चुरचू स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा प्रबंधक श्याम सुंदर श्रीवास्तव को मिली, तो उन्होंने मृतक शिक्षक के घर जाकर पूरी जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने त्वरित रूप से पेंशन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। उनके प्रयासों का परिणाम यह रहा कि लिलीना मरांडी को अब पारिवारिक पेंशन मिलनी शुरू हो गई है। वर्तमान में उन्हें दो माह की पेंशन प्राप्त हो चुकी है।

## 'सांसद खेल महोत्सव 2025' का होगा भव्य आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में युवाओं को खेल एवं फिटनेस के लिए राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 'सांसद खेल महोत्सव 2025' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह महोत्सव माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' अभियान की भावना को आगे बढ़ाते हुए आयोजित किया जा रहा है महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा कोडरमा सांसद श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी ने कहा कि यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को पहचान देगा बल्कि युवाओं में अनुशासन, फिटनेस और टीम भावना को भी सशक्त करेगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए इसमें पारंपरिक खेलों के साथ-साथ आधुनिक खेलों को भी शामिल किया गया है इस महोत्सव का शुभारंभ उद्घाटन मैच के साथ होगा, जिसकी जानकारी कार्यक्रम संयोजक श्री मुकेश जालान ने दी।

उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह 26 सितम्बर 2025 को अपराह्न 2:00 बजे सी.एम. स्कूल, डोमचांच में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी खेल प्रेमियों, युवा साथियों एवं आम नागरिकों को इसमें शामिल होकर इस आयोजन की शोभा बढ़ाने हेतु आमंत्रित किया गया हैल्लसांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 26 सितम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक विभिन्न चरणों में किया जाएगा। इस दौरान कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। इनमें फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, लगोरी (सत्तूलिया), बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, शतरंज और एथलेटिक्स जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। पहला फुटबॉल टूनार्मेंट 26 सितम्बर से 25 अक्टूबर तक सी.एम. हाई स्कूल फुटबॉल ग्राउंड, डोमचांच में होगा। दूसरा फुटबॉल टूनार्मेंट 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक बरकट्ठा स्टेडियम अडवार में आयोजित किया जाएगा। खो-खो, कबड्डी और लगोरी सत्तूलिया की प्रतियोगिताएँ 6 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक सीएच स्कूल, झुमरी तिलैया में होंगी। बैडमिंटन मुकाबले 1 से 4 नवंबर तक गिरिडीह इंडोर स्टेडियम में, टेबल टेनिस की प्रतियोगिता 9 नवंबर को, वॉलीबॉल 6 से 10 नवंबर तक केवीएस गिरिडीहल्लपिंडाटांड़ पंचायत में आयोजित होगी। वहीं शतरंज और एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएँ 10 से 15 नवंबर तक क्रमशः इंडोर स्टेडियम गिरिडीह और केवीएस गिरिडीह पिंडाटांड़ पंचायत में होंगील्लइस अवसर पर सांसद अन्नपूर्णा देवी जी ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा- प्रिय क्षेत्र वासियों, यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि- फिट युवा- विकसित भारत के संकल्प की दिशा में एक बड़ा कदम है। मैं सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेलप्रेमियों से अपील करती हूँ कि वे इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इसे ऐतिहासिक बनाएं। आइए, कोडरमा की धरती से फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना का संदेश पूरे भारत तक पहुंचाएं।

## उपायुक्त ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में तीनों नगर निकायों में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त ने नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में आने वाली समस्याओं पर चर्चा कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित विभाग से सम्पर्क स्थापित कर कार्य करने की बात कही उपायुक्त, रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में तीनों नगर निकायों में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिला अंतर्गत तीनों नगर निकायों नगर निगम, गिरिडीह, नगर पंचायत, बड़की सरैया, नगर पंचायत, धनवार अंतर्गत संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की बारी-बारी से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



इसके अलावा उपायुक्त ने पाइपलाइन, जलापूर्ति योजना इत्यादि के कार्य प्रगति का समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी नगर निकायों के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने तीनों नगर निकायों क्षेत्र अंतर्गत किए जा रहे कार्यों से संबंधित पूर्व में किए गए बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लंबित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त ने नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में आने वाली समस्याओं पर चर्चा कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित विभाग से सम्पर्क स्थापित कर कार्य करने की बात कही बैठक में उप नगर आयुक्त, श्री प्रशांत लायक, कार्यपालक पदाधिकारी, बड़की सरैया नगर पंचायत, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत धनवार समेत अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## बरकट्ठा सीएचसी में केंद्रीय टीम ने किया 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का निरीक्षण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की केंद्रीय टीम ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बरकट्ठा का दौरा कर ह्लस्वस्थ नारी, सशक्त परिवारह्व अभियान की तैयारियों का निरीक्षण किया।



टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था, गुणवत्ता, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, ओपीडी संचालन और आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों की तैयारियों और उनकी भूमिका को सराहा गया और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रत्ना रानी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना और महिलाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि सीएचसी बरकट्ठा में नारी स्वास्थ्य अभियान की तैयारी पूरी है और महिलाओं को व्यापक रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

केंद्रीय टीम ने यह भी कहा कि 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने में मदद की जाए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार सिंह, नोडल अधिकारी एसएमपीए कपिल मुनि प्रसाद, डीडीएम दिवाकर अंबष्ठ, डीपीसी रणधीर प्रसाद, डॉ. रजनीकांत, डॉ. कार्तिक उरांव, बीपीएम रंजीत कुमार, हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार, प्रधान लिपिक सोनी रविदास समेत बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी और अधिकारी मौजूद रहे।

## तिसरी प्रखण्ड राजद महिला मोर्चा कमेटी गठित : सुनीता

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखण्ड में राष्ट्रीय जनता दल प्रखण्ड कमिटी महिला मोर्चा की बैठक आयोजित हुई जिसमें प्रखण्ड महिला प्रकोष्ठ कमिटी गठित करने का फैसला लिया गया।



बैठक में राजद महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा सुनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल महिला मोर्चा की बैठक में सर्वसम्मति से तिसरी प्रखण्ड अध्यक्ष के रूप में मंजू देवी को चुना गया जबकि प्रखण्ड सचिव के रूप में तेरेसा हांसदा को चयन किया गया वहीं प्रमिला देवी को तिसरी प्रखण्ड मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई बतौर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता देवी ने अपने संबोधन में बताया कि सामाजिक न्याय और नारी सम्मान की विरासत एवं स्वाभिमान के लिए आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी के विचारधारा को हरेक पंचायत गांव समाज के लोगों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है अपने हक और अधिकार के लिए तेजस्वी यादव जी के संदेश को अपनाते हुए राजद के साथ जुड़ कर सांगठनिक ताकतों को मजबूती प्रदान करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें उक्त कार्यक्रम में प्रदेश सचिव इनामुल हक, राजद के वरिष्ठ नेता दिनेश यादव, जिला महासचिव अतुल कुमार चौधरी, जमुआ प्रखण्ड महिला मोर्चा अध्यक्षा बसंती राणा,सोनिया देवी, रूपा देवी, प्रमिला देवी, सरिता देवी, चंपा देवी, किरण कुमारी, सोनिका टुडू सहित अनेक महिलाएं शामिल थीं।

## छात्राएं जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का रखें हौसला, किसी चुनौती से नहीं घबराएं : डा मोहिनी गुप्ता

■ अपने विदाई समारोह में भावुक हुई छात्राएं

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्थानीय योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग सेमेस्टर 4 सत्र 2022-24 की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या डॉ मोहिनी गुप्ता के अभिभाषण से प्रारंभ हुआ।

उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ाने हौसला रखने व किसी भी चुनौती से नहीं घबराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नारी सर्वशक्तिमान है। बस उसे अपनी शक्तियों को पहचाने व प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। विभाग अध्यक्ष डॉक्टर जेनिफर गुड़िया ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी व उन्हें आत्मनिर्भर व एक सही नागरिक बनने की सलाह दी। डॉ ललित भगत दर्शनशास्त्र की विभाग अध्यक्ष ने भी एक कविता - जीवन की तस्वीर बदलने वाली है, के माध्यम से छात्रों को प्रेरित कर उन्हें उनके दायित्व को पूरा करने की प्रेरणा दी। विभाग की अध्यापिका डॉ सुप्रिया सोनालिका ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के बाद छात्राओं का एक नए जीवन की शुरूआत होगी।

## प्रखंड स्तरीय इंटरफेस कार्यशाला का आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चुरचू हजारीबाग।** झारखण्ड महिला उत्थान संस्था के तत्वावधान में कोनार विलेज, डुमर में प्रखंड स्तरीय इंटरफेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सरकारी अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं महिला लीडर शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत संस्था की सचिव श्रीमती नीलम बेसरा, चनारो पंचायत के पंचायत सेवक श्री सचिन कुमार एवं चूरचू पंचायत के श्री साहनी अहमद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई। संचालन प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर नरेश मांझी ने किया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल के माध्यम से महिलाओं और लीडरों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना , गाँवों की समस्याएँ एवं चुनौतियाँ सीधे अधिकारियों तक पहुँचेंगी और पंचायत प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना । इससे महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को और सशक्त किया जा सकेगा। पंचायत सेवक द्वारा पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं जैसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों ने राशन कार्ड ऑनलाइन प्रक्रिया, आवास योजना एवं पेंशन से जुड़ी दिक्कतों को अधिकारियों के समक्ष रखा और समाधान की दिशा में चर्चा की। संस्था की सचिव श्रीमती नीलम बेसरा ने अपने वक्तव्य में कहा- 'यह इंटरफेस कार्यशाला हमारे लिए एक महत्त्वपूर्ण पहल है। महिलाओं और पंचायत प्रतिनिधियों को सीधी जानकारी एवं संवाद का अवसर मिलने से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। हमारी कोशिश है कि गाँव की हर महिला अपने अधिकार और योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बने। संगठन हमेशा समुदाय और सरकार के बीच सेतु की भूमिका निभाता रहेगा।' कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की ओर से विकास टुडू, प्रेमा कुमारी, समीना प्रवीन एवं सुनीता देवी का सराहनीय योगदान रहा।



## कस्तूरबा गांधी विद्यालय बरसोत में फूड पॉइजनिंग, 17 छात्राएं अस्पताल में भर्ती

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड के बरसोत स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में मंगलवार देर शाम भोजन करने के बाद 17 छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। छात्राओं को पेट दर्द, उल्टी और चक्कर आने की शिकायत हुई, जिसके बाद सभी को आनन-फानन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।



बीमार पड़ी छात्राओं में डोली कुमारी, दिव्या कुमारी, वर्षा कुमारी, शिवानी कुमारी, प्रियांशु कुमारी, सुप्रिया कुमारी, रिया भारती, मनीषा कुमारी, सीमा कुमारी, रिया कुमारी, शिवरानी कुमारी, सुमन कुमारी, काजल कुमारी एवं विद्या कुमारी शामिल हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए बरही एसडीओ जोहन टुडू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी अस्पताल पहुंचे और छात्राओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली। अस्पताल में डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी की देखरेख में सभी छात्राओं का इलाज किया गया और फिलहाल सभी खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। इस घटना ने विद्यालय की भोजन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है ताकि फूड पॉइजनिंग की वास्तविक वजह सामने आ सके।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 24-09-2025 21:46 Page 1



# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पं. दीनदयाल उपाध्याय

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जन्म-जयंती (25 सितम्बर) पर विशेष

डॉ ध्रुव कुमार



पंडित दीनदयाल उपाध्याय उन आधुनिक भारतीय विचारकों में एक हैं, जिन्होंने अपनी मौलिक और सार्वभौमिक चिंतन से समाज, राष्ट्र और विश्व को एक नवीन और समरस मार्ग प्रशस्त किया। वे एक युगांतरकारी विचारक-चिंतक होने के साथ-साथ एक उच्चकोटि के अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, इतिहासकार, पत्रकार एवं शिक्षाशास्त्री भी थे।

देश की स्वतंत्रता के बाद भारतीय संस्कृति को पश्चिम देशों के प्रत्ययों से अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल ने विश्व के राजनीतिक विचार मंथन में भारतीयता परक हस्तक्षेप किया और इसके परिणाम - स्वरूप राजनीतिक पटल पर एकात्म मानववाद अवतरित हुआ। 19वीं और 20वीं सदी में भारतीय विचार मंथन और पाश्चात्य विचारों के द्वंद्व को प्रखरता पूर्वक रेखांकित करने का कार्य स्वामी विवेकानंद ने शुरू किया जिसे बाद में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गीता रहस्य के माध्यम से आगे बढ़ाया। पुनः 1909 में महात्मा गांधी ने अपने हिंद स्वराज में इसी विषय को प्रमुखता से उठाया।

पंडित दीनदयाल ने 1964 ई. में प्रथम बौद्धिक वर्ग में इसका विस्तार से विवेचन करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा मानव को एकात्म मानती है। एकात्म जिसे बांटा नहीं जा सकता। न बांटी जा सकने वाली इकाई को एकात्म कहते हैं। समाज और व्यक्ति इस प्रकार जुड़े हुए हैं कि उन्हें अलग-अलग नहीं किया जा सकता। मानव व्यक्ति के रूप में समाज का अभिन्न अंग होता है । व्यक्ति परिवार के बिना नहीं रह सकता, परिवार अपने ग्राम, शहर या मोहल्ले के बिना नहीं रह सकता। ग्राम, शहर से भी आगे देश व दुनिया की इकाइयां है। व्यक्ति इन सभी सामुदायिकताओं का हिस्सा है और वह इनसे स्वतंत्र नहीं है।

पंडित दीनदयाल एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे । उनके जीवन दर्शन का प्रथम सूत्र है - भारत में रहने वाला और इसके प्रति ममत्व की भावना रखने वाला मानव समूह एक जन है। उनकी जीवन प्रणाली, कला, साहित्य, दर्शन सब भारतीय संस्कृति है। इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है। इस संस्कृति में निष्ठा रहे तभी भारत एकात्म रहेगा। उनकी इसी नवीन विचारधारा को दुनिया एकात्म मानव-दर्शन या एकात्म मानववाद के रूप में जानती है।

उन्होंने व्यक्तिगत जीवन तथा राजनीति दोनों में सिद्धांत और व्यवहार में समानता बनाए रखने पर बल दिया। वे एक लोक कल्याणकारी राष्ट्र के निर्माण के लिए राजनीतिक शुचिता को परम आवश्यक मानते थे उनके रोम-रोम में राष्ट्रीयता थी और उनकी राष्ट्रीयता का अर्थ भारत को माता मानकर उसकी सेवा करने में थी। वे अक्सर कहते थे - ₹हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारत ₹माता₹ है केवल भारत ही नहीं। माता शब्द हटा देने से भारत केवल जमीन का टुकड़ा मात्र बनकर रह जाएगा। उनकी दृष्टि में राष्ट्रीयता कोई कृत्रिम वस्तु नहीं है, यह स्वाभाविक होती है। इस स्वभाविक प्रवृत्ति को ही भारतीय शास्त्रकारों ने ₹ चिति ₹ का नाम दिया है। उनके अनुसार जो चिति के अनुकूल हो उसे ₹ संस्कृति ₹ तथा जो चिति के प्रतिकूल हो उसे ₹ विकृति ₹ कहते हैं। यह संस्कृति - तत्व ही राष्ट्रीयत्व का नियामक है। मजहब और राजनीति के प्रवेश ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अस्मिताओं को आहत किया है। मजहब कहीं भी राष्ट्रीयता का आधार नहीं होता।

उनका मानना था कि शिक्षा और संस्कार से बच्चा समाज का अभिन्न घटक बनता है क्योंकि जन्म से मानव पशुवत पैदा होता है। बच्चे को शिक्षा देना समाज के हित में है। दीनदयाल उपाध्याय निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था के पक्षधर थे। उनके अनुसार जो काम समाज के अपने हित में है, उसके लिए शुल्क क्यों लिए जाएं ? उनका तर्क था कि क्या हम पेड़ लगाने और उसे सींचने के लिए पेड़ से पैसा लेते हैं? हम तो अपनी ओर से पूंजी लगाते हैं और जानते हैं कि पेड़ से हमें फल मिलेंगे ही। शिक्षा भी इस प्रकार का विनियोजन है। व्यक्ति शिक्षित होने पर समाज के लिए कार्य करेगा ही किंतु जो व्यवस्था बचपन से ही हमें व्यक्तिवादी बनाती हो, उससे समाज की अवहेलना करने वाले निकले तो आश्चर्य क्यों ? पं. दीनदयाल आजादी से पूर्व सभी देसी रियासतों द्वारा निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि गुरुकुल में तो भोजन व आवास की भी व्यवस्था आश्रम की ओर से ही होती थी। शिष्यों द्वारा भिक्षा मांगने के लिए भेजकर उन्हें विनयशील बनने का पाठ पढ़ाया जाता था। दूसरी ओर समाज भी किसी शिष्य को खाली हाथ नहीं लौटाता था अर्थात शिक्षा की व्यवस्था समाज ने अपने कंधों पर उठा रखी थी। हम सब समाज के द्वारा एक दूसरे से



बंधे हैं । इसके अलावा कई अन्य बातें भी हम समाज से ही सीखते हैं। हमारी बुद्धि भी समाज में ही सक्रिय होती है

पंडित दीनदयाल कहते थे कि व्यक्ति और समाज का पहला संबंध शिक्षा के रूप में ही सामने आता है। यह शिक्षा ही व्यक्ति और समाज को मिला देती है । व्यक्ति के पैदा होते ही समाज शिक्षा देना प्रारंभ कर देता है। दूध पीना भी सीखना पड़ता है। फिर शिक्षा का संस्कार बढ़ता जाता है। माता, पिता, गुरु आदि के द्वारा जैसा सिखाया जाता है, बालक वैसे ही कर्म करना प्रारंभ करता है। वह समाज के लिए कर्म करता है। सामान्य लोगों को दिखता है कि वह अपने लिए कर्म करता है, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। वह कर्म के द्वारा समाज से जुड़ता है। उदाहरण के लिए किसान अनाज क्या अपने लिए ही पैदा करता है? वह समाज के लिए, सबका पेट भरने के लिए अनाज पैदा करता है। अध्यापक जो विद्या देता है, उसका मूल्य रुपए से नहीं चुकाया जा सकता। व्यक्ति और समाज को जोड़ने वाली शिक्षा, कर्म, योगक्षेत्र और यज्ञ, ये चारों चीजे व्यष्टि और समिष्ट को एकात्म करती है। शिक्षा, समाज से व्यक्ति की ओर, कर्म, व्यक्ति से समाज की ओर, योगसूत्र, समाज से व्यक्ति की ओर और यज्ञ व्यक्ति से समाज की ओर जाते हैं।

इनके इन्हीं युगांतरकारी विचारों, क्षमता और कार्यकुशलता से प्रभावित होकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1952 में कहा था यदि मुझे दो दीनदयाल मिल जाएं तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदल दूं।

पंडित दीनदयाल ने अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना की। इनमें सम्राट चंद्रगुप्त, जगत-गुरु शंकराचार्य, एकात्म मानववाद, राष्ट्र जीवन की दिशा, राजनीतिक डायरी, भारतीय अर्थनीति का अवमूल्यन सहित अनेक महत्वपूर्ण पुस्तकें शामिल हैं। उनका जन्म 25 सितंबर 1916 को राजस्थान में जयपुर के समीप धनकिया में हुआ था। इनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामप्यारी था। इनके पिता रेलवे में कार्यरत थे। दीनदयाल की आयु जब मात्र 3 वर्ष की थी, तब उनके पिता का साया उठ गया। माता भी 8 वर्ष की आयु में उन्हें छोड़ कर ईश्वर को प्यारी हो गईं। उनकी शिक्षा-दीक्षा पिलानी, आगरा और इलाहाबाद में हुई। उन्होंने शिक्षक- प्रशिक्षण का कोर्स भी किया था, लेकिन नौकरी नहीं की। वे छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय सेवा सेवक संघ के सक्रिय स्वयं सेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता हो गये थे।

1967 में कालीकट अधिवेशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए लेकिन वे सिर्फ डेढ़ महीने ही जनसंघ के अध्यक्ष रह सके। 10 और 11 फरवरी 1968 की मध्य रात्रि में ट्रेन से पटना आते समय मुगलसराय में उनकी हत्या कर दी गई। महज 52 वर्षों की अल्पायु में उन्होंने देश को एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में मजबूत करने के लिए जितना कार्य किया, वह सब अकल्पनीय है।

उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युवाओं को शुद्ध करते हुए देश को एकात्म मानव दर्शन की नई विचारधारा दी।

उनका मानना था कि भारतीय संस्कृति एकात्म मानववादी है और इसके अनेक प्रत्यय है- धर्म, चिति और विराट आदि। इन प्रत्ययों को राजनीति के क्षेत्र में प्रस्तुत करना एक क्रांतिकारी पहल थी। आजादी के आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने इन भारतीय प्रत्ययों का सफलतापूर्वक उपयोग किया था। पंडित दीनदयाल यह भी मानते थे कि ₹ मानव ₹ केवल व्यक्ति व समाज के रूप में ही एकात्म नहीं है बल्कि वह इस संसार यानी प्रकृति का भी अविभाज्य अंग है। ऐसे में मानव यदि प्रकृति के साथ अनुचित व्यवहार करेगा तो दुखी ही रहेगा। भारतीय परंपरा प्रकृति को ₹ माता ₹ का दर्जा देती है। प्रकृति को प्रदूषित करना पाप माना जाता है। इस सृष्टि का निर्माण केवल व्यक्ति और समाज से नहीं, प्रकृति के संयोग से है। मानव को प्रकृति के साथ समुचित व्यवहार करना सीखना चाहिए। इसके ठीक विपरीत पश्चिमी विचारधाराएं ₹ प्रकृति पर विजय ₹ की कामना करती है। सर्वविदित है कि प्रकृति के अनियंत्रित उपभोग से ही आज मानवता के समक्ष संकट उपस्थित हो गया है। पश्चिमी विचारधारा भौतिकतावाद और भोगवाद से गहरे रूप से जुड़ा है। इसके ठीक विपरीत ₹ एकात्म मानववाद ₹ के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने प्रकृति के विभिन्न उपादानों जैसे - सूर्य, नदी, पर्वत, वृक्ष, धरती, अन्न आदि को मनुष्य एवं जीव से अभिन्न संबंध को स्थापित किया है।

डॉ ध्रुव कुमार

---

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की निगरानी के लिए

# तीन सदस्यीय निरीक्षण दल का पांच दिवसीय झारखंड दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु मॉनिटरिंग के लिए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की मॉनिटरिंग हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की तीन सदस्यीय दल 21 सितंबर से पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर आई ही है। इस दल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण में ओएसडी डॉ राजलक्ष्मी दास एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलजा आंगमो और विभाग के पदाधिकारी श्री हदानंद शामिल हैं। ई पांच दिनों में दल स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार के सदस्यों के साथ राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित सदर अस्पतालों, ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का दौरा कर अभियान से जुड़ी जानकारी ले रहा है ऐली बेहतर क्रिया के लिए स्थानीय कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी कर रहा है।

अब तक इस दल के सदस्यों ने रांची, खूंटी, गोड्डा, रामगढ़, हजारीबाग, पाकुड़, गोड्डा और गुमला जिलों का दौरा किया है। आगामी दिनों में वे देवघर, बोकारो, लातेहार और लोहरदगा जिलों का दौरा करेंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अनुसार अब तक राज्य में 31 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविरों में 15 लाख से ऊपर लाभार्थी खासकर महिलाएं जुड़ चुके हैं।

जिन रोगों को जांच विशेष रूप से की जा रही है उनमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर स्क्रीनिंग, सिकल सेल, टीबी, हेमोग्लोबिन, मानसिक स्वास्थ्य, टीकाकरण और प्री नेटल जच्चा बच्चा स्वास्थ्य चेक अप प्रमुख हैं।

प्रधानमंत्री ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ 17 सितंबर 2025 को मध्य प्रदेश के धार से किया था। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान विकसित भारत 2047 के लिए प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सशक्त समाज के दृष्टिकोण का प्रतीक है, जो महिला केंद्रित निवारक देखभाल पर केंद्रित है।

# बच्चे के गले में फंसा सिक्का, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** दुमका के गोपीकांदर प्रखंड के रांगा मिशन गांव में चार साल के राम मड़ैया के साथ सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। मासूम ने खेल-खेल में एक सिक्का निगल लिया, जो उसके गले में फंस गया।

उल्टियां शुरू होने पर परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन वहां से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगलवार को नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. आलोक कुमार ने सिक्का निकालने की कोशिश की, मगर अस्पताल में जरूरी यंत्र (ओसोफिलोस्कोप) न होने के कारण वे नाकाम रहे। मजबूरी में बच्चे को एम्स या रिम्स रेफर करना पड़ा।

यह घटना दुमका मेडिकल कॉलेज की बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोलती है। हर सुविधा होने का दावा करने वाला यह अस्पताल एक छोटे से यंत्र के अभाव में बच्चे का इलाज नहीं कर सका।

डॉ. आलोक ने बताया कि सिक्का गले में काफी नीचे फंस गया था। ओसोफिलोस्कोप के बिना सिक्के का सटीक स्थान पता करना और उसे निकालना असंभव था। यंत्र की कमी के कारण मरीज को रेफर करना पड़ा। दो साल पहले एक एसआर (सीनियर रेजिडेंट) ने अपने निजी ओसोफिलोस्कोप से मरीजों का इलाज किया था।

# घटायी गयी पप्पु यादव की सुरक्षा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य सरकार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल की सुरक्षा बढ़ा दी है, जबकि पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की सुरक्षा घटा दी गई है। गृह विभाग की विशेष शाखा ने इससे जुड़ा आदेश जारी कर दिया है।

विभागीय जानकारी के अनुसार, आपराधिक खतरों और थ्रेट असेस्टमेंट रिपोर्ट के आधार पर डॉ. दिलीप जायसवाल को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। वहीं, सांसद पप्पू यादव को पहले से मिली वाई प्लस सुरक्षा की जगह अब उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया गया है। पिछले दिनों राज्य सुरक्षा समिति की बैठक में इसकी अनुशंसा की गई है।

मालूम हो कि वाई प्लस श्रेणी में वीआईपी की सुरक्षा में 11 लोग होते हैं, जिनमें पुलिस के साथ दो-चार कमांडो शामिल होते हैं। वहीं, वाई श्रेणी में आठ लोग सुरक्षा में तैनात किए जाते हैं, जिनमें एक-दो कमांडो और बाकी पुलिस के जवान होते हैं।

# दुमका में पहली बार होगा सामूहिक विवाह



## मारवाड़ी महिलाओं की अनोखी पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** मनुस्मृति में एक प्रसिद्ध श्लोक है- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता। मतलब जहां स्त्रियों की पूजा या सम्मान होती है वहां देवताओं का वास होता है। कुछ इसी भाव को लिए दुमका में मारवाड़ी विवाह सम्मेलन से जुड़ी महिलाओं ने एक नई पहल की है। इनका उद्देश्य समाज में व्याप्त कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर न सिर्फ सीधा प्रहार करना है बल्कि इसके निदान के लिए भी गंभीर पहल करनी है।

इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए मारवाड़ी विवाह सम्मेलन की शीर्ष प्राथमिकता सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना है। खास बात यह कि मारवाड़ी विवाह सम्मेलन के माध्यम से सिर्फ मारवाड़ी समाज ही नहीं बल्कि हरेक समाज के जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की सामूहिक विवाह हिंदू रीति-रिवाज से कराई जाएगी। शादी में तमाम खर्च का वहन मारवाड़ी विवाह सम्मेलन करेगी। शादी पूरे शान-शौकत से कराई जाएगी। किसी भी तरह की कोई कमी वर व कन्या पक्ष को महसूस नहीं होने दी जाएगी। प्रत्येक जोड़े को वैवाहिक जीवन में उपयोग में आने वाली वस्तुएं भी प्रदान की जाएंगी। इन शादियों को कानूनी मान्यता मिले इसके लिए इनका कोर्ट से निबंधन में कराया जाएगा।

मारवाड़ी विवाह सम्मेलन की अंजना भुवानियां कहती हैं कि इसकी शुरूआत 11 जोड़ियों के सामूहिक विवाह की परंपरा से होगी। विवाह का आयोजन 2026 में तय है। अब तक पांच जरूरतमंद परिवारों को चिह्नित कर उनका नाम दर्ज कर लिया गया है।

शेष छह परिवार भी संपर्क में हैं। मारवाड़ी विवाह सम्मेलन की ओर यह भी खुली अपील है कि जो भी जरूरतमंद परिवार सामूहिक विवाह में भागीदारी तय करना चाहते हैं वह बिना

किसी संकोच के खुले मन से जोड़ा के साथ संपर्क कर सकते हैं। कहा कि आर्थिक तौर पर कमजोर माता-पिता को उनकी बेटियों का विवाह कराकर उन्हें संबल देना है।

अंजना ने कहा कि बेटियां तो सांझी होती हैं मतलब यह है कि बेटियां किसी एक व्यक्ति या परिवार की निजी संपत्ति नहीं होती हैं बल्कि ये पूरे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सभी बेटियों की सुरक्षा और सम्मान की जिम्मेवारी पूरे समाज की है। इन्हें केवल अपने परिवार की बेटी नहीं, बल्कि समाज या देश की बेटी के रूप में देखा जाना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या और बेटा-बेटी में फर्क की की सोच की वजह से देश भर में बालक-बालिका का लिंगानुपात में तेजी से कमी आई है। हरेक समाज में लड़कियों की संख्या कम होने के कारण कई तरह की परेशानियां सामने आ रही हैं जिसमें वैवाहिक परिस्थितियां भी शामिल हैं।ऐसे में इन तमाम सामाजिक कुरीतियों व परिस्थितियों से उबरने के लिए मारवाड़ी विवाह सम्मेलन की ओर से दुमका में पहली बार सामूहिक विवाह कराने का बीड़ा उठाया गया है। इसमें सबसे सुखद पहलू यह है कि मारवाड़ी समाज के गणमान्य लोगों ने तन-मन-धन से मदद करने के लिए आगे आए हैं।

# ट्यूशन के नाम चल रहा था धर्मांतरण का खेल, लोगों ने किया हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग में इसाई मिशनरी से जुड़े कुछ लोगों द्वारा चंगाई सभा के माध्यम से लोगों को मतांतरित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसमें लोगों को यह कहकर बुलाया जाता था कि प्रार्थना और चंगाई सभा में शामिल होने से तथा इसाई धर्म अपना लेने से उन्हें सभी दुख-दर्द और बीमारियों से छुटकारा मिल जाएगा। रविवार को मामला उजागर होने के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर जमकर बवाल किया और मतांतरण कराने के आरोप में बड़कागांव के कोरियाडीह निवासी विक्रम कुमार मेहता को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

ग्रामीणों को कहना है कि ट्यूशन के नाम पर एक घर को किराये पर लेकर वहां मतांतरण का खेल चल रहा था। रविवार को बस्ती में दुर्गा पूजा का चंदा करने पहुंचे युवकों ने



जब घर में गाना-बजाना और सनातन धर्म के विरोध में बातें सुनीं तो संदेह हुआ।पूछताछ की तो चंगाई सभा में शामिल लोग उलटी-सीधी बातें करने लगे। इस बीच मोहल्ले के सैंकड़ों लोग जुट गए मतांतरण के विरुद्ध हंगामा करने लगे। कुछ लोगों ने घटना की सूचना बड़ा बाजार पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस पहुंची और आरोपितों को हिरासत में लिया।

पकड़े गए आरोपित विक्रम ने बताया कि वह बड़कागांव के पास्टर नकुल महतो के साथ जुड़ा है। उसने यह भी स्वीकार किया कि वर्ष 2013 में जेल चोरी के आरोप में गया था और उसी दौरान उसने ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया।

इसके बाद वह मतांतरण कराने लगा। पुलिस के पहुंचने के बाद मुख्य पास्टर मौके से फरार हो गया। उसके पक्ष में दर्जनभर से अधिक महिलाएं तीन ई-रिक्शा से थाने पहुंची थीं। मोहल्लेवासियों के विरोध के बाद महिलाएं वहां से चुपके से निकल गईं।

हजारीबाग के केरेडारी निवासी एक यूट्यूबर को भी पुलिस ने हिरासत में लिया, जो खुद को पत्रकार बताकर बड़ा बाजार थाने में आरोपित की पैरवी करने पहुंचा था।

चंगाई सभा में एक युवती भी चंगाई प्रवचन दे रही थी। पूछने पर उसने खुद को बिहार के बिहारशरीफ का निवासी बताया। युवती ने कहा कि वह दिल्ली में पढ़ाई करती थी और यूट्यूब पर पास्टर तेजिंदर पाल के चंगाई प्रवचन सुनकर उससे जुड़ी। पुलिस ने उससे भी पूछताछ की।

खुद को अधिवक्ता बता किराये पर लिया था मकान पकड़े गए विक्रम कुमार ने पूछताछ में बताया कि उसने हुरहुरु निवासी एक व्यक्ति से छह हजार रुपये के मासिक किराये पर मकान लिया था।

# कम्प्यूटर शिक्षक पर छात्रा से छेड़खानी का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड के कोडरमा जिले में गुरु-शिष्य संबंध को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत दरदाही स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय योगिडीह में कक्षा 7 की एक छात्रा ने अपने कंप्यूटर शिक्षक पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है। घटना सामने आने के बाद गुस्साई भीड़ ने आरोपी शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के मुताबिक, मामला 16 सितंबर का बताया जा रहा है। आरोप है कि उस दिन शिक्षक ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की थी। डरी-सहमी छात्रा चुप रही और किसी को कुछ नहीं बता सकी। सोमवार को जब छात्रा के पिता बाहर से घर लौटे तो उसने हिम्मत जुटाकर पूरी घटना सुनाई। इसके बाद पिता मंगलवार को बेटी को लेकर सीधे स्कूल पहुंचे।

जैसे ही घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई, बड़ी संख्या में लोग स्कूल परिसर में जुट गए। देखते ही देखते भीड़ ने आरोपी शिक्षक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। हालात तनावपूर्ण हो गए। इसी दौरान स्कूल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। मरकच्चो थाना पुलिस तुरंत पहुंची और आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर अपने कब्जे में लिया।

पीड़िता के परिजनों ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है और तफ्तीश शुरू कर दी है। छात्रा का बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। फिलहाल आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

घटना के बाद विद्यालय परिसर और आसपास के इलाके में अफरातफरी का माहौल रहा। अभिभावकों और ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि जब शिक्षक ही ऐसी हरकत करेंगे तो बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।

# पटना में राहुल गांधी ने भरी हुंकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सामाजिक नीतियों और आरक्षण व्यवस्था पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि है कि उनकी पार्टी 50 प्रतिशत आरक्षण की जो दीवार बनी हुई है, उसे तोड़कर नए समावेशी विकल्प लेकर आएगी। राहुल गांधी बुधवार को अति पिछड़ा न्याय संकल्प विषयक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

इससे पहले आजादी के बाद बिहार में पहली बार हुई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक के माध्यम से कांग्रेस ने नरेन्द्र मोदी सरकार की विदेश नीति, कूटनीति की असफलताओं से लेकर भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी तक के मुद्दों को धार दी। साथ ही वोट चोरी को राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बनाने का संकल्प भी लिया गया।

होटल चाणक्या में जनता, महिलाओं के अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव व महागठबंधन के अन्य नेताओं की मौजूदगी में राहुल गांधी ने अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि यह 10 मुद्दे ही नहीं, इनके पूर्ण होने की गारंटी है।

राहुल ने नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार में जनता के मत का इस्तेमाल कर उन्हें फेंक दिया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि संकल्प पत्र 20 वर्ष तक नीतीश कुमार ने क्यों नहीं जारी कर सके? हाइड्रोजन बम जल्द फोड़ने की बात कहते हुए राहुल ने जाति जनगणना की वकालत की।

उन्होंने कहा, संविधान में लिखा है कि हर व्यक्ति को देश की प्रगति में हिस्सा मिलना चाहिए। हमारा लक्ष्य बिहार के हर वर्ग को सही भागीदारी सुनिश्चित करना है। देश में पिछड़ी जातियों का हक छीना जा रहा है।

दूसरी ओर, सदाकत आश्रम में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में नेताओं ने अपने संबोधन में वोट चोरी को बड़ा मुद्दा बताया और कहा कि बिहार की ही तर्ज पर अब देश भर में लाखों लोगों के वोट काटने की साजिश रची जा रही है।



वोट चोरी का मतलब है- दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति-पिछड़ा, अल्पसंख्यक, कमजोर और गरीब के राशन की चोरी, पेंशन चोरी, दवाई चोरी, बच्चों की छात्रवृत्ति और परीक्षा की चोरी। वोटर अधिकार यात्रा की वजह से बिहार की जनता में इसके बारे जागरूकता फैली और वो खुलकर कांग्रेस के समर्थन में आए हैं। वोट चोरी के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का संकल्प भी नेताओं ने सीडब्ल्यूसी की बैठक में लिया।

# 312 दिन की हाजिरी पर मिलेगा फुल बोनस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** कोयला कर्मियों के बोनस (परफॉर्मेंस लिंक रिवॉर्ड) की राशि क्या होगी यह तो गुरुवार को तय हो जाएगा। कंपनी के नियम के अनुसार, 312 दिन की हाजिरी पर कर्मियों को फुल बोनस (यानी जो राशि तय होगी, वह पूरी रकम) मिलेगा। इस आधार पर इस बार एक अप्रैल 2024 से लेकर 31 मार्च 2025 तक कर्मियों की उपस्थिति के डेटा के आधार पर राशि तय होगी। इसके साथ ही इस दौरान जो भी कंपनी के रोल में थे, उन्हें बोनस मिलेगा। बोनस की राशि वित्त वर्ष के आधार पर तय की जाती है। हर एरिया इस स्तर पर काम करने में जुट भी गया है। बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल ने इस संबंध में एरिया प्रबंधन को पूरी तैयारी करने का आदेश मौखिक रूप से दे दिया है।

कोल इंडिया में 312 दिन की उपस्थिति पर ही कर्मचारियों को घोषित बोनस की पूरी राशि का भुगतान किया जाता है। अगर किसी कर्मचारी की हाजिरी 312 दिन से कम होती है, तो उसे मिलने वाली बोनस राशि में कटौती कर दी जाती है।

कोल इंडिया में उन कर्मियों को बोनस को लाभ नहीं मिलेगा, जो कंपनी से विजिलेंस सहित अन्य मामलों को लेकर बर्खास्त कर दिए गए है। उन्हें इस लाभ से वंचित रहना होगा। इसके साथ ही कंपनी नियम के तहत जिन पर गंभीर आरोप और जांच चल रही है। उनका भी बोनस पर प्रबंधन विचार करेगी। इसके बाद ही भुगतान संभव होगा।राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन जेबीसीसीआई 11 की मानकीकरण समिति में इंटक सम्मिलित रहेगा। फेडरेशन के महासचिव व जेबीसीसीआई सदस्य व विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह व पूर्व एमलीएस एसक्यू जमा ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतीय मजदूर संघ की साजिश नाकाम हो गई। भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने वाले का चेहेरा सामने आ गया है। कोलकाता उच्च न्यायालय ने यह फैसला दिया है कि इंडियन नेशनल माइन वर्कर्स फेडरेशन (इंटक) बोनस की बैठक में शामिल होगा।

इंटक नेता ने अन्य श्रमिक संगठनों का आभार जताया, जो इस मुद्दे को लेकर सच्चाई के साथ खड़े रहे। जमा ने कहा कि उन साथियों के लिए भी सोचने का वक्त है, जो सालों तक साथ रहे और जिन्होंने बुरे वक्त पर इंटक का साथ छोड़ दिया।

इधर, फेडरेशन के उपाध्यक्ष व इंटक के राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र प्रसाद अंबष्ठ ने कहा सच हमेशा सच ही होता। श्रमिकों की जीत हुई है। इंटक हमेशा श्रमिक हित की बात करता है।

CMYK

# अबरार-हसरंगा ने सेलिब्रेशन कॉपी करके एक-दूजे को चिढ़ाया

## बॉलर पर भड़के पाकिस्तानी कप्तान, बाउंसर से फखर का हेलमेट टूटा, श्रीलंका की 5 विकेट से हार

**अबु धाबी (एजेंसी)।** एशिया कप में मंगलवार को पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच सुपर-4 मैच खेला गया, जिसे पाकिस्तान ने 5 विकेट से जीता। इस लो-स्कोरिंग मैच में पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद और श्रीलंकाई ऑलराउंडर के बीच जमकर तकरार देखने को मिली। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा रिव्यू गंवाने के बाद अपने ही गेंदबाज पर भड़क गए। इन सब के बीच दुष्मंथा चमीरा की बाउंसर फखर जमान के हेलमेट पर लगी। इससे उनका हेलमेट टूट गया और उन्हें हेलमेट बदलना पड़ा। ऐसे ही कुछ टॉप मोमेंट्स ने अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले को और रोचक बना दिया था



**दसुन शनाका टी-20 इंटरनेशनल 14 बार शून्य पर आउट** - श्रीलंकाई बैटर दसुन शनाका टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा 14 बार शून्य पर आउट होने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने रवांडा के केविन इराकोज (13 बार) का रिकॉर्ड तोड़ा।

**कुसल मेंडिस पहली बॉल पर पवेलियन लौटे** - अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही श्रीलंकाई टीम ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। उसके ओपनर कुसल मेंडिस अपनी पहली बॉल पर पवेलियन लौट गए। उन्हें शाहीन शाह अफरीदी ने तलत हुसैन के हाथों कैच कराया।

### अबरार ने हसरंगा को उन्हीं के सेलिब्रेशन से चिढ़ाया

13वें ओवर की पहली बॉल पर अबरार अहमद ने वानिंदू हसरंगा को क्लीन बोल्ड कर दिया। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी स्पिनर ने हसरंगा को उन्हें के सेलिब्रेशन से चिढ़ाया। वे अपने दोनों हाथों के कंधे के पास ले गए और मुट् ?ठी बांधकर हिलाते हुए सेलिब्रेट किया। जैसे कि हसरंगा अपने विकेट सेलिब्रेट करते हैं। यहां पर श्रीलंकाई टीम ने छठा विकेट गंवाया। हसरंगा 15 रन बनाकर आउट हुए।

### रिव्यू गंवाने के बाद अबरार पर भड़के सलमान

पाकिस्तानियों ने 15वें ओवर की 5वीं बॉल पर चमिका करुणारत्ने के खिलाफ एलबीडब्ल्यू की अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नकार दिया। अबरार अहमद के जोर देने के कप्तान सलमान आगा ने रिव्यू मांगा ।रिप्ले देखने से पता चला कि बॉल न तो बल्लेबाज के बैट से लगी और न ही पैड से। वीडियो में दिखा की बॉल करुणारत्ने के हाथ से लगकर उछली थी। ऐसे में पाकिस्तान को विकेट तो नहीं मिला, टीम ने एक रिव्यू जरूर गंवा दिया। ऐसे में कप्तान सलमान अबरार अहमद पर भड़क गए। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने अबरार अहमद के कहने पर रिव्यू लिया था।




# पंचकूला में सीएम सैनी ने किया खेल महाकुंभ का शुभारंभ

## दूसरे चरण में 10 हजार खिलाड़ी जुटेंगे; पैरालिंपिक पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**पंचकूला (एजेंसी)।** हरियाणा में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 का दूसरे चरण का बुधवार (24 सितंबर) को सीएम नायब सैनी ने शुभारंभ किया। खेल महाकुंभ 26 सितंबर तक पंचकूला के सेक्टर 3 में स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान खेल मंत्री गौरव गौतम बतौर विशिष्ठ अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहे। सीएम नायब सैनी ने खेल महाकुंभ के दूसरे चरण के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रदेश में 1489 खेल नर्सरियां खोली गई हैं। इन खेल नर्सरियों में 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिसमें 8-14 साल तक के खिलाड़ियों को 1500, 15-19 वर्ष के खिलाड़ियों को 2000 रुपए प्रति माह की सहायता प्रदान की जा रही है। इन खेल नर्सरियों में प्रशिक्षकों को 25 हजार मानदेय दिया जाता है।

- **खिलाड़ियों के लिए 550 पद सृजित** - सीएम नायब सैनी ने कहा कि हमने हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021 बनाकर 550 नए पद सृजित किए हैं। अब तक 224 खिलाड़ियों को विभिन्न श्रेणियों की नौकरी भी दी गई हैं। प्रदेश सरकार के द्वारा अब 641 करोड़ रुपए की इनाम राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा- 15 हजार 634 खिलाड़ियों को खेल के उपकरण भी सरकार की तरफ से किए गए प्रदान हैं। गत वर्ष पेरिस पैरालिंपिक में देश ने 29 पदक जीते, जिनमें से 8 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते थे। पदक जीतने वाले इन खिलाड़ियों को 42 करोड़ रुपए की नकद राशि दी गई है।
- **प्रदेश में हो चुके 5 खेल महाकुंभ** - सीएम नायब सैनी ने कहा कि खेल महाकुंभ की शुरुआत हरियाणा के स्वर्ण जयंती वर्ष 2017 में हुई। अब तक प्रदेश में 5 खेल महाकुंभ का सफल आयोजन हो चुका है। 2 अगस्त से 4 अगस्त तक चले खेल महाकुंभ के 26 खेलों में प्रदेश के कुल 15 हजार 410 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आज इसके दूसरे चरण में 9 हजार 959 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बल्कि यह अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास की सबसे श्रेष्ठ पाठशाला हैं।

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग-

# भारत चारों कैटेगरी में टॉप पर बरकरार

### लगातार दूसरे हफ्ते इंडिया टॉप टीम

- **अभिषेक बैटर, वरुण बॉलर्स, हार्दिक ऑलराउंडर्स में नंबर-1**

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में लगातार दूसरे हफ्ते भी बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में भारतीय खिलाड़ी टॉप पर बरकरार हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर मौजूद है।

पिछले सप्ताह ही सभी चारों कैटेगरी में भारत का दबदबा बना था। ऐसा पहली बार हुआ कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फॉर्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया।

वरुण चक्रवर्ती टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बने हुए हैं। बैटर अभिषेक शर्मा नंबर-1 पर बरकरार हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं।

**अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार** - बैटर्स में भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप स्टेज के मुकाबले में 38 और रविवार को पाकिस्तान के 74 रन की पारी खेली थी। उनके अलावा, तिलक वर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुच गए हैं।

### टी-20 बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | अभिषेक शर्मा | भारत | 907 |
| 2 | फिल सॉल्ट | इंग्लैंड | 844 |
| 3 | तिलक वर्मा | भारत | 791 |
| 4 | जोस बटलर | इंग्लैंड | 785 |
| 5 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 771 |
| 6 | सूर्यकुमार यादव | भारत | 729 |
| 7 | पाथुम निसांका | श्रीलंका | 728 |
| 8 | टिम साइफर्ट | न्यूजीलैंड | 725 |
| 9 | टिम डेविड | ऑस्ट्रेलिया | 676 |
| 10 | डेवाल्ड ब्रेविस | साउथ अफ्रीका | 674 |

### टी-20 ऑलराउंडर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | हार्दिक पंड्या | भारत | 238 |
| 2 | मोहम्मद नबी | अफगानिस्तान | 231 |
| 3 | सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे | 212 |
| 4 | दीपेंद्र सिंह ऐरी | नेपाल | 209 |
| 5 | सईम अयूब | पाकिस्तान | 201 |
| 6 | रोस्टन चेज | वेस्टइंडीज | 196 |
| 7 | वनिंदू हसरंगा | श्रीलंका | 190 |
| 8 | रोमारियो शेफर्ड | वेस्टइंडीज | 183 |
| 9 | लियम लिविंगस्टन | इंग्लैंड | 181 |
| 10 | मार्कस स्टोयनिस | ऑस्ट्रेलिया | 179 |

### वरुण चक्रवर्ती टॉप बॉलर

बॉलर्स रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती टॉप पर बने हुए हैं। 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन जारी है। फिलहाल उनका रेटिंग पॉइंट 747 हो गया है। वरुण ने पिछले सप्ताह ही नंबर-1 पोजीशन हासिल की थी। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के जैकब डफी हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान छह स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में वापस आ गए हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप में अपने पिछले दो मैचों में छह विकेट लिए हैं।

### ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंड्या पहले नंबर पर

भारतीय स्टार हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद 12 स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। फिलहाल उनकी रेटिंग पॉइंट्स 703 है।

# आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट को किया सस्पेंड

## टी-20 वर्ल्ड कप और एलए 2028 ओलिंपिक में अमेरिकी टीमें खेलती रहेंगी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** यूएसए क्रिकेट (यूएसएसी) को नियम तोड़ने की वजह से आईसीसी (इंटरनेशनल क्रिकेट) ने निलंबित कर दिया है। इसका मतलब है कि यूएसएसी अब आईसीसी की पूर्ण सदस्यता के अधिकारों का उपयोग नहीं कर पाएगा। हालांकि, अमेरिका की क्रिकेट टीमें आईसीसी के टूर्नामेंट और 2028 ओलिंपिक की तैयारियों में हिस्सा ले सकेंगी। आईसीसी अब यूएसएसी को सुधार करने का मौका देगा और इसकी निगरानी करेगा, ताकि भविष्य में निलंबन हटाया जा सके। यह कदम क्रिकेट को अमेरिका में और मजबूत करने और इसकी छवि को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है।अमेरिका ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के कुछ मैचों की मेजबानी की थी।

### टीम पर क्या असर पड़ेगा

- आईसीसी ने साफ किया कि निलंबन का असर अमेरिकी टीम की भागीदारी पर नहीं पड़ेगा।
- फरवरी 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में अमेरिका की टीम खेल सकेगी।
- लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में भी अमेरिका की पुरुष और महिला टीमें हिस्सा ले पाएंगी।
- आईसीसी अस्थायी रूप से अमेरिकी राष्ट्रीय टीमों के प्रबंधन और संचालन की जिम्मेदारी खुद संभालेगा।
- निलंबन खत्म करने के लिए अमेरिका क्रिकेट को क्या करना होगा

### इसीलिए हुआ निलंबन

- आईसीसी ने एसएसी को पहले 2024 की वार्षिक आम बैठक में गैर-अनुपालन के लिए नोटिस पर रखा था। इन्हें अपनी कमियों को सुधारने के लिए 12 महीने का समय दिया गया था। जुलाई 2024 में आईसीसी सदस्यों ने एसएसी को 'नोटिस' पर बनाए रखने और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने तथा शासन सुधार करने का निर्देश दिया था। आईसीसी के अनुसार, यूएसएसी पर इन कारणों से लगाया गया है बैन।
- प्रशासनिक ढांचे की कमी- यूएसएसी एक कार्यात्मक शासन संरचना लागू करने में विफल रहा।
- यूएस ओलिंपिक और पैरालंपिक समिति के साथ राष्ट्रीय शासी निकाय का दर्जा प्राप्त करने में प्रगति की कमी। यूएसएसी ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए।
- क्रिकेट की छवि को नुकसान- एसएसी के कुछ कदमों ने अमेरिका और वैश्विक स्तर पर क्रिकेट की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया।

# दिग्गज अंपायर 'डिकी' बर्ड का हुआ निधन

## तीन वर्ल्ड कप फाइनल में की थी अंपायरिंग



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे करियर में 66 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था।

यॉर्कशर काउंटी क्लब ने यहां जारी बयान में कहा, ''यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को बड़े दुख के साथ यह घोषणा करनी पड़ रही है कि क्रिकेट के सबसे चहेते लोगों में से एक हेरोल्ड डेनिस 'डिकी' बर्ड एमबीई ओबीई का 92 वर्ष की आयु में अपने घर पर निधन हो गया। उन्होंने कहा, '' वह अपने पीछे खेल भावना, विनम्रता और खुशी की विरासत के साथ कई पीढ़ियों के प्रशंसकों की एक फौज छोड़ गये हैं। बर्ड का यॉर्कशर के साथ लंबे समय तक जुड़ाव रहा। उन्होंने 1956 में इस काउंटी के साथ अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की और 1964 में करियर समाप्त होने तक 93 मैचों में 3,314 रन बनाए। इसमें दो शतक भी शामिल हैं।

क्लब ने कहा, ''इस समय यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब में हर किसी की संवेदनाएं डिकी के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। क्लब में सभी लोग उन्हें बहुत याद करेंगे क्योंकि उन्होंने यहां सभी के समर्थन में अविश्वसनीय रूप से बहुत समय बिताया। उन्हें यॉर्कशर के इतिहास के सबसे महान इंसान में से एक के रूप में याद किया जाएगा। बर्ड को 1986 में क्रिकेट में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एमबीई और 2012 में ओबीई से सम्मानित किया गया था।

उन्होंने हमवतन दिवंगत डेविड शेफर्ड (2009 में निधन) के साथ मैदान पर अंपायरिंग की खास जोड़ी बनाई। बर्ड अपने फैसलों की सटीकता और अपनी खास आदतों के कारण दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के बीच काफी लोकप्रिय थे।

# वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड, शानदार 70 रनों की पारी में लगाए 6 छक्के

**ब्रिस्वेन (एजेंसी)।** भारत के 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 मैच में दर्शकों को मैदान पर खींच ला रहे हैं। आईपीएल 2025 के बाद सूर्यवंशी ने 24 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऐसा करते हुए उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट वन-डे में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया।



पिछला रिकॉर्ड भारत के अंडर-19 विश्व कप 2012 विजेता कप्तान उन्मुक्त चंद के नाम था, जिन्होंने 38 छक्के लगाए थे। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन क्रमशः 30 और 22 छक्कों के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। वहीं इस बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी के अब 10 मैचों में 41 छक्के हो गए हैं। वह एकदिवसीय क्रिकेट में लगभग 13 गेंदों पर एक छक्का लगाते हैं।

मैच में सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत के बाद तेज गति पकड़ी। पिछले मैच में 33 रनों की छोटी पारी खेलने के बाद सूर्यवंशी की शुरुआत धीमी रही क्योंकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान आयुष म्हात्रे दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए। सूर्यवंशी ने चौथे ओवर में अपना पहला चौका लगाया। एक समय वह 29 गेंदों पर 10 रन बनाकर खेल रहे थे।

नौवें ओवर में जॉन जेम्स को मैदान पर उतारा गया और सूर्यवंशी ने उन्हें बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर छक्का जड़ा। 12वें ओवर में सूर्यवंशी ने हेडन शिलर की गेंद पर दो छक्के लगाए।

# मप्र-मिनी ब्राजील में 4 पीढ़ियां फुटबॉलर, 5 बच्चे जाएंगे जर्मनी

## शहडोल के प्लेयर्स को विदेशी कोच देंगे ट्रेनिंग; मां बोलीं- हम खुश, बेटा हवाईजहाज में बैठेगा

**भोपाल (एजेंसी)।** म.प्र.शहडोल के विचारपुर गांव के 5 खिलाड़ी जर्मनी में फुटबॉल की ट्रेनिंग लेंगे। इनमें 3 लड़के और 2 लड़कियां शामिल हैं। मध्य प्रदेश के 'मिनी ब्राजील' कहे जाने वाले विचारपुर गांव के 5 खिलाड़ी जर्मनी में फुटबॉल की ट्रेनिंग लेंगे। 2 अक्टूबर को ये सभी भोपाल से दिल्ली के लिए रवाना होंगे और वहां से जर्मनी जाएंगे। इनके साथ महिला कोच भी रहेंगी। जो खिलाड़ी सिलेक्ट हुए हैं, उनमें 3 लड़के और 2 लड़कियां शामिल हैं। दरअसल, शहडोल जिले के आदिवासी बाहुल्य गांव विचारपुर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिनी ब्राजील नाम दिया है। करीब 800 की आबादी वाले इस गांव में 60 नेशनल फुटबॉल प्लेयर्स हैं। पीएम मोदी ने सबसे पहले रेडियो प्रोग्राम मन की बात में विचारपुर का जिक्र किया था। उसके बाद अमेरिकी पॉडकास्ट होस्ट लेक्स फ्रीडमैन से बातचीत के दौरान भी यहां के खिलाड़ियों के बारे में बताया। पीएम के बार-बार विचारपुर का जिक्र करने के बाद जर्मनी के फुटबॉल कोच डायटमार बेयर्सडॉर्फर ने यहां के 5 बच्चों को प्रशिक्षण देने की इच्छा जताई थी।

**ग्राम पंचायत के ग्राउंड पर प्रैक्टिस करते हैं** - विचारपुर गांव में न तो फुटबॉल का कोई स्टेडियम है, न ही कोई फुटबॉल सिखाने वाली एकेडमी। यहां के बच्चे गांव के बुजुर्गों को देखकर ही फुटबॉल खेलना सीखे हैं। सीनियर कोच अनिल सिंह रेलवे में नौकरी करते हैं।

वे कहते हैं कि जब भी समय मिलता है, बच्चों को फ्री ट्रेनिंग देने आता हूं। इसी तरह इस गांव से निकले 10-12 कोच हैं, जो यहां बच्चों को ट्रेनिंग देने आते हैं। मैंने खुद भी



पंचायत के इस ग्राउंड में प्रैक्टिस की है। मेरा 3 साल का बेटा भी यहीं खेलता है। वो चौथी पीढ़ी का खिलाड़ी है। अनिल सिंह बताते हैं कि गांव के मुरलीधर कुण्डे और उनके भाई सुरेश कुण्डे ने 80 के दशक में फुटबॉल खेलना शुरू किया था।

**23 साल पहले नेशनल गेम्स में खेलना शुरू किया** - अनिल सिंह ने कहा- उस समय इस ग्राउंड में शाम के 6 बजे के बाद कोई आना पसंद नहीं करता था। ये शराबियों का अड्डा हुआ करता था। गांव तक पहुंचने के लिए सड़कें-लाइट कुछ नहीं था। कुण्डे भाइयों ने युवाओं को फुटबॉल से जोड़ा। सुरेश कुण्डे से लेकर हमारी पीढ़ी तक के खिलाड़ी स्टेट और नेशनल गेम्स के बारे में नहीं जानते थे। हम लोग स्थानीय स्तर पर टूर्नामेंट आयोजित करते थे। एक बार विचारपुर की टीम का मैच दूसरी तहसील में हुआ। वहां के पीटी टीचर रईस अहमद ने देखा कि टीम में सीनियर खिलाड़ियों के साथ छोटे बच्चे भी खेल रहे हैं। उन्होंने बच्चों पर ध्यान दिया। उन्हें ट्रेनिंग दी। इसके बाद उन्होंने बच्चों को स्कूलों से जोड़कर स्टेट और नेशनल गेम्स खिलाए। हमारे गांव के खिलाड़ियों ने पहली बार साल 2002 में पहला नेशनल गेम खेला था। आज हालात ये हैं कि बच्चों के अंदर फुटबॉल को लेकर जुनून है।

**मां बोली- खुश हैं कि बेटा विदेश जाएगा** - वीरेंद्र का घर विचारपुर के खेल मैदान से करीब 300 मीटर दूर जंगल में है। मीडिया से मां सुनीता बाई ने कहा- गांव के लड़के फुटबॉल खेलते थे, तो मेरा बेटा भी उनके साथ जाकर खेलने लगा। हम भी उसे भेज देते थे।

# युवराज सिंह से ईडी ने 7 घंटे पूछताछ की

## सट्टेबाजी एप प्रमोशन केस में पूछे सवाल; बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद को भी समन




**जालंधर (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह मंगलवार दोपहर 12.15 बजे दिल्ली के ईडी ऑफिस पहुंचे। यहां अधिकारियों ने शाम साढ़े 7 बजे तक उनसे ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में पूछताछ की। कुछ दिन पहले युवराज सिंह को जांच एजेंसी ने दिल्ली स्थित दफ्तर में पेश होने के लिए समन भेजा था। युवराज सिंह के अलावा एक्ट्रेस अन्वेशी जैन से भी पूछताछ की गई। युवराज सिंह से पहले ईडी शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, सुरेश रैना और हरभजन सिंह से पहले ही पूछताछ कर चुकी है। बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद को भी 24 सितंबर को पेश होने का समन भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप के बयान भारत की साख पर सवाल, सरकार की चुप्पी निंदनीय : उदित राज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संबोधन ने भारत में राजनीतिक हलचल तेज है। ट्रंप ने अपने संबोधन में दावा किया कि उन्होंने दुनिया की सात जंगों को रुकवाया। उदित राज ने डोनाल्ड ट्रंप के बयान को भारत की अंतरराष्ट्रीय साख के लिए अपमानजनक करार दिया। उन्होंने कहा, डोनाल्ड ट्रंप ने यूएनजीए में भारत पर रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदारी डालने की कोशिश की है। यह भारत के लिए बेहद शर्मनाक है। सरकार को इसका पुरजोर विरोध करना चाहिए। यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली



के अंदर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो कहा है उससे भारत की साख और ज्यादा गिरी है। उन्होंने ट्रंप के उस दावे पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाया। उदित राज ने इसे भारत की छवि को कमजोर करने वाला बयान बताया और कहा, ट्रंप ने 40 बार यह दावा किया है, और अब फिर से दोहराया। इससे भारत दुनिया की नजरों में कमजोर दिखता है। उदित राज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की चुप्पी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने भारत को 24 घंटे का समय दिया था, लेकिन भारत सरकार ने पांच घंटे में ही 'सरेंडर' कर दिया। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर की हालिया अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि ऐसी बैठकों का क्या फायदा, जब ट्रंप अगले ही दिन भारत के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करते हैं।

### पाकिस्तानी बॉर्डर तक जाएगी वंदे भारत ट्रेन

**रेल मंत्री ने किया दिल्ली टू पंजाब के नए रूट का ऐलान**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को पंजाब के लिए नई वंदे भारत ट्रेन की घोषणा की है। रेल मंत्री ने बताया है कि नई वंदे भारत ट्रेन पंजाब में पाकिस्तानी सीमा से सटे डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर फिरोजपुर को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से जोड़ेगी। उन्होंने कहा है कि इस ट्रेन का संचालन जल्द ही शुरू किया जाएगा।

**वंदे भारत ट्रेन का क्या होगा रूट?**- हालांकि पंजाब के लिए घोषित इस वंदे भारत ट्रेन के लॉन्च की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन जानकारी के मुताबिक इस प्रस्ताव को अंतरिम से मंजूरी दे दी गई है। अब इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। यह ट्रेन बुधवार को छोड़कर हर दिन सुबह 7 :55 बजे फिरोजपुर



छावनी स्टेशन (फिरोजपुर कैंट) से शुरू होगी और दोपहर 2 :35 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वहीं इसका स्टॉपेज फरीदकोट, बठिंडा, धुरी, पटियाला, अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र और पानीपत में होगा।

**लगभग साढ़े छह घंटे का सफर**

दिल्ली टू पंजाब के लिए चलने वाली इस ट्रेन को 486 किलोमीटर की यात्रा पूरी करने में 6 घंटे 40 मिनट लगेंगे। दिल्ली से यह ट्रेन राष्ट्रीय राजधानी से शाम 4 बजे शुरू होगी और पूरी यात्रा में उन्हीं स्टॉप पर रुकेगी और रात 10 :35 बजे फिरोजपुर पहुंचेगी।

## दिल्ली में हफ्तेभर सूरज निकालेगा पसीना

# बारिश ने तो कह दिया अलविदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों धूप और गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। पिछले हफ्तेभर से राजधानी में बारिश लगभग थम गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में अगले एक सप्ताह तक बारिश के आसार नहीं हैं। इस दौरान धूप खिली रहेगी और आसमान साफ रहेगा। हालांकि 27 सितंबर से दक्षिणी पश्चिमी और उत्तर पूर्वी हवाएं चल सकती हैं, जिससे तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है।

मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, आज राजधानी में धूप ने अपना जलवा बिखेर रखा है। आसमान एकदम साफ, बादल नाम की चीज तो सपने में भी नहीं। कल सफदरजंग वेधशाला पर अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.4 डिग्री ज्यादा था। वहीं न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से महज 0.1 डिग्री नीचे था।

- **अगले हफ्ते बारिश के आसार नहीं**- आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले एक हफ्ते तक बारिश का नामोनिशान नहीं। 26 सितंबर तक आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी और तापमान 32-36 डिग्री के बीच घूमता नजर आएगा। लेकिन 27 सितंबर से दक्षिण-पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी हवाओं का आगमन होगा, जो पारे को नीचे धकेल देंगी। आईएमडी की 23 सितंबर की रिपोर्ट के अनुसार, तापमान में गिरावट के साथ हल्की ठंडक का एहसास होगा। दिल्ली-हृष्टक्रमें न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास लुढ़क सकता है, जबकि अधिकतम 32 डिग्री तक सिमटेगा।
- **मॉनसून का अलविदा**- मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून की विदाई का सिलसिला तेज हो गया है। दिल्ली समेत हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों से यह धीरे-धीरे पीछे हट रहा है। अगले 24 घंटों में और अधिक क्षेत्रों से विदाई संभव है। पूरे देश के संदर्भ में, 1 जून से 17 सितंबर तक का मौसमी वर्षा डेटा +8 प्रतिशत ऊपर रहा—यानी सामान्य से ज्यादा बारिश हुई।

## तिहाड़ जेल से नहीं हटेंगी आतंकी मकबूल भट्ट और अफजल गुरू की कब्रें

**दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका खारिज**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की तिहाड़ जेल से आंतकवादी मकबूल भट्ट और अफजल गुरू की कब्र हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट ने दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कब्रों को हटाने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। दोनों ही आतंकवादियों को तिहाड़ जेल में ही फांसी दी गई थी। फांसी दिए जाने के बाद दोनों की कब्रें तिहाड़ जेल में ही बनाई गई थी। तब से दोनों की कब्रें तिहाड़ जेल में ही हैं। इस मामले पर टिप्पणी करते हुए मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि किसी जनहित याचिका में राहत पाने के लिए आपको संवैधानिक अधिकारों, मौलिक अधिकारों या किसी वैधानिक अधिकार का उल्लंघन होते हुए दिखाना होगा। कोर्ट ने कहा कि जेल परिसर के अंदर दाह संस्कार या दफनाने से किसी कानून या नियम में रोक नहीं है। बता दें कि मकबूल भट्ट और अफजल गुरू की कब्र को हटाने के लिए एक जनहित याचिका दायर की गई थी।

# दिल्ली मेट्रो में रील बनाने वालों की खैर नहीं! लगेगा मोटा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो, जो कभी अपनी साफ-सुथरी और तेज रफ्तार के लिए जानी जाती थी, अब सोशल मीडिया स्टार्स का फेवरेट स्पॉट बन चुकी है। लेकिन अब ये सिलसिला रुकने वाला है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने ट्रेनों में ऐलान शुरू कर दिया है कि रील्स शूट करना, डांस करना या कोई भी सोशल मीडिया कंटेंट बनाना सख्त मना है। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

**कानून का डंडा, जुर्माना भी लग सकता है**- यह सिर्फ एक चेतावनी नहीं है, बल्कि इसके पीछे कानून का डंडा भी है। हालांकि, मेट्रो रेलवे अधिनियम 2002 में रील बनाने का कोई सीधा जिक्र नहीं है, लेकिन डीएमआरसी के अधिकारियों का कहना है कि मेट्रो परिसर में असुविधा पैदा करने वाले प्रावधानों के तहत ऐसे लोगों पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

**मेट्रो में सुनाई देगा अलर्ट**

14 सितंबर से शुरू हुई ये मुहिम इस हफ्ते के अंत तक दिल्ली मेट्रो के हर कोने तक पहुंच जाएगी। हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होने वाली ये घोषणाएं सीधे-सीधे कहती हैं, रील्स बनाना, डांस वीडियो बनाना या ऐसी कोई गतिविधि सख्ती से प्रतिबंधित है। ये पुरानी चेतावनियों का हिस्सा बनींगी, जो फर्श पर बैठने या कोच में खाना खाने से मना करती हैं।

**हेल्थकेयर होराइजन 2.0**

# कैंसर से 70 मौतें देरी से पहचान के कारण, विशेषज्ञों ने बताई बड़ी वजहें




**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकसित भारत 2047 के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को ध्यान में रखते हुए मेडवेज हेल्थ फाउंडेशन ने दिल्ली में हेल्थकेयर होराइजन 2.0 सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में देश भर के डॉक्टर, पॉलिसी मेकर्स और हेल्थ एक्सपर्ट्स शामिल हुए। सभी विशेषज्ञों ने प्रिवेंटिव केयर, महिलाओं को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित करने और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

**एचपीवी वैक्सीन और शुरुआती जांच**- सम्मेलन के पहले सेशन में डॉक्टरों ने एचपीवी -वैक्सीन और शुरुआती जांच को महत्वपूर्ण बताया। यथार्थ सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. सुदर्शन डे ने कहा, सर्वाइकल कैंसर को वैक्सीन की मदद से रोका जा सकता है। वहीं, मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स के मेडिकल ऑन्कोलॉजी के हेड डॉ. अनिल कुमार धर ने ष्ट्रक्रञ्ज-ष्टद्गद्यद्य थेरेपी में भारत की प्रगति पर बात की। वीएमएमसी और सफदरजंग हॉस्पिटल में कैंसर सर्जरी के प्रोफेसर और हेड डॉ. राकेश कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि सही लाइफस्टाइल और रोकथाम से कैंसर को हराया जा सकता है।

## ट्रंप से बात के बाद बोलीं उर्सुला- चरणबद्ध तरीके से टैरिफ हटेगा, सदस्यों को मानना ही होगा

**न्यूयार्क, एजेंसी।** 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ भी बातचीत की। इस वार्ता के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी उस बात को फिर दोहराया कि संयुक्त राष्ट्र कभी अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं कर सका। उन्होंने कहा, मैंने सात युद्ध रोके और संयुक्त राष्ट्र ने मेरी कोई मदद नहीं की। मुझे कभी फोन तक नहीं किया गया... किसी दिन यूएन वही करेगा जो मैं कर रहा हूं।



**संयुक्त राष्ट्र ने हमारी मदद नहीं की:** उन्होंने कहा, अगर संयुक्त राष्ट्र वाकई अपना काम कर रहा है, तो हमें कोई युद्ध नहीं करना चाहिए... आपके पास एक बेहतरीन अवधारणा हो सकती है, लेकिन अगर आपके पास सही लोग नहीं हैं तो निर्णय नहीं होते। हमने इन सभी युद्धों को (समाधान किया) है। संयुक्त राष्ट्र ने हमारी मदद नहीं की... उन्होंने कुछ नहीं किया, जबकि इन समस्याओं का समाधान उन्हें (यूएन) को करना चाहिए।

**चरणबद्ध तरीके से टैरिफ हटाने का फैसला, ईयू सदस्यों को प्रतिबंधों पर सहमत होना होगा**

रूस पर सख्त कार्रवाई और टैरिफ के मुद्दे पर यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप बिल्कुल ठीक कह रहे हैं... हमने रूस से गैस की आपूर्ति में पहले ही भारी कटौती कर दी है... हम यूरोपीय संघ को आने वाली तेल आपूर्ति पर टैरिफ लगाना चाहते हैं... हम इससे पहले ही बाहर निकलना चाहते हैं। साल के अंत तक, हमने चरणबद्ध तरीके से टैरिफ हटाने का फैसला कर लिया है। अब हमारे पास प्रतिबंधों का प्रस्ताव है। सदस्य देशों को इस पर सहमत होना होगा।

## इटली की पीएम मेलोनी बोलीं- जंग खत्म कराने में भारत अहम भूमिका निभा सकता है



**रोम, एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि भारत दुनिया में चल रहे संघर्षों को सुलझाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शांति प्रयासों की सराहना की। मेलोनी ने बताया कि उन्होंने हाल ही में मोदी से वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत की, जिसमें यूक्रेन युद्ध और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने निवेश, रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग को बढ़ाने पर जोर दिया।

इटली की पीएम ने फिलिस्तीन मुद्दे पर भी रुख साफ किया और कहा कि उनका देश केवल तभी फिलिस्तीन को मान्यता देगा जब हमास सरकार में शामिल न हो और सभी इजराइली बंधक रिहा किए जाएं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दबाव हमास पर होना चाहिए, न कि इजराइल पर।

## जर्मनी ने भारतीय कामगारों को आने का न्योता दिया

**बर्लिन, एजेंसी।** भारत में जर्मन राजदूत फिलिप एकरमैन ने सोशल मीडिया और एक वीडियो मैसेज के जरिए कहा कि जर्मनी भारतीय प्रतिभाओं के लिए बेहतर और स्थिर विकल्प है। एकरमैन ने बताया कि जर्मनी की इमिग्रेशन पॉलिसी अचानक नहीं बदलती, बल्कि यह भरोसेमंद है। उन्होंने इसकी तुलना जर्मन कार से की, जो भरोसमंद, एडवांस होती हैं। एकरमैन ने कहा कि हम कड़ी मेहनत में यकीन करते हैं और अपनी बेस्ट जॉब, बेस्ट लोगों को देना चाहते हैं। एकरमैन ने यह भी कहा कि भारतीय जर्मनी में सबसे ज्यादा कमाई करने वालों में गिने जाते हैं। उन्होंने बताया कि जहां एक औसत जर्मन कामगार 3,945 यूरो (4.13 लाख रुपए) महीना कमाता है, वहीं भारतीय मूल के पेशेवर औसतन 5,359 यूरो (5.60 लाख रुपए) कमाते हैं। राजदूत ने कहा कि इसका मतलब है भारतीय न सिर्फ मेहनती हैं बल्कि जर्मन समाज और अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान भी देते हैं।



**जर्मनी को करीब 3 लाख प्रवासियों की जरूरत**

जर्मनी को यह पहल इसलिए भी करनी पड़ रही है क्योंकि वहां की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए 2040 तक हर साल लगभग 2.88 लाख प्रवासियों की जरूरत होगी। इस कमी को पूरा करने के लिए जर्मनी ने 2024 से पेशेवर वीजा की संख्या 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाने और भारतीयों के लिए खास मौके दिए जाने की घोषणा की है। पिछले साल जर्मन सरकार ने 2025 में 2 लाख पेशेवर वीजा जारी करने का वादा किया था, जिनमें से 90,000 भारतीयों के लिए तय किए गए। यह संख्या पहले की सीमा 20,000 से कई गुना ज्यादा है। इस समय तकरीबन 1.3 लाख भारतीय पेशेवर जर्मनी में रहकर काम कर रहे हैं और उनकी औसत कमाई स्थानीय कामगारों से कहीं अधिक है।

# तुर्किये के राष्ट्रपति ने यूएन में फिर कश्मीर मुद्दा उठाया

**कहा- भारत-पाकिस्तान सुरक्षा परिषद की मदद लें, 2019 से 6 बार जिक्र कर चुके**

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे को हल करने की वकालत की। एर्दोगन ने कहा, हमें खुशी है कि अप्रैल में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद सीजफायर हुआ। कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए। भारत पहले भी ऐसी टिप्पणियों को खारिज कर चुका है। भारत का कहना है कि, जम्मू-कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है। एर्दोगन 2019 से हर साल (2024 छोड़कर) यूएन में कश्मीर का जिक्र करते रहे हैं, जिसमें वे पाकिस्तान के तरफ अपना समर्थन दिखाते हैं।

तुर्किये ने भारत-पाक संघर्ष के दौरान पाकिस्तान का साथ दिया। एर्दोगन ने भारत-पाक संघर्ष के बाद 17 मई,2025 को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की थी। उन्होंने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। एर्दोगन ने कहा था कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। उन्होंने भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। एर्दोगान ने कहा था ने कि अगर दोनों देश तैयार हो तो वो कश्मीर मामले में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं, हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते। वही, इस्तांबुल में 24 मई,2025 को शहबाज शरीफ और एर्दोगन से मुलाकात की थी। इस दौरान एर्दोगन ने पाकिस्तान को खुफिया जानकारी, टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट, एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग देने का बाद कही थी।



**भारत बोला था- जम्मू-कश्मीर हमारा अभिन्न अंग:** एर्दोगन की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। किसी दूसरे देश को इस पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, किसी देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने के बजाय, यह अच्छा होता कि सीमा पार आतंकवाद को रोकने पर बात करते, जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनी हुई है।

## आईआईसी ने भारत से कश्मीरी कैदियों को छोड़ने को कहा

इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के जम्मू-कश्मीर संपर्क समूह की बैठक 23 सितंबर को महासभा के दौरान हुई। बैठक में अजरबैजान, पाकिस्तान, तुर्किये, सऊदी अरब और नाइजर के विदेश मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। ओआईसी महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा ने इसकी अध्यक्षता की। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के विशेष सहायक सैयद तारिक फातमी ने भारतीय हिस्से वाले जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर जानकारी दी। समूह ने भारत-पाक के बीच सीजफायर को अच्छा कदम बताया। साथ ही, जोर दिया कि कश्मीर मुद्दे का हल करने से ही स्थायी शांति संभव है। इसके अलावा प्रमुख कश्मीरी नेता शब्बीर अहमद शाह को लगातार हिरासत में रखने और जमानत न देने पर चिंता जताई। समूह ने ओआईसी के मानवाधिकार आयोग से आजाद जम्मू-कश्मीर और कंट्रोल लाइन पर जांच करवाने की मांग की ताकि वहां की स्थिति की सटीक जानकारी मिल सके। वहीं, समूह ने भारत से आईओजेके में लोगों की स्थिति में सुधार करने, सभी कश्मीरी राजनीतिक कैदियों को रिहा करने, गैरकानूनी कश्मीरी राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध हटाने, सभी कठोर कानूनों को हटाने और जम्मू-कश्मीर पर यूएन सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने की मांग की।

**गाजा में इजराइली हमलों की निंदा की :** कश्मीर के अलावा एर्दोगन ने अपने भाषण में इजराइल के गाजा में हमले की निंदा की। उन्होंने इसे जीवन का खात्मा करने वाला बताया। एर्दोगन ने कहा, हम यहां बैठकर बात कर रहे हैं, वहां, गाजा में एक नरसंहार जारी है। गाजा में 23 महीनों से हर घंटे एक बच्चे की मौत हो रही है। ये सिर्फ आंकड़े नहीं, मासूम जिंदगियां हैं। एर्दोगन ने दुनिया से फिलिस्तीन के समर्थन में खड़े होने और इंसानियत के नाम पर उसे मान्यता देने की मांग की।

# कम बोनस के विरोध में एनजेसीएस नेता व सेल प्रबंधन का किया पुतला दहन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज जय झारखंड मजदूर समाज का महामंत्री बिके चौधरी के नेतृत्व मे गांधी चौक सेक्टर-4 में सेल प्रबंधन एवं एनजेसीएस नेताओ का पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन 20 सितंबर को दिल्ली मे हुए एनजेसीएस की बैठक में इस्पात कमीयों के बोनस पर नेताओं द्वारा फिर ठगने और ठेका कर्मीयों के लिए मांग नही किये जाने के विरोध मे किया गया। इस दौरान सैकड़ो इस्पात कर्मीयों एवं ठेका कर्मीयों ने भाग लिया और सेल प्रबंधन तथा एनजेसीएस एस गठजोड के प्रति आक्रमक रूप से आक्रोश प्रदर्शित किया। महामंत्री बिके चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी नीति के कारण प्रबंधन द्वारा मजदूरों का शोषण करना तो समझ में आता है लेकिन मजदूरों का स्वयंम्भू एनजेसीएस में जाने बाला यूनियन नेताओं द्वारा इस वर्ष भी नाटकीय ढंग से कम से कम बोनस का 40000 रूपया का मांग करने बाला इस्पात कर्मियों के लिए 29500 रुपए पर मौन स्वीकृति देकर फिर अपना मजदूर विरोधी मानसिकता को दशार्ने का कुकृत्य किया है। एनजेसीएस की बैठक मे उपस्थित नेताओं द्वारा एक दूसरे पर सेल प्रबंधन का दलाली करने का आरोप लगा रहा है। महामंत्री कहा कि मजदूरों का वाजिब हक अधिकार जबतक नही मिलेगा तबतक प्रबंधन द्वारा मनोनीत नेता एनजेसीएस में मजदूरों का भाग्य विधाता बनकर जाता रहेगा तबतक मजदूरों को उनका हक अधिकार दिलाने के बदले अपना भरण-पोषण करता रहेगा। इसलिए सही हक अधिकार के लिए बोकारो में यूनियन का गुप्त मतदान द्वारा चुनाव हीं एकमात्र विकल्प है जिसके लिए चरणबद्ध आन्दोलन की जरूरत है जिसके लिये जय झारखंड मजदूर समाज कार्यक्रम तय करेगा। कार्यक्रम में झामुमो नेता हसन इमाम, शंकर कुमार, एन के सिंह,आर बी चौधरी,आई अहमद आर के मिश्रा, बादल कोइरी, दिलीप कुमार, धर्मेन्द्र प्रसाद, बालेश्वर राय, अभिमन्यु मांझी, बी एन तिवारी, सुरेश प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद,उत्तम कुमार, आरपीदास, धीरन प्रसाद, अनिल कुमार, एस के सिंह, रोशन कुमार, तुलसी साहू, दिवाकर कुमार, आशिक अंसारी, बालेश्वर राय ,कार्तिक सिंह, विजय कुमार साह,आर आर सोरेन ओपी चौहान, एडब्लूए अंसारी, राजेश सिंह, सुभाष बाउरी, कमाल, उद्दीन , विजय साहू, जितेन्द्र कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार संजय कुमार, नासिर अहमद खान, विक्की कुमार, विनोद गोप, बराल, राम नाथ रजक अरविंद कुमार इत्यादि उपस्थित थे ।




## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मंत्री ने किया आउटलेट शोरूम का उद्घाटन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिरसा मुंडा के समीप नावाडीह में फैक्ट्री आउटलेट शोरूम का का उद्घाटन बुधवार को मुख्य अतिथि फॉर्मर मिनिस्टर आफ लेबर एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग एंड स्किल डेवलपमेंट ऑफ झारखंड और राज्य के राजद महासचिव सत्यानंद भोगता ने फीता काटकर किया। जहां उन्हें पुष्प गुच्छ देकर एवं शाल ओढाकर स्वागत सम्मानित किया। उन्होंने संपूर्ण शोरूम का भ्रमण कर सभी प्रोडक्ट्स का निरीक्षण किया और सभी प्रोडक्ट्स की कीमतों और क्वालिटी की तारीफ करते हुए कहा कि विभिन्न वैरायटी, हर रेंज और वाजिब कीमतों की वजह से धनबाद का यह सर्वश्रेष्ठ शोरूम है। जीएसटी पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले तो महंगाई बढ़ाई और अब बिहार चुनाव को देखते हुए जीएसटी में कटौती करके वाह वाही लूटना चाहती है। जनता सब जानती है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले यूपीए सरकार में डीजल 52 रुपए पेट्रोल 58 और एलपीजी गैस की कीमत 400 रुपए थी। इस भाजपा के 11 वर्षों के शासन में डीजल,पेट्रोल, गैस लकड़ी सहित अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ गए। महंगाई चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा बिहार चुनाव में तेजस्वी यादव की लहर है और भाजपा ने 20 वर्षों में जो कुकर्म किया वह जहर है। इस दौरान उन्होंने झारखण्ड के हेमंत सरकार के कार्यों की सराहना की एवं मंईया सम्मान योजना की भी खूब प्रशंसा की। इस दौरान समाजसेवी राकेश कुमार, ऋषिकांत कुमार, सूरज कुमार शुभम सिंह, मुन्ना मौजूद रहे।

### मेडिकल कैंप में 125 महिलाओं को मिला लाभ

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केशवी केयर फाउंडेशन के द्वारा अशरफी अस्पताल की मदद से जगन्नाथ मंदिर अलकडीहा में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का लाभ आसपास के गांव की 125 से ज्यादा महिलाओं ने लिया। इस कैंप में ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन एवं अन्य जांच की व्यवस्था अशरफी के डॉक्टरों के द्वारा की गई और सभी महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छ जीवन के बारे में बताया गया। फाउंडेशन के अंकित अरुण एवं संदीप शास्त्री ने बताया कि हम निरंतर शिक्षा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर काम कर रहे है और आने वाले समय में बच्चों एवं गांव के लोगों को जागरूक करने के लिए आगे भी कार्यक्रम का आयोजन करते रहेंगे। कोलियरी क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है। केशवी केयर फाउंडेशन साप्ताहिक स्टेशनरी डिस्ट्रीब्यूशन, कलर्स प्रतियोगिता का आयोजन करते रहता है और हर प्रयास कर रहा है कि हर बच्चे के हाथ में कलम हो और समाज में प्रगति का संगम हो।

### युवा संघर्ष मोर्चा ने मनाई स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की जयंती

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड पितामह स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर धनबाद सहित आसपास में समारोह मनाया गया। धनबाद स्टेशन रोड पर स्थित बिनोद बिहारी महतो चौक पर मंगलवार को युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष सह समाजसेवी दिलीप सिंह ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।मौके पर दिलीप सिंह ने कहा कि 23 सितंबर 1923 को बलियापुर के बड़ादहा गांव में एक साधारण किसान परिवार में जन्में बिनोद बिहारी महतो ने झारखंड में शिक्षा का अलख जगाया। बलियापुर, राजगंज, चंदनकियारी, चास सहित अन्य जगहों के लोगों को जागरूक कर दर्जनों स्कूल कॉलेज खोले। समाज में व्याप्त शराबखोरी, बहुपत्नियाम, अंधविश्वास के खिलाफ समाजसुधार आंदोलन चलाया। झारखंड सरकार ने उनके नाम पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी बनाया यह हमारे लिए गौरव की बात है। धनबाद लॉ कॉलेज की स्थापना इन्हीं की देन है। 15 नवंबर 2000 को झारखंड के लोगों को अलग राज्य की प्राप्ति हुई। स्वर्गीय बिनोद बिनोद बाबू के विचारों को आत्मसात कर हमें समाज हित में देश हित में कार्य करना चाहिए। विनोद बाबू का नारा था पढ़ो और लड़ो। शिक्षित होकर ही शोषित समाज का निर्माण किया जा सकता है।मौके पर सोनू गिरि, विकाश, संटू यादव,विनय यादव, वसीम कुरैशी, रंजन महतो, कुंदन आदि मौजूद थे।

### महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बैंकर्स की एक्सपोजर विजिट

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में महिला उद्यमिता को नई दिशा देने के लिए प्रशासन और बैंक मिलकर कदम बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को नावाडीह प्रखंड में इंडिविजुअल विमेन इंटरप्राइज (मुद्रा) पर एक विशेष एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। उप विकास आयुक्त महोदया के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के चार प्रखण्डोंझ बेरमो, गोमिया, नावाडीह और चंद्रपुरा के बैंक शाखा प्रबंधकों ने हिस्सा लिया। बैंकर्स की तीन टीमें बनाई गईं, जिन्होंने बारीडीह, चिरूडीह और सहरिया पंचायतों का दौरा किया। भ्रमण के दौरान बैंक अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की दीदियों और महिला उद्यमियों से आमने-सामने बातचीत की। इस दौरान महिलाओं ने अपने लघु उद्योग, आजीविका गतिविधियां और सामुदायिक उद्यमों की जानकारी साझा की। बैंक प्रबंधकों ने कहा कि महिलाओं को समय पर और आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराना बैंकों की प्राथमिकता है।

# बीएसएल के सिंटर प्लांट में टूल बॉक्स टॉक एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट विभाग में टूल बॉक्स टॉक एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम सिंटर प्लांट-1 में कुल 04 ईएसपी (एरढ) की स्थापना से संबंधित परियोजना कार्य के अंतर्गत मेसर्स बीएचईएल द्वारा आयोजित किया गया. कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) श्री अनिष सेनगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) श्री पी.एच.शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) श्री पी. चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षाएवं अग्निशमन सेवाएं) श्री बी.के. सरतापे, महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) श्री आई. मुखर्जी, महाप्रबंधक (परियोजनाएं) श्री दिलीप कुमार सहित सिंटर जोन परियोजना से जुड़े बीएसएल अधिकारी, मेसर्स बीएचईएल के वरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे.



कार्यक्रम की शुरूआत सुरक्षा प्रतिज्ञा के साथ की गयी. इस अवसर पर श्रमिकों को स्टील प्लांट एवं विशेष रूप से परियोजना कार्य से संबंधित संभावित सुरक्षा खतरों की जानकारी दी गई. सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में सुरक्षा क्विज का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेताओं को सम्मानित कर उपहार प्रदान किए गए. यह कार्यक्रम सुरक्षा के प्रति जागरूकता को और सुदृढ़ करने तथा परियोजना कार्य के दौरान शून्य-दुर्घटना लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक सार्थक पहल है.

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर मनाया गया विजयादशमी उत्सव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) 2025 में अपनी स्थापना के 100 साल पूरे होने पर शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस उत्सव के तीसरे दिन बोकारो महानगर के सुभाष नगर (चास) के साहू मार्केट बस्ती विवेकानंद नगर के रानी पोखर बस्ती, वीर सावरकर नगर के मेन रोड बस्ती एवं सिद्धू-कान्हू नगर के गोलबेंदी एवं खमारबेंदी में विजयादशमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुभाष नगर (चास) के 'साहू मार्केट' बस्ती में आज प्रातः 07.00 बजे से 8.30 बजे तक निर्धारित उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें सर्वप्रथम विभिन्न प्रकार के शस्त्र का पूजन महानगर संघचालक रंजीत वर्णवाल, बौद्धिक कर्ता डॉ नरेन्द्र कुमार राय द्वारा किया गया। इसके साथ उपस्थित पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। सुभाषित, अमृत वचन एवं एकल गीत के पश्चात डॉ नरेन्द्र कुमार राय द्वारा बौद्धिक हुआ। उत्सव के उपरांत प्रातः 8.30 से 10.00 बजे तक सभी उपस्थित पूर्ण गणवेश स्वयंसेवकों पथ संचलन जो साहू मार्केट शाखा से वमनिया गली, सदर बाजार, चेक पोस्ट, बाईपास होते हुए पुनः शाखा पर समापन हुआ। पथ संचलन के दौरान राष्ट्र सेविका समिति एवं नागरिक बन्धु द्वारा पथ संचलन में चल रहे स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर संघचालक मा मधुकर, नगर कार्यवाह अशोक विद्यार्थी, प्रार्थना वाचक दीपक जालान, बस्ती प्रमुख गणेश, संजीत, व्यवस्था प्रमुख विकास कुमार, गौरीशंकर, अवधेश, मिंटू, रवि प्रकाश, सुरेन्द्र आदि अनेक स्वयंसेवक मौजूद थे। विवेकानंद नगर (सेक्टर 8, 9 एवं 11) के 'रानी पोखर' बस्ती में निर्धारित कार्यक्रम शिव मंदिर के समीप श्री विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम अति हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बस्ती प्रमुख बलराम महतो, नगर कार्यवाह मधुसूदन गोपालन, नगर बौद्धिक प्रमुख उपेंद्र विद्यार्थी, नगर संपर्क प्रमुख अशोक कुमार, महानगर धर्म जागरण प्रमुख अरुण केसरी के साथ रानी पोखर बस्ती के कई अन्य सज्जन वृंद उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक- पीयूष, प्रार्थनावाचक अश्वनी आनंद, सुभाषित- प्रवीण अमृत वचन- पूर्व, सामूहिक गीत मधुसूदन एवं एकल गीत अशोक कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया।अवधेश चौधरी के द्वारा बौद्धिक आशीर्वचन दिया गया। बौद्धिकताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संघ के 100 वर्षों तक राष्ट्र साधना किए गए कार्यों का वर्णन किया तथा संघ के स्वयंसेवकों के लिए 'राष्ट्र प्रथम' है इस विषय संबंध में विस्तार से क्रमानुसार प्रकाश डाला। संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के विषय में बताते हुए कहा कि समाज से प्रत्यक्ष जुड़ाव को विशेष महत्व दिया गया है। आगमी वर्षभर चलने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। संघ द्वारा निर्धारित 'पंच प्रण' पर चर्चा करते हुए 'स्व के भाव', 'कुटुंब प्रबोधन', 'सामाजिक समरसता', 'पर्यावरण' और 'नागरिक कर्तव्य' के बारे में बताया।



# विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया पुनर्वास व विकास प्राधिकार की समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में हुई। बैठक के दौरान बेलगड़िया में बन रहे जेआरडीए कार्यालय के अद्यतन स्थिति, मध्य विद्यालय में चल रहे मरम्मती कार्य की अद्यतन स्थिति, वन टाइम सिवरेज की सफाई की अद्यतन स्थिति, बीएसएनएल द्वारा नेटवर्क सर्वे कार्य की अद्यतन स्थिति, पुलिस टीओपी निर्माण की अद्यतन स्थिति, प्रभावित परिवारों के शिफ्टिंग की अद्यतन स्थिति, ई रिक्शा वितरण की अद्यतन स्थिति समेत बेलगड़िया टाउनशिप में बिजली कनेक्शन, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, पार्क निर्माण, हाई स्कूल के भवन, कॉलोनी की बाउंड्री समेत अन्य विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि भू-धंसान व अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित करना प्राथमिकता है। इसलिए लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) व नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की दस्तावेज जांच व सत्यापन कर शिफ्टिंग प्रक्रिया में तेजी लाई जाएं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि विद्यालय तथा अस्पताल के जमीन की मापी कर चिन्हित करना सुनिश्चित करें। वहीं पीडीएस दुकान हेतु दुकान अलॉट करने के निर्देश दिए। साथ हीं सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाने, आरडबलूए का निर्माण करने, कई महत्वपूर्ण योजनाओं के शिलान्यास तथा उद्घाटन हेतु समय सीमा, टाउनशिप के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं टाउनशिप एरिया में जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, प्रभारी पदाधिकारी जेआरडीए प्रसून कौशिक समेत जेआरडीए के अन्य पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहें।



## स्वास्थ्य व्यवस्था चुस्त रखने पर जोर : प्रमुख शोभा देवी

**मेदिनीनगर (पलामू) नबिटा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में अस्पताल प्रबंधन समिति का बैठक किया गया ।बैठक की अध्यक्षता पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने की ।बैठक में प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने पूरे प्रखंड के स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने पर जोर दिया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधा बढ़ने पर जोर देते हुए कहा कि मरीज को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए समुचित व्यवस्था की जाए. बैठक में डॉक्टर अमित कुमार आजाद ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की विकास के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे. बैठक में समाजसेवी शक्ति गुप्ता डॉक्टर श्रवण मेहता डॉक्टर आनंद महतो डॉ संतोष कुमार डॉक्टर मिथिलेश कुमार डॉक्टर कृष्ण कुमार डॉ रामाश्रय यादव डॉक्टर सोमनाथ चक्रधर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शशिकांत कुमार, धीरज कुमार सिंह प्रखंड डाटा प्रबंधक सरिता कुमारी एमटीएस उदय चौधरी उपस्थित थे

# विद्यापति स्मृति पर्व समारोह की तैयारी जोर-शोर से



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में मिथिला-मैथिली भाषियों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से आगामी 8-9 नवंबर 2025 को आयोजित विद्यापति स्मृति पर्व समारोह की तैयारियां जोर-जोर से की जा रही हैं। परिषद के पदाधिकारियों से लेकर प्रत्येक सदस्य व कलाकारवृंद समारोह को भव्य, आकर्षक तथा ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में जुट गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार देर शाम परिषद की ओर से संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने बताया कि उक्त दोदिनी समारोह में मिथिलांचल की सांस्कृतिक एवं समृद्ध परंपरा की बहुरंगी छटा उतरी रहेगी। पहले दिन 8 नवम्बर जहां स्थानीय एवं बाहर से आमंत्रित कलाकारों के गीत-संगीत का कार्यक्रम होगा, वहीं दूसरे दिन 9 नवम्बर को मैथिली नाटक बड्ड मुश्किल छै का मंचन किया जाएगा। रोशन कुमार झा द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन शम्भु झा कर रहे हैं। इसकी तैयारी में अभी से ही कलाकार पूजन के साथ भिड़ गए। परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक ने बताया कि बड्ड मुश्किल छै नाटक आज के सामाजिक परिवेश को बखूबी दशार्ता है। इसमें पारिवारिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अवमूल्यन के साथ-साथ इसके प्रति जागरूकता का संदेश छिपा है। नाटक के माध्यम से कलाकार समाज में नैतिक मूल्य, पारिवारिक संस्कारों तथा अपनी संस्कृति को बचाए रखने का संदेश देंगे। यह नाटक अपने-आप में आकर्षण का केंद्र होगा। पूजन के दौरान बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में समारोह को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से परिषद के निदेशक मंडल संयोजक, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ रंगकर्मी राजेंद्र कुमार, निदेशक मंडल सदस्य कृष्ण चंद्र झा, परिषद के महासचिव नीरज चौधरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक सहित रंगमंच के विशेषज्ञ बटोही कुमर, श्रवण कुमार झा, सुनील मोहन ठाकुर, शंभू झा, मनोज कुमार झा, अविनाश झा अवि, पम्मी झा, तारिणी ठाकुर, चंचल झा आदि उपस्थित रहे।

**'बड्ड मुश्किल छै' नाटक का मंचन होगा आकर्षण का केंद्र**

# कार मलिक का गला रेतकर घायल करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कार लूट की योजना बनाने के क्रम में कार मलिक की गला रेतकर घायल करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में गिरफ्तार अपराधियों में नावा बाजार थाना क्षेत्र के चनेया गांव निवासी संतोष दुबे का 28 वर्षीय पुत्र अमित कुमार दुबे उर्फ राजकमल, चनेया गांव के ही मंगरु भुईया का 18 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार व राजहरा गांव के राजेंद्र भुईया का 19 वर्षीय पुत्र विकास कुमार शामिल थे। तकनीकी सहयोग व गुप्त सूचना के आधार पर पाटन थाना प्रभारी सह पुलिस अवर निरीक्षक शशि शेखर पांडेय व किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक प्रभात किरण सहित पाटन थाना व किशुनपुर ओपी रिजर्व गार्ड के जवानों द्वारा की गई छापेमारी में अपराधियों सहित गाड़ी के मालिक से लूटे गए वीवो कंपनी का मोबाइल फोन सहित घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। उक्त घटना में शामिल अपराधियों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते हुए पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा की 1 सितंबर की सुबह करीब 6 बजे एक व्यक्ति घायल अवस्था में किशनपुर ओपी पहुंचा था। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया था। घायल व्यक्ति का अर्टिगा कार पाटन थाना क्षेत्र के कोईरियाडीह से बरामद किया गया था। घायल व्यक्ति हैदरनगर थाना के पंसा गांव निवासी विनय कुमार के बयान पर पाटन थाना कांड संख्या 155/ 2025, 1 सितंबर 2025, धारा 140(1)/ 109/ 118(1)/ 18(2)/ 303(2)/ 3(5) बीएनएस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तकनीकी सहयोग व गुप्त सूचना के आधार पर चनेया गांव के अमित कुमार दुबे उर्फ राजकमल के घर पर छापेमारी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने चनेया गांव के ही गोलू कुमार व राजहरा गांव के विकास कुमार के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर घायल व्यक्ति से लूटे गए मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। साथ ही गोलू कुमार व विकास कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अमित का पहले से ही अपराधिक रिकॉर्ड रहा है। 2016 में टाउन थाना क्षेत्र में एक मर्डर केस के मामले में साढ़े तीन साल जेल काट चुका है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 1 सितंबर को कार मालिक विनय कुमार डालटनगंज से गांव लौट रहा था। इसी क्रम में वह पंडवा मोड़ पर अंडा खाने रुका। इसी क्रम में विनय कुमार ने देखा कि तीन युवा शराब के नशे में हैं। विनय कुमार ने उन सब से शराब के बारे में पूछताछ की। तीनों ने बताया कि चलिए बताते हैं कि शराब कहां मिलता है। विनय कुमार ने अंडा खाने के बाद तीनों को कार में बैठा लिया। तीनों ने विनय कुमार को भरपूर शराब पिला दी। तीनों ने विनय कुमार से कहा कि उन सभी को पुणः पंडवा मोड पर छोड़ दें।



# बीएकेएस ने 10 अक्टूबर को बीएसएल मे 30 सूत्री मुद्दे पर बुलाई हड़ताल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल प्रबंधन द्वारा अवैध रुप से बोनस फॉमुर्ला लागु करने तथा बगैर किसी समझौते के कर्मियों के खाते में भेजने से सभी बीएसएल कर्मचारियों के बीच भारी नाराजगी तथा कर्मियों का अपमान को लेकर बीएकेएस ने 10 अक्टूबर 2025 को एक दिवसीय हड़ताल बुलाया है । उक्त हड़ताल में यूनियन ने 30 सूत्री मूद्दो को उठाया है ।



बीएकेएस द्वारा आयोजित हड़ताल के मुद्दो की सूची —

1 . ASPLIS ( बोनस ) फॉमुर्ला को सीधे प्रोडक्शन से जोड़ कर नया फॉमुर्ला बनाना । प्रोडक्शन रिलेटेड पे लागु किया जाय ।

2 .इंसेंटीव फॉमुर्ले को संशोधन कर जनवरी 2017 से लागु करना ।

3 . कर्मचारी से अधिकारी वर्ग में पदोन्नति (ए0) नीति में बदलाव करना। डिप्लोमा और समकक्ष शैक्षणिक योग्यता वाले कर्मियों को 10 वर्ष की सेवा पुर्ण करने के पश्चात खड परीक्षा हेतु पात्र कर दिया जाय साथ ही बीटेक तथा उसके समकक्ष अन्य शैक्षणिक योग्यताधारी कर्मियों को 5 वर्ष सेवा पुर्ण करने पर खड परिक्षा हेतु योग्य किया जाय ।

4 . सुपरवाईजरी कैडर सहित ग्रेड वाईज पदनाम को लागु करना ।

5 .छूट्टियों की संख्या में संशोधन करना । उछ -15 , एछ -30 , फ्ल्ह -7 के अलावा होली, दिवाली, दुगार्पुजा /दशहरा , ईद , मई दिवस के दिन छुट्टी को सवैतनिक अवकाश घोषित करना।

6 . सेल की जमीन पर ट्रस्ट के माध्यम से संचालित सभी निजी विद्यालयों के ट्यूशन तथा अन्य शुल्क को डीपीएस राँची के तर्ज पर लागु करवाना ।

हड़ताल को लेकर यूनियन पदाधिकारियों ने कर्मचारियो , दूसरे यूनियनो के नेताओं से सम्पर्क करना शुरू कर दिया है ।

# दांतों की जांच के लिए रोटरी ने लगाया शिविर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास के तत्वावधान में दिल्ली पब्लिक स्कूल, चास में एक दंत जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 950 बच्चों के दांतों की जांच की गई। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय पर समस्याओं की पहचान करना था। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने बताया कि शिविर में बच्चों को सही तरीके से ब्रश करना, मीठा कम खाना, और दांतों की नियमित सफाई के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा, "ये आदतें बच्चों के संपूर्ण जीवन में काम आएंगी। शिविर के संयोजक डॉ. संजीव कुमार चंदन ने कहा कि दंत जांच शिविर केवल मौजूदा समस्याओं की पहचान नहीं करता, बल्कि लोगों को दंत स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी करता है। यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य सेवा है। स्कूल की प्राचार्य मनीषा तिवारी ने रोटरी क्लब चास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने बताया कि क्लब समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन कर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता है। श्वेता ने बताया कि शिविर में कई बच्चों के दांतों में समस्याएं पाई गईं, जिन्हें डॉक्टरों द्वारा उचित चिकित्सीय सलाह दी गई। इस अवसर पर बोकारो डेंटल एसोसिएशन के डॉ राजेश राय, डॉ मैत्री, डॉ शालू कुमारी, डॉ प्रशांत माथुर, डॉ सुमित कुमार, डॉ जॉन ल्यू, डॉ अमित शर्मा, डॉ विशाखा शर्मा, डॉ लता मंजरी, डॉ आदर्श, डॉ मुस्कान पाहवा ने अपनी सेवाएं प्रदान की और बच्चों को उचित मार्गदर्शन दिया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com